सेंसेक्स 72,085.63 ▲ +440.34
डॉलर 82.988 ▲ +0.028

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 23.0 | 12.0 | 15.0 |
| धनबाद | 25.0 | 12.0 | 18.0 |
| जमशेदपुर | 30.0 | 16.0 | 24.0 |
| पलामू | 25.0 | 11.0 | 17.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



रांची, माघ कृष्ण पक्ष 08, विक्रम संवत 2080 रांची, शनिवार, 03 फरवरी 2024, वर्ष-25, अंक- 04, पृष्ठ-10, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय दशकों बाद देश के बजट में रक्षा ... 6

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

डीके सुरेश के द. भारत के बयान का मुद्दा ...10 देश विदेश

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

**जोहार,**

झारखण्ड अलग राज्य होने के 20 वर्षों बाद, विषम परिस्थितियों में भी हेमन्त बाबू के कुशल नेतृत्व में जो कामकाज और योजनाएं यहां के आदिवासियों-मूलवासियों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने हेतु चलायी गयी हैं, यह गठबंधन सरकार, उस काम को और तेजी से आगे बढ़ाने का काम करेगी।

यहां के सभी वर्गों, जैसे युवा, बच्चे, बुजुर्गों, महिलाएं, किसानों और मजदूरों को हक-अधिकार देने तथा शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि जैसे क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए जनहित में हम काम करेंगे।

झारखण्ड में जल-जंगल-जमीन को लेकर वर्षों से संघर्ष हुआ है। यहां के आदिवासियों-मूलवासियों के अस्तित्व और अस्मिता को संरक्षित करने का काम हमें करना है।

हमारा प्रयास रहेगा कि भगवान बिरसा मुंडा, सिदो- कान्हू और बाबा तिलका मांझी समेत सभी वीर शहीदों के आदर्शों को धरातल पर उतार कर, राज्यवासियों के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव ला सके।

यह बहुत बड़ा दायित्व मुझे मिला है जिसे मैं पूरी लगन से निभाऊंगा।

जय हिन्द !
जय झारखण्ड !



**चम्पाई सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

PR No. 317765 (IPRD) 2023-24
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## एक नजर

### सत्य की जीत हुई और महागठबंधन लोकतंत्र बचाने में हुई सफलः राजद

**रांची।** राजद प्रदेश उपाध्यक्ष अनीता यादव ने कहा कि सत्य की जीत हुई और महागठबंधन लोकतंत्र बचाने में सफल हुई। उन्होंने शुक्रवार को मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन और महागठबंधन को बधाई देते हुए कहा कि भाजपा के सारे षड्यंत्र धरे के धरे रह गए। झारखंड में महागठबंधन की सरकार जब से बनी है। भाजपा जनमत के विरुद्ध जाते हुए यहां की सरकार गिराने के लिए हमेशा प्रयास करती रही है । उन्होंने कहा कि एक आदिवासी मुख्यमंत्री को किस तरह से परेशान किया जा रहा है। यह झारखंड की जनता देख रही है और आने वाले समय में इसका जवाब भी जनता भाजपा से मांगेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं का झूठ सब के सामने आ चुका है। सत्ता की भूखी भाजपा कुछ भी कहने और किसी भी हद तक जाने में गुरेज नहीं करती।

### कराटे चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए शिहान सुनील किस्पोट्टा दिल्ली रवाना



रांची। 3 और 4 फरवरी को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में सिकोकाई ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप का आयोजन किया गया है जिसमें आधिकारिक तौर पर भाग लेने के लिए इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी (इमा) के तकनीकी निदेशक सह सिकोकाई कराटे इंटरनेशनल इंडिया के राज्य प्रतिनिधि शिहान सुनील किस्पोट्टा दिल्ली के लिए रवाना हुए। शिहान सुनील किस्पोट्टा ने बतलाया कि इस प्रतियोगिता में सब जूनियर कैडेट जूनियर एवं सीनियर वर्ग के खिलाड़ी अपने अलग-अलग स्पर्धा में भाग ले रहे हैं। झारखंड कराटे टीम भी दिल्ली पहुंच चुकी है। कल से सभी खिलाड़ी अपने-अपने आयु वर्ग के स्पर्धा में हिस्सा लेंगे।

### पूर्व विधायक देव कुमार धान सहित तीन गये जेल

**रांची।** रांची चान्हो थाना क्षेत्र के सिलगाईं गांव स्थित अमर शहीद वीर बुधु भगत के जन्मस्थली और आदिवासियों के धर्म स्थल पर बन रहे एकलव्य आवासीय विद्यालय की बाउंड्री तोड़ने के मामले में न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत से पूर्व विधायक देव कुमार धान, नारायण उरांव और रजनीश उरांव ने सरेंडर किया। अदालत ने तीनों को जेल भेज दिया। यह मामला वर्ष 2021 का है। 29 सितंबर 2021 में काफी संख्या में लोग जमा होकर निमार्णाधीन एकलव्य आवासीय विद्यालय की बाउंड्री पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया था।

### रिम्स में इलाज के दौरान कैदी की मौत

रांची। रिम्स में इलाज के दौरान शुक्रवार को कैदी रवि स्वर्णकार की मौत हो गई। बताया जाता है कि 22 दिसंबर को रवि को रिम्स में लाया गया था। इलाजरत रवि विचाराधीन बंदी था। रवि स्वर्णकार पर साहिबगंज के राजमहल थाने में मामला दर्ज था।

## प्रतिभा दर्शन महोत्सव के आठवें दिन कई खेलों का हुआ आयोजन

# सफल खिलाड़ी को किया गया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली** खेल गांव लगाम में आयोजित प्रतिभा दर्शन महोत्सव के आठवें दिन कई खेलों का आयोजन किया गया। वहीं सफल प्रतिभागियों को विधायक सुदेश कुमार महतो, बीडीओ रेणु बाला, जयपाल सिंह, सुनील सिंह, गौतम कृष्ण साहू , मुखिया सीमा कुमारी, शर्मिला कुमारी, एवं अन्य अतिथियों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया । शुक्रवार को खेले गए फुटबॉल, क्रिकेट एवं वॉलीबॉल प्रतियोगिता में कई टीमें अगले चक्र में प्रवेश किया। इससे पूर्व आयोजन समिति के सुनील सिंह, जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, प्रमुख जितेन्द्र बड़ाइक, उप प्रमुख आरती देवी, शुशील महतो प्रखंड अध्यक्ष रविन्द्र करमाली आदि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल का शुभारंभ किया। अंडर-19 बालिका वर्ग 100 मीटर दौड़ में प्रथम नीलम कुमारी, द्विती नीरू कुमारी, तृतीय स्थान सरस्वती कुमारी, 200 मीटर दौड़ में प्रथम सरस्वती कुमारी, द्वितीय सोनिया कुमारी, तृतीय लकी मनी कुमारी, 400 मीटर दौड़ में प्रथम सरस्वती कुमारी, द्वितीय सुलेखा कुमारी एवं तृतीय स्थान कतरी कुमारी ने हासिल किया। अंडर-19 पंचायत स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में मुरी पूर्वी बनाम पिस्का के बीच खेला गया जिसमें मुरी पूर्वी ने एक विकेट से मैच जीत लिया। दुसरे मैंच में लोटा पंचायत को 9 रन से हराकर सिल्ली पंचायत ने मैच को जीता। बालिका वर्ग : अंडर-19 फुटबॉल में पिस्का बना मुरी पूर्वी के बीच खेला गया जिसमें पिस्का पांच गोल से विजेता रही। बिसारिया बनाम हाकेदाग के बीच खेला गया । जिसमें बिसारिया विजय रहा। हलमाद बनाम दुवाड़च के बीच खेला गया। जिसमें हलमाद की टीम विजय रहा। बालक वर्ग अंडर-19 फुटबॉल प्रतियोगिता में पिस्का बनाम बंता के बीच खेला गया। जिसमें पिस्का एक गोल से विजय रहा। वहीं हलमाद बनाम लुपुंग के बीच खेला गया। जिसमें हलमाद तीन गोल से विजय रहा। कोचों बनाम पिस्का के बीच खेला गया जिसमें कोचों 4 गोल से विजय रहा। दोवाडु बनाम गोड़ाडीह के बीच खेला गया। जिसमें दोवाडु की टीम ट्राई बेकार में विजय रहा।
मूरी पूर्वी बनाम हाकेदाग के बीच खेला गया।



### एथलेटिक्स में सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित

पिछले 30 तारीख से आयोजित क्षेत्रीय प्रतिभा महोत्सव में सफल प्रतिभागियो का विधानसभा स्तरीय प्रतियोगिता खेल गांव लगाम मैदान में आयोजित की गई है। समिति के सदस्यों द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि अंडर-19 फुटबॉल, क्रिकेट, कबड्डी, 100 मी, 200 मी समेत अन्य खेलों में सफल प्रतिभागी विधानसभा स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे। प्रतिभा दर्शन महोत्सव का 4 फरवरी को समापन होगा।

### सिरमटोली सरना स्थल का पांच मंजिला भवन निर्माण अंतिम चरण में

**रांची।** आदिवासियों के धार्मिक स्थल सिरमटोली सरना स्थल में पांच मंजिला भवन का कार्य अंतिम चरण में है. उम्मीद है कि छह महीने बाद ये पूरा हो जाएगा. फिलहाल फिनिसिंग का कार्य चल रहा है. सरना स्थल का सौंदर्यीकरण आदिवासी संस्कृति से जुड़ा हुआ है. सरना स्थल के जल्द निर्माण पर जोर दिया रहा है. पांच मंजिला भवन के अलावा पूरे परिसर में चहारदीवारी बनाया जाएगा और उसमें आकर्षक गेट भी लगाया जाएगा. परिसर की दीवार पर आदिवासी संस्कृति से जुड़ी चित्रकारी के माध्यम से सरना स्थल का इतिहास भी दिखाया जाएगा. 2022 में सरहुल पर पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सिरमटोली सरनास्थल के सौंदर्यीकरण की बात कही थी. इसके लिए सीएम ने पांच मंजिला भवन बनाने के लिए 4 करोड़ 99 लाख का बजट पास किया था. सरहूल के दिन ही हेमंत सोरेन ने पांच मंजिला भवन की नींव भी रखी थी. जिसे 2024 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है.

## न्यूज बॉक्स

### विदाई समारोह आयोजित



**मांडर।** प्रखण्ड स्थित संत जेवियर स्कूल में शुक्रवार को विदाई समारोह आयोजित की गई। इस अवसर पर विद्यालय एवं इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। मौके पर बोलते हुए प्राध्यापक जॉन शैलेंद्र टोप्पो ने छात्र-छात्राओं को मेहनत करने की सलाह दी। उन्होंने विद्यार्थियों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए एक निश्चित लक्ष्य लेकर अपने मुकाम को हासिल करने की बात कही। आगे उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं के लिए ज्ञान आत्मक विकास के साथ-साथ सर्वांगीण विकास हो उसके लिए मैं हमेशा प्रयासरत रहता हूं। मौके पर शिक्षक जमालुद्दीन अंसारी, मैक्सिमा कुजूर, ज्योति लकड़ा, प्रीति कुजूर वायलिन टोप्पो ज्योत्सना केरकेटा रवि उरांव अमोल खलखो आशुतोष साहू, सुषमा कुजूर, सहित विद्यालय के सभी शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### हाथियों के झुंड के गांव पहुंचने से ग्रामीण दहशत में



**सिल्ली।** प्रखंड के गेड़बीर आसपास के क्षेत्रों में बिते रात हांथियों के क्षुंड पहुंचने से ग्रामीण दहशत में हैं। जानकारी के मुताबिक भांजियों ने गेड़ेबीर निवासी फणिभूषण करमाली, भद्वु करमाली, भूषण करमाली, विक्रम बेदिया के पक्का मकान को क्षतिग्रस्त कर दिया। हाथी करीब 18 की संख्या में हैं। छह बच्चे भी हैं। बीते रात करीब 9 बजे हाथियों का झुंड सरग डीह प्रचांदु पहाड़ के जंगल से स्वर्णरेखा नदी पार करके गांव प्रवेश कर गए। लोग सोने ही जा रहें थे इतने में हाथियों का बच्चा फनी भूषण के घर में घुस के घर में ही बैठ गया। तब घर वाले निकालने लगे नहीं निकल रहा था । इसी बीच बच्चे की खोज में अन्य हांथी घरों को तोड़ कर घुस गए। जहां घर में रखे चावल और धान खा गए। वन विभाग को सूचना रात को ही दे दी गई थी। हाथी भगाओ दल भगाने में जुटे है। हांथी अभी आस पास के जगलों ने शरण लिये गुए हैं। वहीं ग्रामीण भी भयभीत हैं।

### तपकरा गोलीकांड की 23वीं बरसी पर शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि



**खूंटी।** सरकार की नीतियों के कारण आज आदिवासी समाज के समक्ष विस्थापन का बड़ा संकट खड़ा है। लैंड बैंक, भू अर्जन कानून, धर्म विधेयक लाकर आदिवासी समाज को तोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इसके खिलाफ हमारा संघर्ष जारी रहेगा। इसके लिए हमें मिलजुल कर संघर्ष करना होगा। ये बातें तपकरा गोलीकांड की 23वीं बरसी पर विस्थापन विरोधी आंदोलन नेता दयामनी बरला ने शुक्रवार को तपकरा बाजार टांड़ में कही। बारला ने कहा कि आज भी राज्य के आदिवासी संविधान प्रदत्त अधिकारों की मांग के लिए राज्य में संघर्ष करने को मजबूर हैं, क्योंकि कभी भी इन अधिकारों को लागू नहीं किया गया। संविधान से मिले पांचवीं अनुसूची के अधिकार के तहत जल, जंगल, जमीन पर नियंत्रण कर उसे संचालित करने और खुद को विकसित करने के साथ-साथ अपनी भाषा-संस्कृति के विकास का अधिकार दिया गया है, लेकिन, इन सारे प्रावधानों को सरकार ने आज तक लागू नहीं किया है। झामुमो केंद्रीय सदस्य सुदीप गुड़िया ने कहा कि बलिदानियों की कुर्बानियों को इस क्षेत्र के लोग कभी नही भूल पाएंगे। ये जल, जंगल, जमीन बचाने के लिए कुर्बान हुए। इस दौरान उलगुलान संघ संयोजक अलेस्टर बोदरा, मसीह दास गुड़िया, जिला परिषद रनिया अनिल मेनन बिरेन कंडुलना, तोरपा प्रमुख रोहित सुरीन, रनिया प्रमुख नेली डहांगा, सरना समाज की दुर्गावती ओडेया, प्रभाकर तिर्की, रतन तिर्की, सुमित गुड़िया, कुलन पतरस आईंड सहित कई वक्ताओं ने संबोधित किया।

### आदिवासियों के लिए भाजपा व कांग्रेस दोनों राजनीतिक दुश्मन हैः सुबोध पूर्ति

झारखंड आंदोलनकारी सुबोध पूर्ति ने कहा कि वर्तमान में आदिवासी समाज कई चुनौतियां से जूझ रहा है। हमारे बलिदानियों ने हमें अधिकारों की रक्षा के प्रति सजग रहने एवं चुनौतियां से मुकाबला करने के लिए प्रेरणा दी है। आदिवासियों के लिए भाजपा व कांग्रेस दोनों बराबर के राजनीतिक दुश्मन है। झारखंड बनने के बाद झारखंड विरोधी शक्तियां सत्ता पर काबिज हुए इसके कारण झारखंडियों का सपना अधूरा रह गया। सत्ता मे आंदोलकारियों की भागीदारी सुनिश्चित नहीं हुई, जिसके कारण झारखंड राज्य काफी पीछे चला गया। हमें एकजुट होकर राज्य को विकास के रास्ते आगे ले जाने की जरूरत है।

### धूमधाम से मनाया गया विद्यालय का स्थापना दिवस, दसवीं के विद्यार्थियों को दी गई विदाई



खूंटी। बंदगांव स्थित डॉ भीमराव आबेडकर स्कूल में शुक्रवार को धूमधाम से 13वां वार्षिकोत्सव मनाया गया। साथ ही दसवीं के विद्यार्थियों को विदाई दी गई। कार्यक्रम की शुरूआत शयोर सक्सेस कोचिंग सेंटर मुरहू के निदेशक सकलदीप भगत, ग्राम प्रधान बुधवा मुंडा तथा स्कूल के संस्थापक डोगेंद्र पूर्ति ने डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर संयुक्त रूप से की। विगत परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी एवं मेडल देकर निदेशक सकलदीप भगत ने सम्मानित कर उनका उत्साह वर्धन किया।। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में यह स्कूल बहुत कम फीस में छात्र-छात्राओं को शिक्षा देने का कार्य बेहतर ढंग से कर रहा है। डोगेंद्र पूर्ति के साथ ही सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं बधाई के पात्र हैं। उन्होंने आगामी मैट्रिक परीक्षा में शामिल होने विद्यार्थियों से कहा कि निरंतर अभ्यास ही सफलता की कुंजी है। सभी छात्र-छात्राएं ईमानदारी पूर्वक अपना लक्ष्य निर्धारण कर पढ़ाई करें।

### कोचे मुंडा के गांव ममरला में आज जुटेंगे भाजपा के वरिष्ठ नेता



**खूंटी।** लोकसभा चुनाव के संबंध में विचार विमर्श को लेकर केंद्रीय मंत्री तीन फरवरी शनिवार को तोरपा के भाजपा विधायक कोचे मुंडा के पैतृक गांव ममरला में जुटेंगे। इस संबंध में विधायक कोचे मुंडा ने बताया कि खूंटी लोकसभा क्षेत्र की इस बैठक में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, लोकसभा प्रभारी रवींद्र राय, प्रदेश प्रभारी, सभी जिलाध्यक्ष सहित अन्य वरीय पदाधिकारी भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि बैठक तोरपा प्रखंड के ममरला में अपराह्न एक बजे से शुरू होगी। विधायक ने बताया कि लोकसभा चुनाव मार्च या अप्रैल में संभावित है। इसकी तैयारियों को लेकर बैठक में विचार विमर्श किया जाएगा।

# भाजपा की नफरत के बाजार में हम खोलते हैं मोहब्बत की दुकान : राहुल

**नवीन मेल संवाददाता। पाकुड़** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने नसीपुर मोड़ में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा और आरएसएस के लोग जहां भी नफरत का बाजार खोलते हैं, वहां कांग्रेस पार्टी और उनके गठबंधन दल के लोग मोहब्बत की दुकान खोलते हैं। आज भाजपा और आरएसएस के लोगों ने देश में नफरत और हिंसा फैला रखी है, उसके खिलाफ खड़ा होना हमारा कर्तव्य है। एक साल पूर्व हमने भारत जोड़ो यात्रा की थी। उस दौरान हम जिन राज्यों में नहीं पहुंच सके थे, वहां के लोगों से मिलने और उनसे बात करने के लिए हमने यह भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू की है। राहुल गांधी की न्याय यात्रा बंगाल से निकलकर आज झारखंड में प्रवेश की। नसीपुर मोड़ पर पश्चिम बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी द्वारा झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर को ध्वज हस्तांतरण कर झारखंड में यात्रा का शुभारंभ किया गया। झारखंड में 13 जिलों से गुजरकर 804 किलोमीटर की न्याय यात्रा की जाएगी। गांधी ने कहा कि इस देश में जो रोजगार की रीढ़ की हड्डी है, उसे भाजपा ने तोड़ दिया। इसका नतीजा यह है कि आज इस देश में सबसे ज्यादा बेरोजगारी दर है। उन्होंने कहा कि मोदी चाहते हैं की हिंदुस्तान के युवाओं को रोजगार न मिले और इस देश का पैसा चंद अरबपतियों के हाथों में हो। इस यात्रा के माध्यम से हम किसानों के खिलाफ अन्याय, युवाओं के खिलाफ अन्याय, आदिवासियों के खिलाफ अन्याय और महिलाओं के खिलाफ अन्याय को देश की जनता के सामने रखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि इस यात्रा में हम किसानों के मन की बात, युवाओं के मन की बात, महिलाओं के मन की बात, आदिवासियों के मन की बात और आम जनों के मन की बात सुनना चाहते हैं। हम अपने मन की बात नहीं करना चाहते और आपकी बातों को समझ कर सुनकर उसे पूरे देश के सामने लाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि आपने देखा कि आपके द्वारा चुनी हुई बहुमत की सरकार को भाजपा ने चोरी करने की कोशिश की। लेकिन उसके साजिश के खिलाफ हम और आप खड़े हो गए जिसका नतीजा है कि आज हम आपकी चुनी हुई सरकार और मुख्यमंत्री के साथ यहां खड़े हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग चाहे जितनी एजेंसियां लगा दे। हम डरने वाले नहीं हैं। हम उनके खिलाफ मिलकर संघर्ष करते रहेंगे। सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि भाजपा-आरएसएस ने आपके द्वारा चुने हुए हमारे लोकप्रिय नेता हेमंत सोरेन को जिस तरह से झूठे मुकदमों में फंसा कर गिरफ्तार कराया और यहां सरकार गिराने की साजिश की थी। वह पूरी तरह से सफल हो गई आज आपके प्यार और आशीर्वाद से आपके द्वारा चुनी हुई सरकार बरकरार है और आपके द्वार पर खड़ी है।



# राज्य के 346 पुलिस इंस्पेक्टर के बदले

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** राज्य में 346 पुलिस इंस्पेक्टर के तबादले एक साथ किए गए हैं। इसको लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय ने आदेश जारी कर दिया है। मुख्यालय ने निर्वाचन आयोग के निर्देश पर पुलिस पदाधिकारियों का तबादला किया है। ये वे अधिकारी हैं जो तीन साल से एक ही जिले में तैनात थे। मिली जानकारी के अनुसार राजधानी रांची के अरगोड़ा थाना प्रभारी बृज कुमार को गढ़वा, गोंदा थाना प्रभारी रवि ठाकुर को देवघर, हिन्दपीढ़ी थाना प्रभारी विनय कुमार सिंह का जेपीए हजारीबाग तबादला किया गया है।इनके अलावा बंसत कुमार को बोकरो, मंजू कुमारी को चतरा, रानी मुकुट को बोकारो, अक्षय कुमार राम को धनबाद, देवकी सांगा को रांची, विजय प्रकाश बेक को पलामू, आसमान बोदरा को पलामू, हरिप्रसाद शाह को दुमका, विकास गुप्ता को रांची तैनात किया गया है। इसी तरह अजय कुमार-1 को रामगढ़, बासुदेव शाह को कोडरमा, रामचंद्र राम को पलामू, ज्योति प्रकाश कुजूर को पलामू, राकेश कुमार गुप्ता को धनबाद, दिनेश कुमार प्रजापति को सिमडेगा, हरेंद्र कुमार राय एसीबी, जुल्फेकार अली को सिमडेगा, नंदकिशोर प्रसाद को जेपीए हजारीबाग, मधुसूदन डे को जमशेदपुर, जीतराम महली को पलामू, संतोष कुमार गुप्ता को स्पेशल ब्रांच, रामबाबू मंडल को जमशेदपुर, शकुंतला नाग को देवघर, सुरेश राम को पलामू, महेश्वर प्रसाद रंजन को गोड्डा, सुरेंद्र कुमार सिंह को जेपीए हजारीबाग, गुलाम शाहिद अंसारी को पलामू भेजा गया है।

# सेवानिवृत्त होकर घर पहुंचे फौजी का ग्रामीणों ने किया अभिनंदन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** चंदवे के पास गांव हुंदुर में जन्मे सैनिक दयाशंकर महतो सेवानिवृत्ति के बाद शुक्रवार को घर लौटने पर ग्रामीणों ने उनका शानदार अभिनंदन किया गया । इन दिनों दयाशंकर केरल के कोचीन में तैनात थे। यहां से सेवानिवृत्त होकर वे अपने घर लोटे हैं। दयाशंकर के परिवार में देशभक्ति का जज्बा कूट कूटकर भरा हुआ है। उनके परिवार के कई सदस्य सेना में हैं। रिटायर्ड फौजी शिबू महतो के पुत्र दयाशंकर महतो वर्ष 2008 में सेना में भर्ती हुए थे। करीब 16 वर्ष देश सेवा करने के बाद शुक्रवार को रिटायरमेंट ले कर वे अरने गांव आये हैं। गांव से उनके स्वागत में रैली निकाली गई, जिसमें दयाशंकर को पूरे गांव में काफिले के साथ घुमाया गया । गांव के लोगों ने दयाशंकर को फूलमालाओं से अभिनंदन किया। 16 वर्षों के सेवाकाल में अलग-अलग नौसेना के जहाजों में एवं यूनिटो में अपनी सेवा दिया है। वे नव सेनिको को पिछले तीन वर्षो से प्रशिक्षण दे रहे थे। दयाशंकर ने कहा कि यदि जरूरत पड़ी तो वे पुनः सीमा पर जाकर देश की सेवा के लिए तैयार रहेंगे। भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष पप्पू महतो समेत सैकड़ो लोगों ने फूलों की वर्षा करते हुए जवान के प्रति आभार प्रकट किया। मौके पर किरण देवी ललिता देवी चरकी देवी धर्मचंद महतो प्रमोद कुमार योगेंद्र प्रसाद चरकू महतो गोविंद ठाकुर सुनील मुंडा रामकृष्ण महतो योगेंद्र प्रसाद राजेश महतो सोनू महतो समेत सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।



# हमारे छात्र जापानी संस्कृति व भाषा भी सीखेंगे : कुलपति

**नवीन मेल संवाददाता। रांची। रांची** विश्वविद्यालय में जापानी फेस्ट का आयोजन किया गया. इसका आयोजन जापानी कंपनी तमाई ओवेटड़म इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने किया. इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर रांची विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. अजीत कुमार सिन्हा शामिल रहे. 12-13 को फ्री जैपनीज लैंग्वेज डेमो क्लास होंगे. जापानी कंपनी के प्रतिनिधियों ने बताया कि जापानी भाषा सीखकर जापान में नौकरी पा सकते हैं. वहीं जापान की सभ्यता, संस्कृत और अन्य चीजों से भी जुड़ सकते हैं. गणित की कई विधियों के बारे में भी बताया. उपस्थित छात्रों को गणित सिखाया गया है. य के कुलपति प्रो. डॉ. अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि जापानी भाषा का कोर्स रांची विश्वविद्यालय में प्रारंभ हो रहा है. यहां हमारे लिये एक उपलब्धि की बात है. हमारे छात्र जापानी भाषा सीखने के साथ ही जापानी कार्य संस्कृति और अनुशासन भी सीखेंगे. यह कोर्स झारखंड के युवाओं के लिये बहुत ही रोजगारपरक साबित होता है.
भारतीयों का जापानी भाषा को सीखना हर लिहाज से कैरियर के लिये एक बेहतरीन चुनाव है. यही सोच कर रांची विश्वविद्यालय में जापानी भाषा कोर्स की शुरूआत की जा रही है. इस कोर्स को प्रारंभ करने के लिये रांची विवि ने जापान के साथ एमओयू किया है.

### भारत-जापान आपसी सहयोग से विश्वगुरू बनेंगे : मिसेज तमाई

जापानी टीम की सीईओ मिस तमाई ने हिंदी में सबों को संबोधित किया और कहा कि हम इस फेस्ट के माध्यम से एक दूसरे की संस्कृति और रीति रिवाजों को भी समझ सकते हैं. मैं आप सबों को जापानी भाषा को सीखने के लिये प्रोत्साहित करना चाहती हूं. मेरा मानना है कि भारत विश्व लीडर बनेगा और भारत जापान एक दूसरे का सहयोग करेंगे. उन्होंने कहा कि जापान की आबादी कम है, पर जापान प्रत्येक क्षेत्र में बहुत अच्छा काम कर रहा है. बुलेट ट्रेन हो या आईटी, इलेक्ट्रॉक्सि जापान प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणी है. वहीं जापान से आये गणित के शिक्षक कुबुशान ने रोजमर्रा के जीवन में मैथ के उपयोग पर प्रस्तुति दी. जापान रोबोटिक्स आईटी इलेक्ट्रानिक्स और निर्माण में अग्रणी देश है. विभिन्न विभागों के प्राध्यापक, वोकेशलन की डिप्टी डायरेक्टर डॉ. स्मृति सिंह समेत अन्य शामिल रहे.

### रांची के स्कूलों में प्रदर्शनी और प्रतियोगिता का आयोजन

**रांची।** कैंब्रियन पब्लिक स्कूल रोड में शुक्रवार को चिन्मय मिशन द्वारा प्रायोजित गीता पाठ प्रतियोगिता में सफल विद्यार्थियों के बीच पुरस्कार वितरण किया गया. इस प्रतियोगिता को विद्यालय स्तरीय, नगर स्तरीय एवं जिला स्तरीय यह प्रतियोगिता चार वर्गों में विभाजित की गई थी, जिसमें विद्यालय के कुल 1005 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था. विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता में कुल 57 छात्रों ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया. नगर स्तरीय प्रतियोगिता में चार छात्रों ने प्रथम, चार छात्रों ने द्वितीय, चार छात्रों ने तृतीय एवं 15 छात्रों ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया. जिला स्तरीय प्रतियोगिता में कक्षा पांचवीं की छात्रा लेख्या गुरुमूर्ति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. मौके पर प्राचार्या डॉ. नीता पांडेय ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि गीता पाठ से छात्रों के मन को शांति मिलती है, जिससे एकाग्रता एवं आत्मबल की वृद्धि होती है. इसलिए विद्यालयों में गीता पाठ अवश्य होना चाहिए. चीफ को-ऑर्डिनेटर आशा राज ने कहा कि गीता पाठ आत्मनियंत्रण में सहायक होता है।

## उपायुक्त ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

# दो डॉक्टर अनुपस्थित पाये गये



नवीन मेल संवाददाता। खूंटी उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने शुक्रवार को अड़की प्रखण्ड का दौरा किया और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। साथ ही स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि आमजनों की सुविधा के मद्देनजर सुचारु रूप से कार्य करें। इस दौरान उपायुक्त ने उपस्थित चिकित्सकों एवं कर्मियों की जानकारी ली।
निरीक्षण के क्रम में दो चिकित्सक अनुपस्थित पाए गए, जिन पर स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही चिकित्सकों द्वारा उचित स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि कार्य में किसी प्रकार की भी कोताही बरतने वाले के विरुद्ध तत्काल कारवाई की जाएगी। उन्होंने उपलब्ध दवाओं एवं संसाधनों की जानकारी ली। उपायुक्त ने चिकित्सकों को निर्देश दिए कि अपने दायित्वों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने केंद्र में साफ-सफाई को लेकर भी निर्देश दिए। इस दौरान उपायुक्त लोकेश मिश्रा और उप विकास आयुक्त नीतीश कुमार सिंह ने अड़की प्रखंड के रिक्रीएशनल पार्क का फीता काटकर उद्घाटन किया।

सेंसेक्स 72,085.63 ▲ +440.34
डॉलर 82.988 ▲ +0.028

**तापमान** (डिग्री सेल्सियस)

**आज का अनुमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 23.0 | 12.0 | 15.0 |
| धनबाद | 25.0 | 12.0 | 18.0 |
| जमशेदपुर | 30.0 | 16.0 | 24.0 |
| पलामू | 25.0 | 11.0 | 17.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते





रांची, माघ कृष्ण पक्ष 08, विक्रम संवत 2080 | रांची, शनिवार, 03 फरवरी 2024, वर्ष-25, अंक- 04, पृष्ठ-10, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



संपादकीय — दशकों बाद देश के बजट में रक्षा ... 6
रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित
डीके सुरेश के द. भारत के बयान का मुद्दा ...10 — देश विदेश







# चंपई सोरेन ने झारखंड के 12वें मुख्यमंत्री के रूप में ली शपथ

■ आलमगीर आलम और सत्यानंद भोक्ता ने भी मंत्री पद की ली शपथ

### आलमगीर आलम और बसंत सोरेन हो सकते हैं उपमुख्यमंत्री



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झामुमो के विधायक दल के नेता चंपई सोरेन ने शुक्रवार दोपहर 12:21 बजे राज्य के 12वें मुख्यमंत्री के तौर पर पद की शपथ ली। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने उन्हें राज्य के छठे मुख्यमंत्री के रूप में राजभवन के दरबार हॉल में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री के साथ कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम और राजद के विधायक सत्यानंद भोक्ता ने भी मंत्री पद की शपथ ली। अब नव मनोनीत मुख्यमंत्री को दस दिनों के अंदर बहुमत साबित करना होगा। फ्लोर टेस्ट के बाद राज्य में दो उप मुख्यमंत्रियों को शपथ दिलाए जाने की भी संभावना है। इनमें कांग्रेस से आलमगीर आलम और झामुमो से बसंत सोरेन के नाम की चर्चा है। राजभवन के दरबार हॉल में बैठे सभी लोगों ने पहले राष्ट्रगान गाया। इसके बाद राज्यपाल की अनुमति से शपथ समारोह शुरू हुआ। दरअसल, जमीन घोटाले मामले में बुधवार को ईडी ने पूछताछ के बाद हेमंत सोरेन को हिरासत में ले लिया। इसके बाद शाम को हेमंत सोरेन ने राजभवन जाकर राज्यपाल को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा सौंप दिया। फिर गठबंधन के विधायकों ने चंपई सोरेन को अपना नेता चुना। गुरुवार रात 11:00 गठबंधन और झामुमो के नेता ▸▸ शेष पृष्ठ 09 पर

### गुरुजी के घर जाकर लिया आर्शीवाद

शपथ ग्रहण के पूर्व चंपई सोरेन शुक्रवार सुबह शिबू सोरेन से मिलने पहुंचे। उन्होंने कहा कि वह शपथ लेने से पहले गुरुजी और माताजी का आशीर्वाद लेने गए थे। उन्होंने शिबू सोरेन और रूपी सोरेन दोनों को अपना आदर्श बताया। उन्होंने कहा कि वे शिबू सोरेन के साथ झारखंड आंदोलन में शामिल हुए थे। वे उनके गुरु हैं। इसलिए आशीर्वाद लेने गए थे। गुरुजी के आवास से लौटने के बाद चंपई ने खुद इसकी जानकारी दी। कहा, आंदोलन के दौरान शिबू सोरेन ने जिस तरह से अलग झारखंड राज्य और यहां के लोगों के लिए संघर्ष किया, उन आदर्शों के तहत ही हम आगे बढ़ रहे हैं।

नए मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में कैबिनेट की पहली बैठक

# बजट सत्र रद्द, पांच को विश्वास मत हासिल करेंगे चंपई सोरेन

**राज्यपाल ने विधानसभा का विशेष सत्र आहूत करने की दी मंजूरी**

**5 और 6 फरवरी को विधानसभा का दो दिन का विशेष सत्र**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड के नए मुख्यमंत्री चंपई सोरेन की अध्यक्षता में शुक्रवार को कैबिनेट की पहली बैठक हुई। कैबिनेट में फिलहाल उन्हें मिलाकर तीन मंत्री हैं। बैठक में तीन प्रस्तावों पर मुहर लगी। कैबिनेट की बैठक खत्म कर सीएम चंपई सोरेन पाकुड़ के लिए रवाना हो गए, जहां वह राहुल गांधी के कार्यक्रम में शामिल होंगे। बैठक में विधानसभा का विशेष सत्र आहूत करने के फैसले पर मुहर लगी। वहीं पूर्व निर्धारित नौ फरवरी से 29 फरवरी के बजट सत्र को विलोपित (रद्द) करने का निर्णय लिया गया और राजीव रंजन को फिर से झारखंड का महाधिवक्ता बनाया दिया गया। झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र पांच और छह फरवरी को बुलाया गया है। इसी दिन सत्ता पक्ष फ्लोर टेस्ट और राज्यपाल का अभिभाषण भी होगा। दूसरे दिन अभिभाषण पर वाद-विवाद होकर सत्र समाप्त होगा। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने विधानसभा का विशेष सत्र पांच ▸▸ शेष पृष्ठ 09 पर

### हम अपने काम से विरोधियों को आईना दिखाएंगे : सीएम चंपई



मुख्यमंत्री ने मीडियाकर्मियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि आपके माध्यम से अपनी बात लोगों तक पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड खनिज संपदा से परिपूर्ण राज्य है। जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए वर्षों तक संघर्ष हुआ। इसके बावजूद पार्टी के युवा सम्राट हेमंत सोरेन को फंसा कर सरकार को अस्थिर करने की कोशिश की गई। अब सरकार अपने कामकाज के माध्यम से विरोधियों को आईना दिखाने का काम करेगी। साथ ही कहा कि हेमंत सोरेन न्याय की लड़ाई लड़ रहे है। वे निश्चित रूप से सफल होंगे और उन्हें न्याय मिलेगी।

**ये 3 प्रस्ताव पारित हुए**

- हेमंत सोरेन सरकार में 9 से 29 फरवरी तक बुलाए गए बजट सत्र को विलोपित किया गया।
- राजीव रंजन को फिर से झारखंड का महाधिवक्ता बनाया गया।
- 5 और 6 फरवरी को झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र होगा

**सूचना**

'**राष्ट्रीय नवीन मेल**' कम से कम कीमत में एक साफ सुथरा अखबार आपको देने की नीति पर चलता रहा है पर महंगाई और न्यूज प्रिंट के मूल्य में वृद्धि के कारण आज से इसकी कीमत में मामूली वृद्धि कर तीन रुपए कर दी गई है। आशा है आप सभी का सहयोग पूर्ववत मिलता रहेगा।

**रांची सर्राफा**


सोना (10 ग्राम) 59,750
चांदी (1 किलो) 77,800

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर **82925 53444** पर भेज सकते हैं। आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **8292373444** संपर्क करें।

## मिला रिमांड, हेमंत से पांच दिनों तक पूछताछ करेगी ईडी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से ईडी पांच दिनों तक पूछताछ करेगी। कोर्ट ने इसकी इजाजत दे दी है। ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की कोर्ट ने शुक्रवार को हेमंत सोरेन को पूछताछ के लिए पांच दिनों की रिमांड पर ईडी को सौंपने का निर्देश दिया है। रिमांड की अवधि आज से शुरू होगी। इससे पहले गुरुवार को ईडी ने हेमंत से पूछताछ के लिए 10 दिनों की रिमांड का आग्रह किया था। एक घंटा 32 मिनट की बहस के बाद कोर्ट ने आदेश के लिए शुक्रवार की तिथि निर्धारित की थी। हेमंत सोरेन की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने और ईडी की ओर से हाई कोर्ट के वरीय अधिवक्ता अनिल कुमार ने पैरवी की थी। दरअसल, बड़गाड़ी अंचल में 8.46 एकड़ जमीन कब्जा करने ▸▸ शेष पृष्ठ 09 पर



### परिवार के सदस्यों और वकील से मिलने की छूट

ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की कोर्ट ने शुक्रवार को रिमांड के दौरान हेमंत सोरेन का मेडिकल चेकअप कराते रहने का निर्देश दिया है। साथ ही किसी तरह की शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना नहीं करने का भी निर्देश है। इस दौरान हेमंत सोरेन को परिवार के सदस्यों और वकील से मुलाकात करने की छूट दी गयी है।

### शपथ लेने के बाद हैदराबाद शिफ्ट हुए विधायक

**रांची।** राजभवन में चंपई सोरेन के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद सत्ता पक्ष के सभी विधायक रांची सर्किट हाउस से चार्टर्ड फ्लाइट के जरिए तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद भेज दिये गये। विधायकों को टूटने से बचाने के लिए उन्हें हैदराबाद शिफ्ट किया गया है। अब सभी विधायक फ्लोर टेस्ट के दिन रांची पहुंचेंगे। महागठबंधन दलों के विधायक हैदराबाद एयरपोर्ट से दो एसी बसों से रिसोर्ट पहुंचे। इनके लिए समीरपेट के लिओनी रिसोर्ट में ठहरने की व्यवस्था की गयी है।

## झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस प्रदीप श्रीवास्तव ने ली शपथ



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के एडिशनल जज प्रदीप कुमार श्रीवास्तव को शुक्रवार को एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर ने स्थाई जज के रूप में शपथ दिलायी। 31 जनवरी को केंद्र सरकार ने एडिशनल जज प्रदीप कुमार श्रीवास्तव को झारखंड हाईकोर्ट के स्थाई रूप से जज के पद पर नियुक्त किया था। इस संबंध में विधि मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर दी थी।

## राहुल गांधी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के साथ संथाल पहुंचे



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राहुल गांधी शुक्रवार शाम भारत जोड़ो न्याय यात्रा के साथ संथाल में प्रवेश कर गए। जहां झारखंड के नए मुख्यमंत्री चंपई सोरेन व आलमगीर आलम ने उनका स्वागत किया। इस दौरान कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर व सुबोधकांत सहाय भी मौजूद थे। अब तीन फरवरी को पाकुड़ से यात्रा प्रारंभ होगी। यात्रा गोड्डा होते हुए देवघर पहुंचेगी। यहां सभी यात्री मोहनपुर मैदान में भोजन करेंगे। इस दौरान राहुल देवघर में बाबा वैद्यनाथ की पूजा-अर्चना भी करेंगे। इसके बाद राहुल गांधी टावर चौक से वीर कुंवर सिंह चौक (वीआइपी चौक) तक पदयात्रा करते हुए आंबेडकर चौक, रोहिणी, देवीपुर, बुढ़ई, भिरखीबाद के रास्ते जगदीश से गिरिडीह के लिए प्रस्थान कर जाएंगे। राहुल तीन फरवरी को सरकंडा चौक ▸▸ शेष पृष्ठ 09 पर

### मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव बने विनय चौबे



**रांची।** राज्य सरकार ने आईएएस अधिकारी विनय चौबे को मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के प्रधान सचिव के पद पर नियुक्ति किया है। इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी है। उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले ही विनय चौबे ने पद से इस्तीफा दे दिया था।

### झारखंड मंत्रालय में अधिकारियों ने नए सीएम का किया स्वागत



**रांची।** मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से शुक्रवार को झारखंड मंत्रालय में राज्य के मुख्य सचिव एल खियांग्ते और प्रधान सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग वंदना दादेल ने मुलाकात की। दोनों अधिकारियों ने मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया।

## धरने पर बैठीं ममता, बकाया भुगतान की मांग, केंद्र को घेरा

**एजेंसी। कोलकाता**
पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केंद्र से विभिन्न सामाजिक कल्याण योजनाओं के लिए राज्य के बकाए के भुगतान की मांग को लेकर शुक्रवार को कोलकाता में धरना प्रदर्शन शुरू किया। बनर्जी ने अपनी पार्टी तृणमूल कांग्रेस के नेताओं के साथ शहर के मध्य स्थित मैदान थाना इलाके में रेड रोड पर बीआर आंबेडकर की प्रतिमा के सामने प्रदर्शन शुरू किया। अधिकारियों के मुताबिक मंच के बगल में तंबू लगाया गया है ताकि बनर्जी प्रशासन संबंधी जरूरी काम कर सकें। मुख्यमंत्री का दावा है कि केंद्र की भाजपा नीत सरकार के पास विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लिए राज्य का हजारों करोड़ रुपये बकाया है। उन्होंने आंबेडकर की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के बाद धरना-प्रदर्शन शुरू किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को बकाया भुगतान के लिए एक तारीख तय कर दी गई है। यदि भुगतान नहीं होता है तो वह आंदोलन करेंगी। वह भाजपा के ▸▸ शेष पृष्ठ 09 पर

### दो दिनों बाद हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी की ममता ने की निंदा



**जमीन** घोटाला मामले में झारखंड के निवर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के दो दिनों बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस पर खुलकर प्रतिक्रिया दी है। शुक्रवार को उन्होंने साइट पर पोस्ट किया- मैं शक्तिशाली आदिवासी नेता हेमंत सोरेन की अन्यायपूर्ण गिरफ्तारी की कड़ी निंदा करती हूं। भाजपा समर्थित केंद्रीय एजेंसियों की प्रतिशोधात्मक कार्रवाई से एक लोकप्रिय निर्वाचित सरकार को कमजोर करने की सुनियोजित साजिश की बू आ रही है। ममता ने लिखा, वे मेरे करीबी दोस्त हैं और मैं इस कठिन समय में लोकतंत्र की रक्षा के लिए समर्पित होकर, उसके साथ अटूट रूप से खड़े रहने की कसम खाती हूं। झारखंड के लोग इसका जवाब देंगे और इस महत्वपूर्ण लड़ाई में विजयी होंगे।

**इंडिया**

## विकसित भारत के लिए जरूरी है आधी आबादी को मुख्यधारा में लाना



सुनील बादल

***सदियों*** तक गुलाम रहे भारत को विदेशी आक्रमणकारियों और गुलाम बनाने वाले लोगों ने सबसे अधिक प्रभावित किया जिससे इसकी मौलिक परंपराएं या तो समाप्त हो गईं या लोग उसे तुच्छ या दकियानूसी मानने लगे। भारत में बाल विवाह, रात्रि में विवाह, पुरुषों में भी नाक कान में छिद्र, लड़कियों में गोदना जैसी परंपराएं और बाद में पर्दा प्रथा जैसी कुरीतियाँ इसी का परिणाम है। विदेशी आक्रमणकारी जब हमला करते थे तो उनका निशाना धन दौलत लूटने के अलावा महिलाओं से दुराचार भी होता था। यहां एक दिलचस्प विसंगति यह है कि कथित कुलीन महिलाएं पर्दे में और घरों के अंदर बंद कर दी गईं तो गरीब मजदूर वर्ग की या जनजातीय समुदाय की महिलाएं खुलेआम घूमती हुईं समाज का सामना करती रहीं पर उनमें में पैसे वाले लोगों ने अपनी महिलाओं को घर की चहारदीवारी तक सीमित कर दिया। इन सभी का परिणाम यह हुआ कि लगभग आधी आबादी देश की मुख्यधारा से कटती चली गईं और समाज उन्हें धर्म, रीति रिवाज या परंपरा के नाम पर दबाता चला गया। अनेक कुलीन घरों की महिलाएं उच्च शिक्षित होते हुए भी नौकरी या व्यवसाय से दूर रखीं गईं क्योंकि सभी को भय था उनके साथ गलत हो सकता है। यह भय आज भी भारतीय समाज में छाया हुआ है। इसका ठोस कारण भी यह था कि समाज ने नारियों को सिर्फ मादा बना दिया था न कि धर्म शास्त्रों की वर्णित मातृ शक्ति। इस कारण समाज में महिलाओं के अनुरूप विकास का मॉडल नहीं बना है। अनेक सार्वजनिक स्थानों में यहां तक कि स्कूलों में सुव्यवस्थित शौचालय नहीं होने से बहुत सारी लड़कियां पढ़ाई छोड़ देतीं थीं।

प्रधानमंत्री मोदी ने वर्ष 2020 में लाल किले से अपने स्वतंत्रता दिवस संबोधन में मासिक धर्म से जुड़े स्वच्छता प्रबंधन के बारे में बात की। संयुक्त राष्ट्र द्वारा भी पानी और स्वच्छता तक पहुंच को मानवाधिकारों के रूप में मान्यता दी गई है। हाल ही में, सुलभ स्वच्छता मिशन फाउंडेशन द्वारा मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन पर एक व्यापक शोध रिपोर्ट सामने आई है, जिसमें देश के दूर-दराज के इलाकों में विभिन्न समुदायों वाले 22 ब्लॉकों और 84 गांवों की 4,839 महिलाओं और बालिकाओं के नमूने शामिल किए गए। रिपोर्ट में यह बात सामने आई है कि स्कूल के शौचालयों में पानी, साबुन, स्वच्छता की कमी और दरवाजे नहीं होने की वजह से बालिकाएं मासिक धर्म के दौरान इनका उपयोग करने में झिझकती हैं। इसी कारण मासिक धर्म के चक्र से गुजरने वाली बालिकाएं एक वर्ष में करीब 60 दिन स्कूलों से अनुपस्थित रहती हैं। यही हाल निजी-सरकारी क्षेत्रों में काम करने वाली महिलाओं का भी है। सामुदायिक मान्यताओं और वर्जनाओं को दशार्ते इस अध्ययन में देश के सात राज्यों- असम, बिहार, छत्तीसगढ़, हरियाणा, महाराष्ट्र, ओडिशा और तमिलनाडु के 14 जिलों को शामिल किया गया था। मासिक धर्म के दौरान रक्त-प्रवाह को अवशोषित करने के लिए स्वच्छता उत्पादों तक बालिकाओं की पहुंच न होना एक मौलिक समस्या है, जिसे सरकारों और समाज को आसान बनाना है। सरकारें और स्वयंसेवी संस्थाएं इस ओर ध्यान दें और हर घर सेनेटरी पैड उपलब्ध कराने की महती योजना बनाएं। समाज को भी इसमें भागीदार बनना पड़ेगा। इसका सबसे सरल रास्ता है कि वह अपने घर की बेटियों और महिलाओं से इस बारे में खुलकर बातें करने का माहौल तैयार करें।

कुछ विभागों और यूनिसेफ के सहयोग से इसपर जागरूकता अभियान भी चलाए गए पर सैनीटरी पैड अभी झिझक या शर्म का विषय बना हुआ है। स्थानीय निकायों द्वारा हर मोहल्ले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली की तर्ज पर उनके सभासदों या पार्षदों की देखरेख में हर जरूरतमंद महिला तक सेनेटरी नैपकिन की उपलब्धता को निःशुल्क मुहैया कराना सुनिश्चित किया जाना चाहिए। तब निश्चित रूप से यह प्रयास सभी को मार्ग दिखाने वाला होगा और महिलाओं की माहवारी के स्वच्छता-संबंधी प्रयासों में मौलिक और प्रभावकारी सिद्ध हो सकेगा। इसी प्रकार सिर्फ शहरी क्षेत्रों को स्वच्छ रखने के बजाय कस्बों और शहरी झुग्गियों को भी योजना के अंतर्गत लाना चाहिए ताकि गरीब या निम्न मध्यमवर्गीय महिलाएं भी घरों से बाहर छोटी नौकरियों में जा सकें या घरों से दूर भी कामकाज कर सकें। इस वर्ग की महिलाओं के लिए शौचालय आज भी समुचित नहीं हैं या रखरखाव सही नहीं है।

## खरगे ने राज्यसभा में उठाया झारखंड का मुद्दा



**एजेंसी। नई दिल्ली**
राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि झारखंड में एक चुनी हुई सरकार को कमजोर किया जा रहा है। पूर्ण बहुमत होने के बाद भी राज्यपाल सरकार बनाने का न्योता नहीं दे रहे हैं। खरगे ने शुक्रवार को राज्यसभा में झारखंड के राजनीतिक हालात का मुद्दा उठाते हुए कहा कि जब झारखंड के मुख्यमंत्री ने इस्तीफा दिया तो उन्होंने नए मुख्यमंत्री के नाम समेत समर्थकों की लिस्ट दी। वैसे तो लिस्ट देने के बाद तुरंत बुलाकर 'वोट ऑफ कॉन्फिडेंस' लिया जाता है लेकिन इस केस में 'वोट ऑफ कॉन्फिडेंस' लेने के लिए राज्यपाल की ओर से 10 दिन का समय दिया गया है। इससे पहले जब नीतीश कुमार ने इस्तीफा दिया था तो उनको तुरंत शपथ ग्रहण करा दी गई। ये लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। जो बेहद शर्मनाक है। खरगे के इस बयान पर केन्द्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण ने आपत्ति जताते हुए कहा कि एक तरफ राज्यसभा के नेता प्रतिपक्ष खरगे कह रहे हैं कि दूसरे सदन के नेता के बारे में इस सदन में चर्चा नहीं होनी ▸▸ शेष पृष्ठ 09 पर

# कोल्हान टाइगर के गांव में जश्न का माहौल



**नवीन मेल संवाददाता। सरायकेला**
सरायकेला के विधायक चंपई सोरेन के झारखंड का मुख्यमंत्री बनते ही उनके गांव जिलींगगोडा में जश्न का माहौल है। मांदर की थाप पर महिला-पुरुष नाच रहे हैं। कोल्हान टाइगर के नाम से मशहूर सरायकेला के विधायक चंपई सोरेन का राजनीतिक सफर काफी संघर्षपूर्ण रहा है। 90 के दशक में अलग झारखंड राज्य आंदोलन के जरिए चंपई सोरेन ने राजनीति में कदम रखा था। वर्ष 1991 से 2019 तक सरायकेला विधानसभा क्षेत्र के लिए हुए विधानसभा चुनावों में एक टर्म को छोड़कर उन्होंने सभी चुनावों में जीत दर्ज की है। सरायकेला विधानसभा क्षेत्र से चंपई सोरेन ने अब तक छह बार जीत दर्ज की है, जबकि उन्हें वर्ष 2000 के चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था। चंपई झामुमो के केंद्रीय उपाध्यक्ष हैं। पूर्व में वह पार्टी में महासचिव जैसे महत्वपूर्ण पदों को संभाल चुके हैं। चंपई सोरेन को राजनीति का लंबा अनुभव है। झामुमो अध्यक्ष शिबू सोरेन व कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन के काफी करीबी माने जाते हैं।


सीएम ने सिदो-कान्हो को दी श्रद्धांजलि

### बसंत ने सीता, लोबिन और चमरा को मनाया



हेमंत सोरेन के जेल जाते ही अब सोरेन परिवार का मोर्चा छोटे बेटे व विधायक बसंत सोरेन ने संभाल लिया है। चंपई सोरेन को विधायक दल का नेता चुन लिया गया पर तीन नाराज विधायकों की स्थिति स्पष्ट नहीं थी। शिबू सोरेन परिवार की बड़ी बहू व जामा से विधायक सीता सोरेन व लोबिन हेंब्रम व चमरा लिंडा बसंत ने बात कर उन्हें मनाया और साथ देने का आग्रह किया, तब तीनों मानें।

### चंपई को मिला लोबिन हेंब्रम का साथ



झामुमो के बागी विधायक लोबिन हेंब्रम का साथ गठबंधन दल के नेता चंपई सोरेन को मिल गया है। वह पिछले कई दिनों से हेमंत सरकार से नाराज थे। झामुमो विधायक दल की किसी बैठक में शामिल नहीं हो रहे थे। चंपई के नेता चुने जाने पर भी उन्होंने विरोध में बयान दिया था। गुरुवार को चंपई सोरेन व बसंत सोरेन ने उनसे बात की। इसके बाद उन्होंने चंपई सोरेन को समर्थन देने की घोषणा की है।

### मुख्यमंत्री ने सिदो कान्हू को किया नमन

मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद शुक्रवार को चंपई सोरेन रांची के सिदो कान्हू उद्यान पार्क पहुंचे। वहां पार्क परिसर में स्थित शहीद सिदो कान्हू की प्रतिमा पर उन्होंने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद मुख्यमंत्री बिरसा चौक रांची स्थित धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इसके पूर्व मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद चंपई सोरेन ने कहा कि राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए हेमंत सोरेन जो काम शुरू किया है वे उसे आगे बढ़ायेंगे। पिछली सरकार ने जो विकास कार्य शुरू किये थे, उन्हें और गति देने का काम करेंगे।

## सीएम से ज्यादा धनी मंत्री आलमगीर



**रांची।** चंपई ने झारखंड के मुख्यमंत्री के रूप में पद की शपथ ली है। उनके अलावा दो और मंत्रियों सत्यानंद भोक्ता और आलमगीर आलम को भी शपथ दिलाई गई है। मुख्यमंत्री चंपई अपने कैबिनेट सहयोगी सत्यानंद भोक्ता से उम्र में बड़े जबकि दूसरे सहयोगी आलमगीर आलम से छोटे हैं। संपत्ति के मामले में सोरेन मंत्री सत्यानंद से ज्यादा अमीर हैं जबकि दूसरे मंत्री आलमगीर से पीछे हैं। वहीं, शिक्षा की बात करें तो मंत्री आलमगीर तीनों में सबसे ज्यादा पढ़े लिखे हैं।

### 1991 में पहली बार विधायक बने चंपई

चंपई संयुक्त बिहार में 1991 में उपचुनाव जीतकर पहली बार विधायक बने थे। फिर 1995 में झामुमो के टिकट पर चुनाव जीतकर विधायक बने थे। इसके बाद 2005, 2009, 2014 और 2019 चंपई झारखंड विधानसभा के लिए चुने गए थे। इसके साथ ही तीन बार झारखंड सरकार में मंत्री की जिम्मेदारी भी संभाली।

**चंपई सोरेन की प्रोफाइल**
**नाम :** चंपई सोरेन **पिता :** स्व सिमल सोरेन **पत्नी :** स्व माको सोरेन **पुत्र :** चार, **पुत्री :** तीन **विस क्षेत्र :** सरायकेला **ग्राम:** जिलींगगोडा, **पोस्ट:** डूंडरा, **प्रखंड:** गम्हरिया, **जिला** सरायकेला-खरसावां **उम्र :** 69 वर्ष **शिक्षा :** मैट्रिक।

### सबसे कम उम्र के सत्यानंद भोक्ता



53 साल के सत्यानंद भोक्ता मुख्यमंत्री और मंत्री में सबसे कम उम्र के हैं। वहीं, दूसरे मंत्री आलमगीर की उम्र 70 साल है। मुख्यमंत्री की उम्र 67 साल है। पाकुड़ सीट से जीते मंत्री सत्यानंद ने 2019 में अपने चुनावी हलफनामे में अपनी संपत्ति 77.58 लाख बताई थी। इसी तरह दूसरे मंत्री आलमगीर आलम ने अपने चुनावी हलफनामे में कुल 7.02 करोड़ बताई थी।

## रिमोट से चलने वाले मुख्यमंत्री होंगे चंपई सोरेन : सीपी सिंह



**रांची।** चंपई सोरेन के झारखंड के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और रांची के विधायक सीपी सिंह ने बड़ा बयान दिया। कहा कि यह सच है कि चंपई सोरेन झामुमो सुप्रीमो और सोरेन परिवार के बेहद करीबी हैं। उन्होंने कहा कि स्वाभाविक है कि वह रिमोट कंट्रोल से ही चलने वाले हैं, और यह रिमोट कंट्रोल होगा सोरेन परिवार के पास। चंपई सोरेन खुद से कुछ कर नहीं पाएंगे। वह वही करेंगे, जो उनसे कहा जाएगा। सीपी सिंह ने आगे कहा कि कांग्रेस और राजद के लोग झामुमो के साथ हैं। ये दोनों पार्टियां उन्हें ब्लैकमेल करेंगी। जब तक चुनाव हैं, तब तक राज्य में बड़े पैमाने पर लूट शुरू हो जाएगी। वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने चंपई सोरेन को मुख्यमंत्री बनने पर बधाई दी है।

### राजद अध्यक्ष ने सीएम और मंत्रियों को दी बधाई



**रांची।** प्रदेश राजद अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव और प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री बनने पर चंपई सोरेन को बधाई दी। साथ ही आलमगीर आलम और सत्यानंद भोक्ता को भी बधाई दी है। संजय कुमार सिंह यादव ने कहा कि यह महागठबंधन की जीत है, जिस तरह से भाजपा ने एक सोची समझी राजनीति के तहत झारखंड में चुनी हुई सरकार को एक राजनीतिक षडयंत्र के तहत अपदस्त किया लेकिन पुनः महागठबंधन की सरकार बनने पर भाजपा स्वयं चारों खाने चित हो गई। नई सरकार के विकास के लिए उत्थान के लिए नई ऊर्जा और नई जोश खरोस के साथ काम करेगी।

# परिवारवाद के खिलाफ भाजपा की लड़ाई से चंपई को मिला अवसर

## जनहित के लिए काम करें मुख्यमंत्री चंपई सोरेन : बाबूलाल मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भाजपा प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को विधायक दल की बैठक प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में हुई। मरांडी ने नव नियुक्त मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को बधाई देते हुए कहा कि यह सरकार जनहित में निर्णय लेते हुए जनता की भलाई के लिए काम करे।

बैठक के बाद मीडिया ब्रीफिंग करते हुए नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने झारखंड के नव नियुक्त मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को बधाई दी और कहा कि चंपई सोरेन के घर-परिवार ने आज उत्सव का माहौल है। यह अवसर उन्हें राज्य में व्याप्त सत्ता संपोषित भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा द्वारा सदन से सड़क तक की लड़ाई और राज्य की जनता का भ्रष्टाचार के भाजपा की लड़ाई में मिले समर्थन के कारण प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि परिवारवाद के खिलाफ भाजपा की लड़ाई ने उन्हें




यह अवसर दिया है कि वे राज्य के सर्वोच्च पद पर बैठ पाए हैं। बाउरी ने कहा कि उन्हें इस अवसर का उपयोग राज्य की जनता की सेवा के लिए करना चाहिए। उन्होंने कहा कि चंपई सोरेन सरकार को हेमंत सरकार की प्रति छाया नहीं बननी चाहिए।

**भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराएं सीएम :** उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को अविलंब ईडी द्वारा भेजे गए भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश देना चाहिए। हाल ही में रद्द जेएसएससी की रद्द परीक्षा की सीबीआई जांच की अनुशंसा करनी चाहिए, तभी राज्य की जनता को भरोसा होगा कि यह सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ने वाली सरकार है। उन्होंने कहा कि यह सरकार पिछलग्गू नहीं बने, बल्कि अपनी स्वतंत्र पहचान बनाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के समर्थन से चलने वाली सरकारों के मुख्यमंत्री का वही हश्र हुआ है जो हेमंत सोरेन का हुआ। बैठक में विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, सीपी सिंह, बिरंची नारायण, भानु प्रताप शाही, रामचंद्र चंद्रवंशी, जेपी पटेल, राज सिन्हा, मनीष जायसवाल, अमित मंडल, शशिभूषण मेहता, केदार हाजरा, अनंत ओझा, ढुल्लू महतो, रणधीर सिंह, नीरा यादव, अपर्णा सेन गुप्ता, पुष्पा देवी, किशुन दास,

## सरकार बनी अब कुनबा बचाने की कवायद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
हेमंत सोरेन के इस्तीफे के बाद झारखंड में जारी सियासी संकट खत्म हो गया है और राजधानी रांची क्षेत्र में लगी धारा 144 को हटा लिया गया है । चंपई सोरेन ने झारखंड के नए मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ले ली है। उनके साथ दो विधायकों-आलमगीर आलम और सत्यानंद भोक्ता ने भी पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। राज्य के नए मुख्यमंत्री का कार्यभार संभालने के बाद चंपई ने कहा कि मैं हेमंत सोरेन के काम को आगे बढ़ाऊंगा, उसमें तेजी लाउंगा।

दूसरी ओर महागठबंधन के विधायकों को लेकर रांची से दो चार्टर्ड विमान हैदराबाद के बेगमपेट एयरपोर्ट पर लैंड किया । जहां तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंथ रेड्डी विधायकों की रिसीव करने पहुंचे थे ।

सभी विधायक फ्लोर टेस्ट से पहले रांची वापस आ जाएंगे। जानकारी के अनुसार पांच फरवरी को फ्लोर टेस्ट होगा। राज्यपाल ने नवगठित सरकार को 10 दिन के अंदर बहुमत साबित करने का निर्देश दिया है।

दूसरी ओर पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को पीएमएलए कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उन्हें पांच दिन की ईडी रिमांड पर भेज दिया गया। एजेंसी उनसे जमीन घोटाले के संबंध में पूछताछ करेगी। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट से भी उन्हें झटका लगा।

कोर्ट ने उनकी याचिका पर सुनवाई करने से मना कर दिया है। उच्चतम न्यायालय ने उन्हें हाईकोर्ट जाने के लिए कहा है। कोर्ट का कहना है कि हाईकोर्ट भी संवैधानिक संस्था है इसलिए हेमंत सोरेन को पहले वहां जाना चाहिए।


## प्रोसिड ऑफ क्राइम का केस नहीं : हेमंत सोरेन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
जमीन घोटाले के आरोप में गिरफ्तार राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गुरुवार ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में पेश किया गया था। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में लेते हुए 13 फरवरी तक के लिए बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार भेज दिया गया है। इस मामले में उनकी अगली पेशी 13 फरवरी को होगी। ईडी ने बुधवार को देर रात 10 बजे उक्त आरोप में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी दिखाई है। इससे पूर्व ईडी ने गुरुवार को हेमंत सोरेन को अदालत में पेशी के साथ पूछताछ के लिए 10 दिनों की पुलिस रिमांड का आवेदन दिया।

हेमंत सोरेन की ओर से एजी राजीव रंजन एवं ईडी की ओर से असिस्टेंट सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया अनिल कुमार ने बहस की थी। बहस पूरी होने के बाद अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया था जिसपर अपना आदेश आज सुनाया और पांच दिन की रिमांड पर भेज दिया। हेमंत सोरेन को ईडी ने बड़गाई अंचल के तत्कालीन राजस्व कर्मचारी भानु प्रताप प्रसाद के खिलाफ दर्ज केस में गिरफ्तारी दिखाई है। ईडी ने भानु प्रताप प्रसाद के खिलाफ सदर थाने में दर्ज प्राथमिकी कांड संख्या 272/23 से संबंधित तीन अगस्त 2023 को ईसीआईआर के तहत केस दर्ज किया है। बहस के दौरान ईडी ने बड़गाई अंचल की लगभग आठ एकड़ भूईहरी जमीन की गलत तरीके खरीद-बिक्री के साथ भानु प्रताप प्रसाद के आवास में ईडी की छापेमारी में बरामद 17 सेल डीड एवं जब्त मोबाईल में मिली जानकारी का हवाला दिया।

## देश को तोड़ना कांग्रेस के डीएनए में शामिल : बाबूलाल मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
कांग्रेस सांसद डीके सुरेश के देश को तोड़कर अलग देश बनाने की मांग पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शुक्रवार को कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि देश का विभाजन, देश को तोड़ना कांग्रेस के डीएनए में शामिल है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस सरकार में उप-मुख्यमंत्री के भाई और कांग्रेस से बेंगलुरु (ग्रामीण) से लोक सभा सांसद ने बजट पेश होने के बाद बयान दिया कि हमारी मांग है कि दक्षिण को भारत से अलग कर देनी चाहिए। मरांडी ने कहा कि अब पता चला कि राहुल गांधी वास्तव में कौन सी यात्रा निकाल रहे हैं। ये उनकी तथाकथित भारत तोड़ो यात्रा का ही असर है कि कांग्रेस के सांसद दक्षिण भारत को देश से तोड़कर एक अलग राष्ट्र बनाने की बात कर रहे हैं। आज सिद्ध हो गया



कि राहुल गांधी भारत तोड़ो यात्रा निकाल रहे हैं। भाजपा कांग्रेस सांसद के इस दुर्भाग्यपूर्ण बयान की कड़ी निंदा करती है और तुरंत ऐसी मानसिकता वाले लोगों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। डीके सुरेश को एक मिनट भी सांसद बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि क्या सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका वाड्रा डीके सुरेश के देश को तोड़ने वाले बयान की निंदा करेंगे? क्या कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे अपने सांसद डीके सुरेश को इस अक्षम्य अपराध के लिए पार्टी से निष्कासित करने का साहस दिखायेगी?

### सवालों के जवाब नहीं दे पा रहे पूर्व सीएम : अर्जुन मुंडा

**रांची/दिल्ली ।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने झामुमो नेता हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के दो दिन बाद उन पर निशाना साधा है। जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री सह कृषि मंत्री ने नई दिल्ली में कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार ने झारखंड को तीन साल तक लूटा। झारखंड की जनता को इसका सच बताने की बजाय मुख्यमंत्री ने भ्रष्टाचार के इन मामलों की अनदेखी की। इसी का नतीजा है कि जब मामला सामने आया और जांच शुरू हुई, तो हेमंत सोरेन सवालों के जवाब नहीं दे पा रहे हैं। अर्जुन मुंडा ने कहा कि मुझे लगता है कि देश की जनता बेहतर सरकार के साथ आगे बढ़ना चाहती है। हेमंत को रांची के बड़गाईं में भूमि खरीद-बिक्री के मामले से जुड़े मनी लाउंडरिंग केस में ईडी ने गिरफ्तार किया है।

# रात साढ़े बारह बजे सोए और सुबह साढ़े पांच में जागे हेमंत

### हेमंत के सेल में अटैच्ड बाथरूम और किचन भी

### होटवार जेल में कुछ इस तरह गुजारी पहली रात

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
जेल की चारदीवारी के अंदर पहुंच चुके पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खुद को सामान्य बनाए रखने और दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। एक फरवरी को रांची पीएमएलए कोर्ट में पेशी के बाद शाम करीब पांच बजे वो रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल ले जाए गए। जेल के अफसरों ने उन्हें खुद अपर डिवीजन ब्लॉक बी के सेल नंबर एक पहुंचाया।

उन्होंने जेल के अफसरों से कहा कि उन्हें किसी तरह की चिंता करने की जरूरत नहीं है। वे जेल के बाकी बंदियों की तरह सामान्य रूप से रहेंगे। जेल सूत्रों ने बताया कि सेल में पहुंचने के बाद शाम को उन्हें पहले स्नैक्स ऑफर किया गया, लेकिन उन्होंने अनिच्छा जताई। इसके बाद रात साढ़े आठ बजे उन्होंने रोटी, दूध और गोभी की सब्जी खाई। फिर वह थोड़ी देर तक टहलते रहे।

जिस सेल में उन्हें रखा गया है, उसमें अटैच्ड बाथरूम और किचन भी है। हेमंत सोरेन रात करीब साढ़े बारह बजे बिस्तर पर गए। इसके पहले उनकी नजर राज्य में सरकार गठन को लेकर चल रहे घटनाक्रमों पर बनी हुई थी। उन्हें रात में सूचना मिल गई थी कि राज्यपाल ने सरकार बनाने के चंपई सोरेन को दावे को स्वीकार कर लिया है। शुक्रवार की सुबह भी सोरेन करीब साढ़े पांच बजे जग गए थे। स्नान और पूजा के बाद वे तैयार हो गए। दोपहर करीब 12 बजे उन्हें पेशी के लिए पीएमएलए कोर्ट ले जाया गया। कोर्ट ने ईडी के दरख्वास्त पर उन्हें पांच दिनों के लिए रिमांड पर भेज दिया। सबसे खास बात यह कि हेमंत सोरेन अपनी गिरफ्तारी के बाद बॉडी लैंग्वेज से खुद को मजबूत प्रदर्शित करने की कोशिश कर रहे हैं। ईडी की हिरासत में जाते हुए, जेल जाते हुए या फिर कोर्ट में पेशी के वक्त उन्होंने न सिर्फ हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन किया, बल्कि लगातार मुस्कुराते रहे।

## संक्षिप्त खबरें


राज्य के नए मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दी।

### शपथ ग्रहण समारोह को लेकर राजभवन के पास सुरक्षा के कड़े इंतजाम



**रांची।** मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह को लेकर राजभवन के पास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। राजभवन के मुख्य गेट पर कड़ी सुरक्षा घेरा बनाया गया है। इस दौरान कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए पुलिस पदाधिकारी के साथ मौजूद है। सुरक्षा के मद्देनजर राजभवन के गेट पर काफी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। इससे पूर्व गुरुवार को उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा और एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने राजभवन के समीप जाकर सुरक्षा का जायजा लिया था। दोनों अधिकारियों ने वहां तैनात पदाधिकारी को कई निर्देश भी दिए थे।

### आदिवासी संगठनों की एकता महारैली चार को

**रांची।** आदिवासियों के विभिन्न संगठनों की ओर से चार फरवरी को आदिवासी एकता महारैली का आयोजन मोरहाबादी में किया गया है। केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने शुक्रवार को कहा कि रैली ऐतिहासिक होगी। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आदिवासी जन परिषद के प्रेम शाही मुंडा, अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के कुंदर्शी मुंडा, आदिवासी अधिकार मंच के प्रफुल्ल लिंडा, आदिवासी लोहरा समाज के अध्यक्ष बालमुकुंद तैयारी में जुटे हुए हैं।

### पूर्व उपायुक्त छवि रंजन की जमानत पर सुनवाई नौ फरवरी को

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में बरियातू में सेना की जमीन एवं चेशायर होम रोड की जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री से जुड़े दो अलग-अलग मामलों में रांची के पूर्व उपायुक्त छविरंजन, पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश एवं व्यवसायी अमित कुमार अग्रवाल की जमानत याचिका पर शुक्रवार को आंशिक सुनवाई हुई। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने बरियातू के चेशायर होम रोड की जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री मामले में रांची के पूर्व उपायुक्त छविरंजन एवं प्रेम प्रकाश की जमानत याचिका पर सुनवाई के लिए नौ फरवरी की तिथि निर्धारित की है। बरियातू स्थित 4.55 एकड़ सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद-बिक्री मामले में अमित कुमार अग्रवाल की जमानत याचिका पर भी सुनवाई के लिए कोर्ट ने नौ फरवरी की तिथि निर्धारित की है। इन तीनों मामलों में ईडी की ओर से जवाब दाखिल किया जा चुका है।

### झारखंड हाई कोर्ट ने सीए मुकेश मित्तल की अग्रिम जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में मनी लॉन्ड्रिंग में ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम केस से जुड़े सीए मुकेश मित्तल की अग्रिम जमानत याचिका की सुनवाई शुक्रवार को हुई। मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गई। इसके बाद जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया। ईडी की ओर से हाई कोर्ट के अधिवक्ता एके दास ने पैरवी की। मुकेश मित्तल पर वीरेंद्र राम की काली कमाई के लगभग 14 करोड़ रुपये को सफेद करने का आरोप है। इसके एवज में उसे मोटी रकम कमीशन के रूप में मिलती थी। इसके लिए उसने अपने कर्मचारियों के बैंक खातों का इस्तेमाल किया था। पूर्व में मुकेश मित्तल की व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट संबंधी याचिका को यह कोर्ट खारिज कर चुका है। उनकी अग्रिम जमानत याचिका को भी ईडी कोर्ट ने 16 दिसंबर, 2023 को खारिज कर दिया था। इसके बाद उनकी ओर से हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की गई है।

### निलंबित अभियंता वीरेंद्र राम की पत्नी और पिता की जमानत याचिका पर हुई सुनवाई

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में शुक्रवार को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में निलंबित ग्रामीण कार्य विभाग के मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम की पत्नी एवं उनके पिता गेंदा राम की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने प्रार्थी को एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी), जमशेदपुर में वर्ष 2019 में दर्ज केस 13/2019 में दायर आरोप पत्र को कोर्ट के रिकॉर्ड में लाने का निर्देश दिया है। इसी केस के आरोप पत्र को आधार बनाते हुए ईडी ने वीरेंद्र राम, गेंदा राम एवं राजकुमारी के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 16 फरवरी निर्धारित की है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता शुभाशीष रसिक सोरेन ने पैरवी की। पूर्व में ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने गेंदा राम और राजकुमारी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद इन दोनों की ओर से हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की गई है। 21 अप्रैल, 2023 को वीरेंद्र राम, उनके भाई आलोक रंजन, वीरेंद्र राम की पत्नी राजकुमारी देवी एवं पिता गेंदा राम के खिलाफ ईडी की अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया गया था। ईडी की टीम ने वीरेंद्र राम की 39.28 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की थी। जब्त की गई संपत्ति वीरेंद्र द्वारा टेंडर में कमीशन से उगाही अर्जित की गई है। 22 फरवरी, 2023 को वीरेंद्र राम के आवास पर छापेमारी के दौरान उसके रांची के अशोक नगर स्थित आवास से ईडी ने गिरफ्तार किया था।

### चार आईपीएस सहित 95 डीएसपी को अविलंब प्रभार ग्रहण करने का आदेश

**रांची।** गृह विभाग ने 30 जनवरी को चार आईपीएस सहित 95 डीएसपी का तबादला किया था। इस दौरान बदलती राजनीतिक परिस्थिति में इसपर रोक लगा दी गयी थी। लेकिन फिर अफसरों का तबादला किया गया था, उन्हें मौजूदा जगह पर ही बने रहने को कहा गया था। अब पुलिस मुख्यालय ने आदेश जारी कर अविलंब प्रभार ग्रहण करते हुए अनुपालन प्रतिवेदन मांगा है। डीजीपी के आदेश पर आईजी मानवाधिकार ने शुक्रवार को आदेश जारी कर दिया है। इनमें चार आईपीएस और नवप्रोन्नत डीएसपी भी शामिल हैं। प्रशिक्षु आईपीएस कुमार शिवाशीष को हजारीबाग एसडीपीओ, ऋत्विक श्रीवास्तव को एसडीपीओ देवघर, पारस राणा को एसडीपीओ चक्रधरपुर और राकेश सिंह को एसडीपीओ विश्रामपुर बनाया गया है। जबकि राजधानी रांची के सदर डीएसपी अमित कुमार, हटिया डीएसपी प्रमोद मिश्र और सिटी डीएसपी कुमार वेंकटेश रमन को बनाया गया है।

## रांची में डीजीएफटी कार्यालय की स्थापना की जाए : चैंबर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारतीय विदेश सेवा के 2023 बैच की अधिकारी स्वाति संदीप ने इंडक्शन प्रोग्राम के तहत फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारियों संग चैंबर भवन में बैठक कर उद्योग, व्यापार, पर्यटन और प्रवासी मामलों पर चर्चा की। सदस्यों द्वारा कहा गया कि भारत में निर्धारित समयावधि में तीव्र गति से 5 ट्रिलियन अमरीकी डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को हासिल करने के लिए माल और सेवाएं दोनों स्तरों पर निर्यात को बढ़ावा देना बेहद जरूरी है। ईज ऑफ डूईंग बिजनेस को बढावा देने के लिए नीति, नियामक और परिचालन ढांचे से संबंधित घरेलू और विदेशी बाधाओं को भी व्यवस्थित तरीके से दूर करने की जरूरत है। झारखण्ड चैंबर द्वारा पिछले वर्ष श्रीलंका दौरे की जानकारी देते हुए चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने झारखण्ड से विदेशों में व्यापार के अवसर को बढ़ाने के लिए झारखंड चैंबर और अन्य देशों के बीच समन्वय बैठकों के आयोजन को भी जरूरी बताया। महासचिव परेश गट्टानी और कार्यकारिणी सदस्य रोहित पोद्दार ने संयुक्त रूप से कहा कि प्रदेश में विभिन्न प्रकार के उत्पादों और सेवाओं के निर्यात के पर्याप्त अवसर हैं।

### सेवा जागरुकता मंच ने किया कार्यशाला का आयोजन

# कोयले पर आधारित है झारखंड की पूरी अर्थव्यवस्था : गोपाल सिंह



**कोयलांचल की भूमिका, समस्यायें व समाधान विषय पर विशेषज्ञों ने किया मंथन**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड की पूरी अर्थव्यवस्था ही जहां कोयले पर आधारित है। यही कारण है कि कोयला नहीं तो झारखंड नहीं कहना शायद अतिशयोक्ति नहीं होगी। वहीं देश की अर्थव्यवस्था में भी कोयले का बहुत बड़ा योगदान है। स्थिति यह है कि देश में जलने वाले प्रत्येक 10 बल्बों में सात सीधे तौर पर कोयला उत्पादित बिजली से जलते हैं। कोयलांचल की भूमिका समस्यायें व समाधान विषय पर सेवा जागरूकता मंच के तत्वावधान में रांची के वृंदावन गार्डेन में आयोजित कार्यशाला सह सम्मान समारोह की विषय प्रस्तुति करते हुये मंच के अध्यक्ष सह कोल इंडिया के पूर्व चेयरमैन गोपाल सिंह ने यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि

### कोयले के आयात से भुगतान असंतुलन

कार्यशाला के दौरान वक्ताओं ने कहा कि वर्ष 2022-23 में हमारे देश को 237 एमटी कोयले का आयात करना पड़ा था। इसके लिये तीन लाख 83 हजार करोड़ रूपये का भुगतान करना पड़ा था। इस तरह के आयात से देश का भुगतान संतुलन प्रभावित होता है। देश में ही कोयले का उत्पादन बढ़ाकर जहां भुगतान असंतुलन की स्थिति को रोका जा सकता है। वहीं रोजगार सृजन में भी इजाफा किया जा सकता है।

### प्रेस क्लब के पदाधिकारी सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र सोरेन, सचिव अमरकांत, कोषाध्यक्ष कुबेर सिंह, मनोज सिंह सहित अन्य पत्रकारों को सम्मानित किया गया। इस दौरान सभी ने उम्मीद जतायी कि नये पदाधिकारियों के नेतृत्व में प्रेस क्लब तरक्की के नये प्रतिमान स्थापित करेगा।

### गुरु नानक स्कूल में अंग्रेजी कविता व कहानी वाचन प्रतियोगिता

**रांची।** गुरु नानक स्कूल मे कक्षा नर्सरी से द्वितीय वर्ग के बच्चों द्वारा अंग्रेजी कविता एवं कहानी वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । नन्हे नन्हे बच्चों ने उत्साह पूर्वक जानवरों ,रिश्ते और प्रकृति पर दिलचस्प कविताएँ सुनाई बच्चों ने अपने शुद्ध उच्चारण से श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दियो बच्चों की कविताओं की शैली, धाराप्रवाहिता,शब्दों के उच्चारण ,एवं समग्र प्रस्तुति को देखकर विजेताओं का चयन किया गया। कक्षा प्रेप एवम द्वितीय के बच्चों ने अपनी कहानियों से श्रोताओं को भाव विभोर कर दियो कहानियाँ नैतिक मूल्यों पर आधारित थी इस प्रकार के प्रतियोगिताओं से बच्चों के मनोबल को बढ़ावा मिलता है। इस अवसर पर श्रीमती ईशविंदर चड्ढा, अमृत कौर, सतमीत कौर एवम तरवीन कौर ने निर्णायक की भूमिका निभाई। विद्यालय की प्रधानाचार्या डा. कैप्टन सुमित कौर, उप प्रधानाचार्या सोनिया कौर एवम मुख्याध्यापिका हरप्रीत कौर ने बच्चों एवम शिक्षिकाओं का उत्साहवर्धन किया जिनके अनथक प्रयास से ये कार्यक्रम सफल हुआ।

## जान लेवा खंभा : सुजाता चौक



सुजाता चौक पर बिजली के खंभे से बेतरतीब ढंग से तार लटक रहे हैं। इससे कभी भी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।(फोटो- जगदीश सिंह)

### आरडीसीआईएस-सेल इंजीनियर्स ने जीती ट्राफी



**रांची।** विनिर्माण और सेवा नवाचार की श्रेणी के तहत 12वीं इनोवेशन प्रैक्टिशनर्स केस स्टडी प्रतियोगिता और शिखर सम्मेलन में जीत के लिए आरडीसीआईएस सेल इंजीनियरों को ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन (एआईएमए) द्वारा उपविजेता ट्रॉफी और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। आरडीसीआईएस टीम, जिसमें श्री मिथिलेश कुमार सिंह, एजीएम, श्री रत्नेश कुमार राम, एजीएम, और श्री श्रीप्रकाश सुधीर, सीनियर मैनेजर शामिल थे, ने भिलाई स्टील प्लांट के सिंटर प्लांट-2 में हाल ही में लागू की गई परियोजना की एक अभिनव सामग्री को प्रदर्शित करते हुए प्रक्रिया गहनता के माध्यम से सिंटर चार्ज मिश्रण के बॉलिंग इंडेक्स में सुधार शीर्षक से एक केस स्टडी प्रस्तुत की। प्रतियोगिता में देश भर के कई प्रमुख व्यापारिक संगठनों ने भाग लिया।

### लैंगिक हिंसा के खिलाफ नई चेतना 2.0 पहल बदलाव संपन्न




**रांची ।** राज्य के सभी 24 जिलों के 127 प्रखंडो में 323 संकुल संगठनो में कबड्डी, 187 सीएलएफमें, 14 में खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन महिलाओं के बीच किया गया दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय योजना-ग्रामीण राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत जेंडर आधारित हिंसा के खिलाफ राष्ट्रीयअभियान नई चेतना 2.0 - पहल बदलाव की 25 नवंबर को महिलाओं के खिलाफ हिंसा उन्मूलन के लिए अंतरर्राष्ट्रीय दिवस पर शुरू किया गया था। करीब दो महीनों तक चले इस अभियान का समापन 31 जनवरी 2024 को किया गया। नई चेतना अभियान का उद्देश्य महिलाओं के अधिकारों को आगे बढ़ाना तथा उनके जीवन को भय और जेंडर-आधारित भेदभाव से मुक्तो करना है।

### दो दिवसीय जापान फेस्ट का शुभारंभ हुआ



**रांची।** 2 फरवरी को रांची विश्वविद्यलाय के आर्यभट्ट सभागार में दो दिवसीय जापान फेस्ट का शुभारंभ हुआ। यह फेस्ट तामई ओनेटड़म इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सौजन्य से रांची विश्वविद्यालय के साथ हो रहा है। कुलपति रांची विश्वविद्यालय प्रो. डॉ. अजीत कुमार सिन्हा ने जापानी टीम का स्वागत किया और कहा कि जापानी भाषा का कोर्स रांची विश्वविद्यालय में प्रारंभ हो रहा है। यहां हमारे लिये एक उपलब्धि की बात है। हमारे छात्र जापानी भाषा सीखने के साथ ही जापानी कार्य संस्कृति और अनुशासन भी सीखेंगे। यह कोर्स झारखंड के युवाओं के लिये बहुत ही रोजगारपरक साबित होगा है। भारतीयों का जापानी भाषा को सीखना हर लिहाज से कैरियर के लिये एक बेहतरीन चुनाव है।

### वाईबीएन विवि में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ



**रांची।** झारखंड के प्रसिद्ध निजी विश्वविद्यालय में से एक वाईबीएन विश्वविद्यालय के आर्ट्स व हुमानिटीज संकाय ने 2 और 3 फरवरी को दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के आयोजन का शुभारंभ किया। दो दिवसीय सम्मेलन की शुरूआत डॉ. रश्मि और जाह्नवी सौम्या के स्वागत भाषण से हुई। तत्पश्चात दीप प्रज्वलन के साथ एवं पुष्प गुच्छ देकर अतिथियों को सम्मानित किया गया' इस सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि डॉ. स्नेहल परमार स्पांसर निस्वार्थ चिल्ड्रेन फाउंडेशन यूएसए अमेरिका व इंडिया हेड व सीईओ थे। इस दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में इनका बहुमूल्य योगदान रहा। दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का टॉपिक वैश्विक संदर्भ में बहुविषयक अनुसंधानः नैतिकता, चुनौतियाँ और अवसर है।

### सीसीएल आरोग्य केंद्र की ओर से हेल्थ कैंप का आयोजन

**रांची।** सीसीएल जन आरोग्य केंद्र द्वारा रांची के सुतियाम्बे बस्ती में निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 207 ग्रामीणों की एनेमिया (खून की कमी) की जाँच की गयी। इस शिविर में एनेमिया से पीड़ित 22, उच्च रक्तचाप के के 43 एवं मधुमेह (डायबिटीज) के मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें चिकित्सीय परामर्श देते हुए निःशुल्क दवाई भी प्रदान की गयी। बताते चलें कि सीसीएल अपने हितधारकों सहित कमान क्षेत्र के आस - पास रहने वाले सभी लोगों का विशेषकर गरीब ग्रामीणों के स्वास्थ्य के प्रति जन सेवा के लिए कृतसंकल्पित है। इसी कड़ी में कंपनी द्वारा समय - समय पर विभिन्न गावों में इस तरह के शिविर का आयोजित की जाती है। इन शिविरों ग्रामवासियों को काफी लाभ हो रहा है। इस अवसर पर सीएमएस (इंचार्ज), सीसीएल डॉ. रत्नेश जैन, सीएमओ डॉ. प्रीती तिग्गा, सीएसआर इंचार्ज डॉ. शशिकांत प्रसाद, डॉ. अनीता होरो, डॉ. रजनी कुजूर, डॉ. शिखा एवं अन्य पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित थे।



# इमली चौक से मुक्तिधाम मार्ग के किनारे नाली क्षतिग्रस्त

### चार महीने से नाली में स्लैब के टुकड़े पड़े होने से जल निकासी है अवरूद्ध

**अमित कुमार। रांची**

हरमू स्थित वार्ड 26 के इमली चौक से हरमू मुक्तिधाम की ओर जाने वाली सड़क के किनारे नाली पिछले चार माह से खतरनाक ढंग से क्षतिग्रस्त हो गयी है। जगह-जगह टूटा स्लैब नाली में गिर जाने के कारण जलनिकास अवरूद्ध हो गया है। इससे जहां नाली का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। वहीं दुर्घटनाओं का ग्राफ भी बढ़ गया है। नागरिकों का कहना है कि नगर निकाय का चुनाव अभी दूर है। ऐसे में प्रशासक नगर निगम के स्तर से सीधे तौर पर काम का संचालन हो रहा है। आमजन के लिये अपनी समस्या को प्रशासक को लिखित रुप में देना मुश्किल है। ऐसे में वार्ड की जनता अपनी समस्या समाधान के लिए वार्ड पार्षद के पास जा रही है, किंतु कार्यकाल समाप्त हो जाने के कारण पार्षद उनकी समस्या का निराकरण करने में असमर्थ हैं। इस वजह से निगम में कई समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। लोगों ने कहा कि नाली के क्षतिग्रस्त स्लैब की चपेट में आने से आये दिन बच्चे दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं।



### निगम का ध्यान नहीं : उमेश



क्षेत्र के निवासी उमेश रजक गुड्डु ने कहा कि क्षेत्र की नाली पिछले चार माह से टूटी पड़ी है। बना स्लैब औंधे नाली में ही गिर कर अटका पड़ा है। नगर निगम व पूर्व पार्षद से बोल-बोल कर थक चुके हैं। इसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। हर दिन वाहन चालक व बच्चे टूटी नाली की वजह से गिरते रहते हैं।

### वार्ड के पूर्व पार्षद अरुण झा ने कहा



इस संबंध में कई बार जानकारी दी गई। बावजूद इसके क्षतिग्रस्त नाली की मरम्मत का रास्ता साफ नहीं हुआ। वर्तमान में पार्षद के पास काम का अधिकार नहीं है। इसके लिए लोगों को प्रशासक नगर निगम को अपनी समस्या लिखित रुप में देने से ही समस्या का निराकरण हो सकेगा।

### तत्काल हो मरम्मतः मो.निसाद



मो निसाद ने कहा कि नाली टूट जाने से उसमें स्लैब गिर कर फंस गया है। इस कारण यह और अधिक घातक हो गया है। गली के अंदर रहने वालों के लिये यही रास्ता है। इस कारण इसी मार्ग से आना जाना पड़ता है। क्षतिग्रस्त नाली की स्थिति से बड़ों के साथ बच्चों पर भी खतरा बना हुआ है। नगर निगम को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है।

## वित्तीय प्रबंधन और प्रशासनिक सुधार के साथ व्यय पर रखें नजर : राजेश्वरी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्रीमती राजेश्वरी बी, निदेशक -सह- सदस्य, झारखंड राज्य बाल संरक्षण संस्था ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूर्व से चल रही योजनाओं की सतत निगरानी करते रहें। उन्होंने कहा कि कुशल वित्तीय प्रबंधन और प्रशासनिक सुधार की पहल करते हुए व्यय पर पैनी नजर रखें और उसे युक्तिसंगत बनाने पर भी जोर दें। वे योजनावार बजट के विरुद्ध खर्च की गई राशि के विवरण, योजना बजट के विरुद्ध निर्गत स्वीकृति आदेश और व्यय की स्थिति की समीक्षा बैठक में बोल रही थीं। बैठक में श्रीमती राजेश्वरी बी ने सभी संस्थानों से उनके द्वारा बच्चों के बौद्धिक विकास के संबंध में किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने निदेश दिया कि बाल संरक्षण इकाई के बच्चों को अन्य विद्यालय के बच्चों से मिलवाने और उनके साथ खेलने आदि की भी व्यवस्था करें। जिन स्थानों पर बच्चों को रखा जाता है वहां मानसिक एवं बौद्धिक क्षमता के विकास करने हेतु खेल सामग्री उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। निदेशक, समाज कल्याण विभाग के नेतृत्व में संचालित बाल संरक्षण इकाई के संचालन व्यवस्था के संबंध में भी समीक्षा की।बैठक में उपसचिव विकास कुमार , डीसीपीओ की टीम सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

### पहाड़ी बाबा का तिलकोत्सव 14 को, महाशिवरात्रि को लेकर हुई समिति की बैठक



**रांची।** श्री शिव बारात आयोजन महासमिति पहाड़ी मंदिर की बैठक शुक्रवार को संस्थापक अध्यक्ष राजेश साहू की अध्यक्षता में हुई। इसमें महाशिवरात्रि को लेकर विशेष चर्चा की गई। महाशिवरात्रि में श्री शिव बारात आयोजन महासमिति पहाड़ी मंदिर के द्वारा भव्य और विशाल शिवबारात निकाली जाती है, जिसमें विभिन्न प्रकार की मनमोहक झांकियां निकलती हैं। बहुत ही जल्द पहाड़ी मंदिर प्रांगण में तैयारी को लेकर बैठक की जाएगी एवं कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा की जाएगी। 14 फरवरी को पहाड़ी बाबा का भव्य तिलक उत्सव होगा। भंडारा का आयोजन किया जाएगा। छप्पनभोग के साथ बाबा की महाआरती होगी। श्रृंगार किया जाएगा।पहाड़ी बाबा का तिलक पंच शिव मंदिर, आर्यपुरी रातू रोड से ढोल नगाड़े के साथ पहाड़ी मंदिर आएगा। मुख्य रूप से समाजसेवी जितेंद्र सिंह, राजेश साहू , मेहुल प्रसाद , बादल सिंह, राम सिंह , दीपक नंदा, राजकुमार तलेजा, अंशु तिवारी, वैष्णवी, आकृति एवं शिव भक्त मौजूद थे।

### शहीद जगदेव प्रसाद की 102वीं जयंती मनी



**रांची।** राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने प्रदेश कार्यालय में अमर शहीद जगदेव प्रसाद की 102वी जयंती पर उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। श्री गुप्ता ने उनके संघर्षों को याद करते हुए कहा कि अमर शहीद जगदेव प्रसाद ने बरसों पूर्व कहा था कि भारतीय समाज साफ तौर से दो भागों में बांटा हुआ है 10% शोषक और 90% शोषित इज्जत और रोटी की यह लड़ाई भारत में समाजवाद या कम्युनिज्म की असली लड़ाई है जो भारत का असली वर्ग संघर्ष है। शहीद जगदेव प्रसाद की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में सुरेश प्रसाद राम, लखन साहू, शुभम विश्वकर्मा, जगदीश साहू, राम अवतार कश्यप, मोहम्मद जुनैद, विनय कुमार, संतोष कुमार आदि उपस्थित थे।

## सेवा भारती का वार्षिकोत्सव सह बाल संगम कल




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सेवा भारती, रांची महानगर का वार्षिकोत्सव सह बाल संगम चार फरवरी को रांची के कडरू कॉपरेटिव मैदान, डी.ए.वी कपिलदेव स्कूल मैदान में आयोजित किया गया है। इस एक दिवसीय समारोह में 70 सेवा बस्तियों के बालक-बालिकाएं एवं वैभवश्री से जुड़ कर स्वावलंबी महिलाओं का संगम होगा। दिन भर के कार्यक्रम के दौरान सुबह में सेवा बस्तियों के लगभग 1500 बच्चों द्वारा रंग भरो चित्रकला प्रतियोगिता' होगी, जहां कक्षा अनुसार 5 समूह में बच्चे अयोध्या में स्थापित भव्य राम मंदिर के चित्र को रंग भर कर अपनी कला दिखाएंगे। तदोपरांत समूह सह प्रथम, द्वितीय, तृतीय का चयन कर पुरस्कृत किया जायेगा। इसी मध्य वैभवश्री से जुड़ी स्वावलंबी महिलाओं की गोष्ठी आयोजित है। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डा आशा लकड़ा, पूर्व मेयर, रांची नगर निगम, कार्यक्रम अध्यक्ष रश्मि दयाल, सामाजिक कार्यकर्ता जयश्री इन्दरवार विशिष्ट अतिथि एवं आशीर्वचन निर्मला कौर, पूर्व एडीजीपी का होगा। यह जानकारी सेवा भारती रांची महानगर के अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत ने शुक्रवार को आयोजित प्रेस वार्ता में दी।

उन्होंने बताया कि दोपहर दो बजे से सार्वजनिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस अवसर पर बच्चों द्वारा सामूहिक मंत्रोचार, गीत, तीष्ठ योग एवं आसन का प्रदर्शन किया जायेगा। सार्वजनिक कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, झारखण्ड-बिहार के क्षेत्र संघचालक देवव्रत पाहन का आशीर्वचन प्राप्त होगा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में रांची के उद्यमी व समाज सेवी विष्णुदत्त गोयल रहेंगे।

### बीआईटी मेसरा के पूर्व खेल निदेशक आरएस यादव का निधन

**रांची।** बीआईटी के पूर्व खेल निदेशक आरएस यादव का आज निधन हो गया आज उनके बड़े बेटे बीआईटी के ही खेल इंचार्ज महेंद्र कुमार ने मुख अग्नि दी 87 वर्षीय श्री यादव बनारस के बी ए यू में एम ए साइकोलॉजी किया उसके बाद रामपुर यूपी से बीपीएड पास की उन्होंने 1963 में पटियाला से एनएसएनआईएस की एथलेटिक्स की डिप्लोमा पूरा किया 1964 में बीआईटी में योगदान दिया उन्होंने खेल डिपार्टमेंट में शारीरिक शिक्षा विभाग में योगदान दिया श्री यादव अखिल भारतीय इंडियन यूनिवर्सिटी नई दिल्ली में तीन बार सदस्य रहे और 5 बार आब्जर्वर के रूप में कार्य किया श्री यादव 2010 में बीआईटी से रिटायर हुए उन्हीं की कार्यकाल में बी आईटी कैंपस का निर्माण हुआ श्री यादव रांची विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के सदस्य और चयन कर्ता भी रहे।

### कॉलेज में समस्याओं का अंबार, बिफरे छात्र

**छात्र आजसू ने मारवाड़ी महिला महाविद्यालय में जड़ा ताला**

**रांची।** स्थानीय मारवाड़ी महिला महाविद्यालय में समस्याओं के अंबार का आरोप लगाते हुये छात्रों ने व्यापक रोष जताया है। समस्याओं के विरोध में अखिल झारखंड छात्र संघ आजसू द्वारा महाविद्यालय में ताला जड़ कर गहरी नाराजगी जतायी। आजसू के रांची विश्वविद्यालय इकाई के अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला, मारवाड़ी महाविद्यालय के अध्यक्ष विशाल कुमार यादव व रूफी प्रवीण के नेतृत्व में छात्रों ने आरोप लगाया कि यहां मूलभूत सुविधाओं का नितांत अभाव है। वाश रूम की स्थिति दयनीय होने के कारण छात्राओं को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। गुंचा व ईशा गुप्ता ने कहा कि लाईब्रेसी में जहां किताबें नहीं हैं। वहीं छात्राओं के लिये कामन रूम तक की व्यवस्था नहीं है। तीन घंटे तक चले हंगामे के बाद मौके पर पहुंचे महाविद्यालय के वाइस प्रिंसिपल डा. आरके शर्मा, डा. संजीव चतुर्वेदी, डीएसडब्ल्यू एवं इंचार्ज प्रभाव महतो ने छात्र-छात्राओं से वार्ता कर 48 घंटे के अंतराल में समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया।

### वैश्विक दुनिया में सांस्कृतिक आदान-प्रदान जरूरी

**डीपीएस रांची में जापानी भाषा व संस्कृति पर इंटरएक्टिव कार्यक्रम का आयोजन**

**रांची।** दिल्ली पब्लिक स्कूल रांची में छात्र-छात्राओं को जापान की समृद्ध विरासत व समकालीन पहलुओं का समग्र अनुभव कराने के उद्देश्य से इंटरएक्टिव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत जापान के आभासी दौरे से की गयी। जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को सुरम्य परिदृश्य, ऐतिहासिक स्थलों व आधुनिक शहरी क्षेत्रों का पता लगाने का मौका प्राप्त हुआ। तत्पश्चात जापान से संबंधी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में जापनी इतिहास, परंपराओं व समकालीन समाज के बारे में छात्रों के ज्ञान का परीक्षण किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों के ज्ञान वर्द्धन के साथ ही उनमें प्रतिस्पर्धा की भावना भी विकसित की गयी। विद्यालय के प्राचार्य डा. राम सिंह ने अपने उद्बोधन में वैश्विक दुनिया में सांस्कृतिक आदान-प्रदान व भाषा सीखने के महत्व पर जोर दिया।

### नुक्कड़ नाटक से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**शहरी मतदाताओं व युवाओं को जागरूक मतदाता बनने के लिए किया गया प्रेरित**

**रांची।** मुख्य निर्वाचक पदाधिकारी झारखण्ड के निदेर्शानुसार दिनांक-02 फरवरी 2024 को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शारदा ग्लोबल स्कूल, ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल एवं बर्लिन पब्लिक स्कूल,रांची में किया गया । जहाँ छात्र छात्राओं को मतदान की महत्ता से जुड़ी सारी जरूरी जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी सारी जानकारी जैसे वोटर हेल्पलाइन, वोटर पोर्टल एवं वोटर हेल्पलाइन नंबर की जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य मतदाता प्रतिशत बढ़ाना एवं उनकी सशक्त भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करना था। युवाओं को याद दिलाया गया कि वे देश का भविष्य है एवं उनके मतदान करने के अधिकार पर उन्हें गर्व होगा। इसके अलावा कार्यक्रम को अधिक रोचक बनाने के लिए एक्सटेम्पोरे प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जहाँ चुनिंदा विद्यार्थियों को पुरुस्कृत भी किया गया।

### आरयू महिला हॉकी टीम ने फाइनल में किया प्रवेश



**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने आज एक बार फिर शानदार खेल और तालमेल का परिचय देते हुए सेमीफाइनल मैच में संबलपुर विश्वविद्यालय को 3-0 से पराजित कर अखिल भारतीय अंतर्र विश्वविद्यालय महिला हॉकी प्रतियोगिता के फाइनल में अपना स्थान सुरक्षित किया फाइनल में अब रांची विश्वविद्यालय के मुकाबले कल ग्वालियर विश्वविद्यालय से होगा पुणे में सावित्रीबाई विश्वविद्यालय के तत्वाधान में खेले जा रहे इस प्रतियोगिता के दूसरे सेमीफाइनल मैच में आज रांची विश्वविद्यालय में की टीम ने संबलपुर विश्वविद्यालय को 3-0 से पराजित किया रांची विश्वविद्यालय की टीम पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय महिला हॉकी प्रतियोगिता में संबलपुर के हाथों पराजित हुई थी।

## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित दैनिक 'राष्ट्रीय नवीन मेल' को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान चीफ रिपोंटर, समाचार संपादक, पेजिनेटर/सब एडिटर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोंटर की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक 'राष्ट्रीय नवीन मेल', 502 बी, मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)।

## एक नजर

### नशे की हालत में फांसी लगाकर किया आत्महत्या का प्रयास

**सिमडेगा।** सिमडेगा शहरी क्षेत्र के खैरनटोली में 30 वर्षीय संजय मांझी नामक व्यक्ति ने नशे की हालत में अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। परिवार वालों की मदद से उसे उतार कर इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल लाया गया जहां पर उसका इलाज किया जा रहा है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार संजय नशे का सेवन कर घर पहुंचा और किसी बात को लेकर वह नाराज होकर अपने ही घर में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर झूल गया, वहीं बगल में मौजूद बच्चों ने इसकी जानकारी उसकी पत्नी को दी।जिसके बाद आसपास के लोगों के द्वारा पहुंचकर उसे फांसी के फंदे से झूलते हुए रस्सी से उतारा, इस दौरान संजय बेहोश हो गया ।

### बेहोशी की हालत में पड़े विक्षिप्त को पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल



**बानो ।** प्रखण्ड के महाबुवांग थाना क्षेत्र के बुरुइरगी जराटोली के पास बेहोशी की हालत में एक युवक पड़ा देखा गया।इसकी जानकारी ग्रामीणों ने महाबुवांग थाना प्रभारी हेमकिशोर गुप्ता को दिया । सूचना मिलने पर महाबुवांग पुलिस ने अज्ञात विक्षिप्त व्यक्ति को उठा कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिये पहुँचाया। अज्ञात व्यक्ति की मसनसिक हालत ठीक नही होने के कारण कुछ बता नही पा रहा। महाबुवांग पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति की नगढंग हालत देख कर पहनने के लिए कपड़े उपलब्ध कराया ।समाचार लिखे जाने तक युवक बेहोशी की हालत में था एवं उसकी पहचान नहीं हो सकी थी।

### ऑटो पलटने से एक की मौत, चार घायल

**ठेठईटांगर।** शुक्रवार को ठेठईटांगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बाड़ा पेट्रोल पंप के समीप एक ओटो के पलटने से चार लोग घायल हो गए एवं एक व्यक्ति की अस्पताल पहुँचने के दौरान मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार बोलबा पीड़ियापोंछ के एक ऑटो से ग्रामीण गांधी मेला घूमने आए हुए थे।मेला घूमकर लौटने के दौरान ऑटो बाड़ा पेट्रोल पंप के समीप अनियंत्रित होकर पलट गई।ऑटो के पलटने से ऑटो में बैठे सभी यात्री गाड़ी से बाहर गिर गए। जिसमें चार यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए एवं एक व्यक्ति की अस्पताल पहुँचने के दौरान मौत हो गई।घटना के बाद तत्काल घटना की सूचना ठेठईटांगर थाना एवं 108 एम्बुलेंस को दी गई।वहीं राहगीरों के द्वारा प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज को भी सुचना की जानकारी दी गई। सुचना मिलते ही ठेठईटांगर थाना,108 एम्बुलेंस एवं प्रखंड प्रमुख एवं चौक में उपस्थित उनके साथी मदद के लिए फौरन घटनास्थल पर पहुंचे।

# बिजली की समस्याओं को लेकर भाजपा नेताओं ने किया क्षेत्र का भ्रमण



**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा** भाजपा नेताओ ने कोलेबिरा प्रखंड का भ्रमण किया।भ्रमण के क्रम में कोलेबिरा मंडल अध्यक्ष अशोक इंदवार एवं अन्य मौजूद थे।भाजपा नेता मंडल अध्यक्ष अशोक इंदवार ने बिजली समस्याओं को लेकर हरिजन बस्ती, रायटोली और सरायपणी गांव का भ्रमण किया जहां बिगत सभी तीनो गांव के ट्रांसफार्मर एक साल से खराब है ,जिसके कारण तीनों गांव के ग्रामीणों को अंधकार में रात गुजरना पड़ रहा है और कई कठिनाइयों को सामना कर रहे हैं।ट्रांसफार्मर के खराब होने से विद्यालय में पढ़ने लिखनेवाले बच्चों को काफी कठिनाइयां हो रही है।मौके पर ग्रामीणों ने मंडल अध्यक्ष अशोक इंदवार को जल्द बिजली विभाग से 25 केवीए का नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने का ज्ञापन सौंपा है उसके बाद ग्रामीणों को अविलंब नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया और बिजली विभाग कोलेबिरा जाकर बिजली विभाग के अधिकारियों से मिला और ऊक्त तीनों गांव के ग्रामीणों को जनहित में जांच कर अविलंब 25-25 केवी का नया ट्रान्सफर उपलब्ध कराने का आग्रह किया है ,अगर 15 दिनों के अंदर उपलब्ध नहीं कराए जाने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तैयारी को लेकर प्रखंड इकाई की हुई बैठक

# प्रखंड से 15 हजार लोगों की भागीदारी का लक्ष्य निर्धारित : रॉवेल लकड़ा



**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर** राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तैयारी को लेकर शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी ठेठईटांगर प्रखंड इकाई की बैठक प्रखण्ड अध्यक्ष अशफाक आलम की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान बैठक में मुख्य रूप से जिला विधायक प्रतिनिधि सह अल्पसंख्यक प्रखंड अध्यक्ष रावेल लकड़ा शामिल हुए। बैठक में राहुल गांधी के न्याययात्रा को लेकर की जा रही तैयारियों की समीक्षा करते हुए सभी कार्यकर्ताओं को निर्धारित तिथि में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई। मौके पर जिला विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा ने कहा कि उक्त यात्रा का क्षेत्र में भव्य तरीकों से आयोजित किया जाएगा तथा ठेठईटांगर प्रखंड क्षेत्र से 15 हजार लोगों की भागीदारी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि कार्यक्रम में शामिल अतिथियों का क्षेत्र में प्रवेश पर आदिवासी पारंपरिक तरीकों से उनका नृत्य व संगीत के माध्यम से विभिन्न महिला मंडलियों के द्वारा स्वागत करने का भी निर्णय लिया गया है। वहीं कहा कि वर्तमान में भाजपा द्वारा धर्म का राजनीति कर लोगों के दिलों में भरे जा रहे नफरत को दूर करने और लोगों को आपस में प्रेम और भाईचारे से मिलजुल कर रहने का अपील भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा समुदाय विशेष के दिलों में दूसरे समुदाय के प्रति नफरत भरने के साथ ही उन्हें उकसाकर लड़ाने के लिए प्रेरित कर रही है जो हमारे देश के लिए बहुत ही बुरा संकेत है। कोई दल अपने राजनीतिक लाभ के लिए इतना गिर जाए कि देश मे लोकतंत्र का अर्थ ही खत्म करने पर उतारू हो, हमे इससे देश और नागरिकों को बचाना है। इसी का बीड़ा हमारे नेता राहुल गांधी ने उठाया है, जिसे हम सभी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। इसके लिए उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर निर्धारित तिथि पर जगह में आने की अपील किया।

## न्यूज बॉक्स

### संत अन्ना हाई स्कूल तराबोगा के वार्षिक खेलकूद में विद्यार्थियों ने दिखाया हुनर



**ठेठईटांगर।** संत अन्ना हाई स्कूल और आर सी प्राथमिक विद्यालय ताराबोगा में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का उदघाटन मुख्य अतिथि ठेठईटांगर प्रमुख बिपिन पंकज मिंज और विशिष्ट अतिथि मुखिया बलदेव सिंह ने संयुक्त रूप से किया। अतिथियों ने झंडोत्तोलन और मशाल जलाकर कार्यक्रम की शुरूआत कराई। इससे पहले मुख्य अतिथि का स्वागत प्राचार्या सि० पुष्पा खेस्स ने बुके देकर किया। स्कूल के विद्यार्थियों ने परेड और ड्रिल कर सभी का मन मोहा। मुख्य अतिथि बिपिन मिंज ने संबोधित करते हुए कहा कि खेल से शारिरीक और मानसिक विकास होता है। आज पढ़ाई के साथ साथ खेल से भी कैरियर बना सकते है। जिला हॉकी खेल के खिलाड़ियों के कारण हमारा जिला विश्व में प्रसिद्ध है ।आप मेहनत से सफलता पा सकते है। सभी को शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी। वहीं स्कूल के विद्यार्थियों ने स्वागत गीत और नृत्य प्रस्तुत किया।वहीं सभी विजेता को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सि सिलबिया सुरीन , स्कूल के सभी शिक्षक और शिक्षिका का अहम योगदान रहा।

### पत्रकार की पुण्यतिथि पर दी गयी श्रद्धांजलि



**सिमडेगा।** जिले के वरिष्ठ दिवंगत पत्रकार आमिर अहमद हाशमी की तीसरी पुण्यतिथि पर सूचना भवन में शुक्रवार को श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिले के अधिकारी,जनप्रतिनिधि व पत्रकारों ने दिवंगत पत्रकार को श्रद्धांजलि दी। मौके पर लोगों ने दिवंगत पत्रकार की तस्वीर पर माल्र्यपण व पुष्प अर्पित कर नमन किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए पत्रकार दीपक रिंकू ने दिवंगत पत्रकार आमिर हाशमी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए पत्रकारिता और समाजसेवा के क्षेत्र में किए गए कार्यों को बताया। विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद ने दिवंगत पत्रकार के साथ बचपन से बिताए गए पल के बारे जानकारी देते हुए उनके समाजसेवा में किए गए कार्यों को साझा किया। मौके पर एसडीओ महेन्द्र छोटन उरांव ने कहा कि दिवंगत पत्रकार ने पत्रकारिता के जरिए समाज में अपनी अमिट छाप छोड़ी है। जिसके चलते हम सभी जुटकर आज उन्हें याद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके समाज हित में किए कार्यों को याद करते हुए हम सबों को समाज के हित में कार्य करने का संकल्प लेना चाहिए। मौके पर पर सदर अंचलाधिकारी इमतियाज अहमद और डीएसपी जयगोविंद प्रसाद गुप्ता ने भी पत्रकारिता के जरिए समाज सेवा करने की बात कही। कार्यक्रम में नगर परिषद प्रशासक सुमित महतो, डीपीआरओ आशा मक्सिमा, पत्रकार श्रीरामपुरी, शंभू सिंह, विकास साहू, राकेश सरगुजा,अमन मिश्रा, डा. इम्तियाज, शशी गुड़िया सहित कई लोग मौजूद थे।

### बीरू अंबाटोली गांव में तूफान क्लब की ओर से लोगों के बीच किया गया कंबल वितरण



**सिमडेगा।** जिले में मौसम में आए परिवर्तन के बाद कड़ाके की ठंड पड़ रही है, ऐसे में जनजीवन प्रभावित है ,जिसे ध्यान में रखते हुए शुक्रवार को दोपहर 3:00 बजे तूफान क्लब सिमडेगा के द्वारा बीरू अंबाटोली गांव पहुंचकर लोगों के बीच कंबल साल मौजा आदि चीजों का वितरण किया। मौके पर उन्होंने सभी लोगों को ठंड से बचने के लिए आवश्यक जानकारी देते हुए सभी लोगों को गर्म कपड़ों का उपयोग करने एवं कई प्रकार की सुरक्षित उपाय के बारे में जानकारी दी।मौके पर कमेटी के सचिव राजेंद्र प्रसाद सहायक कार्यकर्ता राहुल कुमार, गोपाल शर्मा उपस्थित रहे।

### ढिबरा से लाखों गरीबों का चलता है पेट : कृष्णा घटवार

**कोडरमा।** ढिबरा स्क्रैप मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष कृष्णा घटवार ने प्रशासन द्वारा ढिबरा गोदाम और ढिबरा व्यवसाय पर हो रही ताबड़तोड़ कार्रवाई का कड़ा विरोध किया है। संघ ने प्रशासन की एकपक्षीय कार्रवाई को तानाशाही करार दिया है। संघ का कहना है कि कोडरमा की पहचान ढिबरा-माइका से है। लेकिन हमारी पहचान को मिटाने की कोशिश की जा रही है। ढिबरा से लाखों गरीबों का पेट चलता है, पर प्रशासन गरीबों के पेट पर लात मार रही है। देश में गलत नीतियों से बेरोजगारी चरम पर है। दूसरी तरफ कोडरमा में ढिबरा व्यवसाय पर प्रशासन की टेढ़ी नजर से व्यवसाय मरणासन्न स्थिति में पहुंच गई है।

पर्यटन स्थल राजाडेरा में मिलन समारोह आयोजित

# राष्ट्रीय पार्टी धर्म के नाम पर कर रही है नफरत की राजनीति : एनोस एक्का



**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर** अध्यात्मिक शांति के लिए धर्म का रास्ता चुनना चाहिए और क्षेत्र के विकास के लिए राजनीति का रास्ता अपनाना चाहिए। राष्ट्रीय पार्टी भाजपा और कांग्रेस धर्म की राजनीति कर लोगों के बीच नफरत फैलाने का काम कर रही है। राजनीति में कभी धर्म को नहीं लाना चाहिए। झापा सुप्रीमो सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का शुक्रवार को राजाडेरा पिकनिक स्थल में झापा के मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। नव वर्ष के मौके पर पर्यटन स्थल राजाडेरा में झारखंड पार्टी के द्वारा पिकनिक सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया था। मौके पर एनोस एक्का ने पार्टी के सभी पदधारी, कार्यकताओं से चुनाव की तैयारी में जुट जाने की बात कही। एनोस ने कहा कि कार्यकताओं के प्यार और स्नेह के दम पर वे क्षेत्र का धांगर बनकर सेवा करना चाहते है। उन्होंने भाजपा और कांग्रेस पर कुछ भी कार्य नहीं करने की बात कहते हुए कहा कि भाजपा और कांग्रेस के नेता सिर्फ धर्म खतरे में है की बात कहकर नफरत फैलाने का काम कर रहे है। कार्यक्रम को संदेश एक्का, आईरीन एक्का, जिप अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग, जिलाध्यक्ष मतियस बागे आदि ने भी संबोधित किया।

### आठ फरवरी को जोराम मैदान में होगा नगाड़ा पिटावन रैली

एनोस एक्का और मतियस बागे ने बताया कि पार्टी के द्वारा हर प्रखंड में नगाड़ा पिटावन रैली का आयोजन किया जा रहा है। रैली के माध्यम से लोगों को जागरुक करते हुए झापा के निति सिद्धांतों से अवगत कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आठ फरवरी दिन गुरुवार को जोराम मैदान में ठेठईटांगर, बोलबा और बांसजोर प्रखंड के लिए नगाड़ा पिटावन रैली का आयोजन होगा। रैली में हजारों की संख्या में लोग शामिल होगे। इधर पिकनिक कार्यक्रम में तीन दर्जन से ज्यादा लोगों ने पार्टी की सदस्यता भी ग्रहण की। मौके पर एनोस एक्का ने ठेठईटांगर प्रखंड के महिला मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष के रुप में प्रिंयका केरकेट्टा के नाम की घोषणा की।

# भगवान शिव व बजरंगबली मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 3 फरवरी को



**नवीन मेल संवाददाता। बोलबा** बोलबा प्रखण्ड के लेटाबेड़ा गाँव में भगवान शिव एवं बजरंग बली मन्दिर की प्राण-प्रतिष्ठा 3 फरवरी से होगी।इस संबंध में मन्दिर निर्माण समिति के हीरालाल प्रधान एवं रामसुभग प्रधान ने बताया कि 3 फरवरी से लेटाबेड़ा में नवनिर्मित भगवान शिव एवं बजरंग बली मन्दिर का प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा । इस मौके पर 3 फरवरी को अधिवास पूजन, कलश स्थापना, नामयज्ञ प्रारंभ, जलाभिषेक, फलाभिषेक, अन्नाभिषेक, मन्दिर प्राण-प्रतिष्ठा, कुम्भ भराई, संध्या में महाआरती, सन्त सम्मेलन, प्रवचन तथा अन्य कार्यक्रम का आयोजन होगा । 5 फरवरी को नाम यज्ञ समापन, हवन- पूजन, प्रसाद वितरण तथा भंडारा का आयोजन किया जायेगा । इस मौके पर बाबा उमाकांत जी महाराज के साथ तीन महन्त का पदार्पण हो चुका है ।वहीं 3 फरवरी को अन्य साधु संत, महात्मा एवं वरिष्ठ लोग पहुंचेंगे। वही पण्डित परमेश्वर पंडा, सहयोगी त्रिलोचन दास, पारसमणि दास, गंगा दास, कथा वाचक मंटू महराज उपस्थित रहेंगे ।इस मौके पर कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गई है। वहीं हीरालाल प्रधान, रामसुभग प्रधान, सोमरु सिंह, पूरण प्रधान, रामलाल प्रधान, सेवक प्रधान, बजरंग साहू एवं अन्य लोग योगदान दे रहे हैं।

# सेवानिवृत्त हुए दो शिक्षक दी गई भावभीनी विदाई



**नवीन मेल संवाददाता। बानो** राजकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय बानो में झारखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ बानो प्रखंड के दो सेवानिवृत शिक्षकों का विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में सेवानिवृत शिक्षक कुंवर तिर्की राजकीय प्राथमिक विद्यालय बैयसोर तथा राधेश्याम पाइक राजकीय मध्य विद्यालय गेनमर को बसंत सिंह,प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी बानो एवं मनोज कुमार भगत अध्यक्ष झारखंड राज प्राथमिक शिक्षक संघ सिमडेगा के द्वारा शॉल ओढ़ाकर कर व बुके देकर सम्मानित किया गया।साथ ही सेवानिवृत्त शिक्षकों को उपहार स्वरूप भेंट प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में चार अनाथ बच्चों सूरज तिर्की, खुशबू कुमारी, मनोज नायक, एस्थर लुगुन को प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी बानो द्वारा पेन,कापी के साथ आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया तथा मनोज कुमार भगत अध्यक्ष झारखंड राज प्राथमिक शिक्षक संघ सिमडेगा के द्वारा भी उपहार स्वरूप पेन, कापी प्रदान की गई। साथ ही उन सभी अनाथ बच्चों की शिक्षा में हर सहयोग प्रदान करने सहित संघ के अगला कार्यक्रम में प्रखंड के अन्य अनाथ बच्चों को भी सहयोग करने को कहा गया।

जंगली हाथियों ने किसानों के घरों को तोड़ा

# झापा नेता ने पीड़ितों की सहायता



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** जंगली हाथियों का जिले में लगातार आतंक बढ़ता जा रहा है। हाथियों के झुंड द्वारा घरों को तोड़ने के साथ घर में रखे सामानों को भी नष्ट कर रहे हैं, जिसकी वजह से लोगों को रात भर जागने पर विवश होना पड़ रहा है। बीती रात जंगली हाथी के झुंड द्वारा जलडेगा के डांड़पानी, लमडेगा, सेमरिया आदि जगहों में जंगली हाथियों के द्वारा घरों को तोड़ने के साथ सामानों को नष्ट किया। मामले की जानकारी मिलने पर शुक्रवार को झारखंड पार्टी युवा जिला अध्यक्ष सन्देश एक्का पीड़ित किसानों के घर पहुंचे एवं उनसे मुलाकात करते हुए उनका हाल-चाल जाना। मौके पर उन्होंने तत्काल सहायता की। उन्होंने मदद के रूप में पटाखा मोबील आदि चीज वितरण करते हुए ग्रामीणों को हाथी भगाने के संबंध में जागरूक किया। मौके पर उन्होंने कहा कि लगातार इस क्षेत्र में जंगली हाथियों का आतंक है ,लेकिन इस मामले में वन विभाग पूरी तरह से सफल है कई बार वन विभाग को इसकी सूचना देने के बावजूद वन विभाग क्षेत्र से हाथियों को खदेड़ने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। उन्होंने कहा कि लगातार झारखंड पार्टी माटी से जुड़कर ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने के लिए प्राथमिकता के आधार पर कार्य कर रही है। दुनिया अभी कहा कि अगर समय रहते जंगली हाथियों के आतंक से ग्रामीणों को विभाग निजात नहीं दिलाता है तो वन विभाग कार्यालय के समीप जोरदार तरीके से धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस मौके पर रवि बड़ाइक,आशीष सिंह ,चिराग बाड़ा राजा बड़ाइक,कृष्णा बड़ाइक,हेमंत समद, रोशन टोपनो प्रशासन खलखो आदि मौजूद रहे।

जलमीनार निर्माण कार्य में की जा रही अनियमितता

# पुराने चापाकल में जलमीनार लगा ग्रामीणों को किया जा रहा ठगने का काम : चिराग तिर्की



**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर** शुक्रवार को ठेठईटांगर प्रखंड अंतर्गत ताराबोगा पंचायत के कई गांवों का दौरा करने के दौरान युवा कांग्रेस नेता अमृत चिराग तिर्की जिलिंगा कारापानी गांव पहुंचे। उन्हें ग्रामीणों के द्वारा गांव में बन रहे जल मीनार के घोर अनियमिता निर्माण के सबंधित जानकारी दी गई।उन्होंने बताया कि जल मीनार एक ऐसे चापाकल में लगाया जा रहा है जो बहुत दिनों से खराब है,और यह चपाकल का पानी गर्मी के मौसम में सुख जाता है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि जब सर्वे किया गया था तो नया बॉरिंग होने के बाद ही जल मीनार निर्माण किया जाएगा ऐसी जानकारी विभाग के लोगों के द्वारा ही दिया गया था।परन्तु अब जल मीनार पुराने चापानल में लगाया जा रहा है।वहीं युवा कांग्रेस नेता अमृत चिराग तिर्की ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा पीएचडी विभाग के द्वारा संचालित जल - नल योजना के तहत राज्य के हर एक गांव हर एक घर तक पानी पहुंचाने के उद्देश्य से यह जलमीनार का निर्माण कराया जा रहा है और जिले कई गांव तक पानी की समस्या लगभग समाप्त हो चुका है। परन्तु यहां पर जलमीनार निर्माण कार्य में घोर अनियमितता बरती जा रही है,जो कतिपय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।खुलेआम भ्रष्टाचार किया जा रहा है। जहां खराब चापाकल है वहां जल मीनार को लगा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा ऐसे भ्रष्टाचारी में संलिप्त जेई और संवेदकों के ऊपर कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। ग्रामीणों से कहा आप लोगों का मांग और यह भारी गड़बड़ी की जानकारी जिला में पीएचडी के अधिकारियों को अवगत करने का काम करेंगे और ऐसे भ्रष्ट और अनियमिता को रोकने का काम करेंगे। मौके पर ग्रामीणों ने नया बोरिंग कराने का आग्रह किया। मौके पर लिबनिस तिर्की, अलक्सेंड टोप्पो, कनेर्ला एक्का, फ्रिस्का तिर्की, फुल्केरिया कुजूर एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# अयोध्या दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का जत्था रवाना



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसके बाद लगातार जिले से अलग-अलग जगह से श्रद्धालुओं का जत्था अयोध्या जा रही है और वहां दर्शन कर रही है। इसी निमित्त शुक्रवार को सिमडेगा से 51 सदस्य श्रद्धालुओं का जत्था अयोध्या के लिए रवाना हुई। सिमडेगा प्रिंस चौक के पास जय श्री राम के जय घोष के साथ बस के माध्यम से राजधानी रांची रवाना हुए बताया गया वहां से ट्रेन के द्वारा अयोध्या धाम जाएंगे जहां पर राम मंदिर के दर्शन के पश्चात आसपास के मंदिर जिसमें दशरथ महल, सीता माता मंदिर, सरयू आसपास के क्षेत्र में पूजन पाठ एवं दर्शन एवं भ्रमण करते हुए सिमडेगा वापस आएंगे। श्रद्धालुओं ने बताया कि 500 सालों के लंबे संघर्ष के बाद अयोध्या में भगवान श्री राम की भव्य बाल स्वरूप की प्रतिमा स्थापित की गई है। जिसको देखने के लिए सभी लोग उत्सुक है और इसी को लेकर सभी लोग अयोध्या की ओर रवाना हुए हैं।

राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर तैयारी तेज

# न्याय यात्रा को सफल बनाकर हमें देश के सामने मिसाल कायम करनी है : जोसिमा



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** राहुल गांधी के जिले से गुजरने वाले भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर जिप सदस्य सह कांग्रेस नेत्री जोसिमा खाखा ने तैयारी तेज कर दी हैं। शुक्रवार को जोसिमा खाखा ने सदर प्रखंड के सभी पंचायत का दौरा किया। साथ ही राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा कार्यक्रम में आने का निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि जिले में न्याय यात्रा को सफल बनाकर हमें पूरे देश के सामने एक मिसाल कायम करना है। जोसिमा ने कहा कि प्रदेश में बहुमत की गठबंधन सरकार को भी केंद्र सरकार द्वारा लगातार तोड़ने एवं विचलित करने की कोशिश की जा रही है। लेकिन झारखंड में न्याय यात्रा की सफलता भाजपा के मुंह पर करारा तमाचा साबित होगा। उन्होंने कहा कि देश अराजक दौर से गुजर रहा है और इसी अराजकता को दूर करने के लिए राहुल गांधी ने युवा न्याय, नारी न्याय, किसान न्याय, श्रमिक न्याय और भागीदारी न्याय के लिए भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरूआत की है। उन्होंने कहा कि देश से नफरत का माहौल को मिटाने के लिए हम सभी को आम जनता को भागीदार बनाते हुए कदम से कदम मिलाकर संघर्ष करना होगा। जिस तरह से भाजपा शासित राज्यों में रोकने की कोशिश की गई। उससे भाजपा के आकाओं की हताशा की झलक मिलती है। मणिपुर हो या असम जहां भी सरकार ने यात्रा का दमन करने की कोशिश की वहां की जनता, युवा, छात्र सहित समाज के सभी वर्गों ने यात्रा को अपना जन समर्थन देकर यात्रा को सफल बनाया है। मौके पर उर्मिला केरकेट्टा, प्रतिमा कुजूर, रेनी, संगीता आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### अंतरिम बजट में लोगों के हितों की रक्षा की गई है : मिथलेश तिवारी



**रामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के चितरपुर मंडल उपाध्यक्ष मिथलेश तिवारी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश अंतरिम बजट की सराहना की है। उन्होंने कहा की वित्त मंत्री द्वारा पेश बजट में देश के युवा, महिला, किसान, नौकरी पेशा सभी वर्ग के लोगों के हितों की रक्षा की गई है। कहा की बजट से देश के विकास की गति तेज होगी और वर्ष 2047 तक देश को विकसित बनाने का लक्ष्य पूरा होगा।

### जदयू जिलाध्यक्ष ने बजट को सराहा



**हजारीबाग।** जनता दल यूनाइटेड जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा ने वित्त मंत्री निर्मला सीता रमण द्वारा सदन में पेश किए गए अंतरिम बजट की सराहना करते हुए कहा कि इसमें युवाओ महिलाओं, किसानों का खास ख्याल रखा गया है।मध्यम वर्ग के लोगों के लिए घर बनाने की एक विशेष योजना का बजट पास करना सराहनीय कदम है। इस बजट में सभी वर्गों का खास ख्याल रखा गया है।

### दो दिन बीत जाने के बावजूद ट्रैक्टर चोरी मामले में पुलिस के हाथ खाली

**डोमचांच।** डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत महेशपुर स्थित वार्ड 13 से 29 जनवरी की रात चोरी हुई ट्रैक्टर दो दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस का हाथ खाली है। बता दें कि ट्रैक्टर चोरी को लेकर 30 जनवरी को ट्रैक्टर मालिक प्रदीप मेहता , पिता- भुनेश्वर मेहता, महेशपुर निवासी ने थाना में आवेदन देकर बताया था कि प्रतिदिन की भांति कार्य कर शाम को ट्रैक्टर घर के सामने खड़ा कर दिया। जब सुबह उठा और देखा तो घर से सामने खड़ी ट्रैक्टर गायब थी। सिर्फ पीछे का टाली खड़ा था। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर जगह- जगह लगी सीसीटीवी से चोरों का पता लगाने में जुटी है। पुलिस की जांच में अभी तक सिर्फ यही पता चल रहा है कि रात करीब साढ़े नौ बजे बाईक से दो चोर आए और ट्रैक्टर की टाली को खोलकर ट्रैक्टर इंजन को डोमचांच के रास्ते, बाजार रोड होते हुए ढाब रोड, मसनोडीह जंगल की तरफ ट्रैक्टर की चोरी कर ले भागे। लेकिन आगे सीसीटीवी नहीं है, जिससे पुलिस चोरों को पकड़ने में असफल साबित हो रही है। पुलिस की कार्यशैली पर भी ट्रैक्टर मालिक ने सवाल उठाते हुए कहा कि पुलिस अब जांच धीमा कर दिया है।

### फरवरी में बदल जायेंगी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की कई वार्डन

# दो वर्ष की अवधि में चक्रीय पद्धति के आधार पर बदलता है प्रभार : डीईओ



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
फरवरी माह में हजारीबाग जिला अंतर्गत संचालित कुल 10 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के आधे से अधिक वार्डेन का प्रभार इस माह में परिवर्तित हो जायेगे. दो वर्ष की अवधि में चक्रीय पद्धति के आधार पर बदल दिया जाता है वार्डो का प्रभार। जिला शिक्षा पदाधिकारी उपेंद्र नारायण ने बताया कि हजारीबाग जिला में विष्णुगढ़, चरही, बड़कागांव, केरेडारी, ईचाक, पदमा, बरही, बरकट्ठा, चौपारण और कटकमसांडी सहित कुल दस प्रखंड में कस्तूरबा गांधी बालिका और छः झारखंड आवासीय विद्यालय संचालित है. केजीबीभी में मे वार्डेन का पद अस्थाई होता है. जो प्रत्येक दो वर्ष में चक्रीय पद्धति से नियमानुसार परिवर्तित होता है. जिसे समयानुसार अनुपालन किया जाता रहा है. मिली जानकारी के अनुसार विष्णुगढ़ की वार्डेन सुनीता गुप्ता, कटकमसांडी की वार्डेन शोभा पांडेय, बड़कागांव की वार्डेन लीलावती कुमारी, केरेडारी की वार्डेन दीपा टोप्पो, बरही की वार्डेन नेहा सिन्हा, बरकट्ठा की वार्डेन सिंपल कुमारी, चौपारण की वार्डेन संघमित्रा आदि का जनवरी माह में वार्डेन की चक्रीय अवधि समाप्त हो चुका है. जिनका फरवरी माह में प्रभार परिवर्तन किया जाना निश्चित है. प्रभार परिवर्तन का क्रम भाषा, विज्ञान, गणित और सामाजिक विज्ञान शिक्षिका के बीच किया जाना होता है. जिस विद्यालय में शिक्षिकाओं का अभाव है वहां शारीरिक शिक्षिका को भी प्रभार दिया गया है. वही शिक्षिकाओं के अभाव में कई बार सरकारी शिक्षिकाओं की भी प्रतिनियुक्ति बतौर वार्डेन बनाए जाने की सूचना मिली है. सूचना यह भी है कि कुछ विद्यालय के वार्डेन नियम विरुद्ध आगे भी प्रभार में रहने के लिए पदाधिकारियों के चक्कर लगा रहे है. इस संबंध में डीईओ ने स्पष्ट कर दिया कि नितमसंगत प्रभार का चक्रीय परिवर्तन किया जायेगा.

### ये बजट देश के भविष्य के निर्माण का बजट है

# यह बजट विकसित भारत की नींव मजबूत करेगा : रौशन



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को मजबूत करने को समर्पित बजट प्रस्तुत करने के लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का हृदय से अभिनंदन ।उक्त बातें भाजपा के युवा नेता रौशन कुमार ने कही। रौशन कुमार ने कहा कि यह बजट सर्वस्पर्शी, सर्वसमावेशी बजट नए और विकसित भारत की नींव मजबूत करेगा। संरचनात्मक विकास, महिला सशक्तीकरण व गरीबों, किसानों और युवाओं के लिये अधिक अवसर देने को केंद्रित है। उन्होंने कहा कि यह बजट प्रगति और विकसित भारत की ओर देश के बढ़ते कदमों को परिभाषित करता है। यह आम आदमी का बजट है। लक्षद्वीप सहित अन्य द्वीपों में एयर कनेक्टिविटी शुरू कर इन्हें मुख्यधारा से जोड़ने जैसे ऐतिहासिक फैसलों के लिए मोदी का आभार। अंतरिम बजट में किसान, मध्यम वर्ग, महिला से लेकर सभी वर्गों के लिए रूपरेखा बनाई गई है। भारतीय अर्थव्यवस्था सही रास्ते पर आगे बढ़ रही है। आज देश पहले के बनिस्बत बहुत आगे बढ़ चुका है। हमारा देश हथियार के मामले में भी काफी मजबूत हुआ है। उसी तरह यह बजट गरीबों, महिलाओं व किसानों को और भी मजबूत करेगा और उनकी आय दोगुनी होगी।

### अंतरिम बजट निराशाजनक : मंजीत

**बरही।** गुरुवार को केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश बजट को यूथ कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मंजीत यादव ने निराशाजनक, उम्मीद के विपरित और गरीबों को छलने वाला बताया है. बजट से सभी तबकों को निराशा हाथ लगी है. उन्होने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को ध्वस्त करने के साथ मानवाधिकारों का हनन करने और झूठे वायदे व सस्ती लोकप्रियता लेनी वाली जुमली भाजपा सरकार से किसी तरह की जनकल्याण कार्य की उम्मीद नहीं देखी गई. इस बजट में महँगाई पर कोई चर्चा नहीं हुआ है. किसानो, महिलाओं, विद्यार्थियों, श्रमिको और बेरोजगारों को निराशा हाथ लगी है. इस बजट में पूंजीपतियों व उद्योगपतियों का पूरा ख्याल रखा गया है. इस अंतरिम बजट से शिक्षा सहित अन्य विकास संबंधी कोई भी उम्मीद करना ही बेकार है. बजट के बाद सभी वर्गों में निराशा देखी जा रहीं हैं.

### डीएवी में कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# जागरूकता ही लोगों के बचाव का है पहला कदम : प्राचार्य



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
कैंसर जैसे खतरनाक और जानलेवा रोग से बचने और सुरक्षित रहने को लेकर डीएवी पब्लिक स्कूल में कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में कैंसर वेलफेयर सोसाइटी के राहुल तिवारी और किशन कुमार शामिल हुए. वक्ताओं ने विद्यार्थियों को कैंसर बीमारियों के कारण और उसके परिणाम को विस्तार से जानकारी दी. बताया गया कि वर्तमान समय में पान, बीड़ी, सिगरेट, गुटका इत्यादि जैसे पदार्थ मुंह कैंसर के प्रमुख कारण है. इसके साथ ही बच्चों को बोन कैंसर, सर्वाइकल कैंसर आदि की भी जानकारी देते हुए उसके बचाव के उपाय भी बताएं. प्राचार्य ए के सिंह ने कहा कि एक सर्वे के अनुसार भारत में अब तक 7.84 लाख लोगों की मृत्यु कैंसर से हो चुकी है. औसतन 10 में से 7 मरीज काल के गाल में समा रहे हैं. आंकड़े उत्तरोत्तर बढ़ रहे हैं. जो चिंता का विषय है. किसी परिवार में जब एक व्यक्ति को कैंसर की बीमारी होती है तो उसे सिर्फ पीड़ित व्यक्ति ही नहीं झेलता, बल्कि पूरा परिवार आर्थिक और मानसिक रूप से परेशान होते हैं. प्राचार्य ने कहा कि इस बीमारी से बचने के लिए एममात्र यही उपाय है कि लोगों के बीच जागरूकता फैलायी जाये। हमें अपने साथ अपने आसपास के वातावरण में भी इसके प्रति जागरूकता को बढ़ाने की आवश्यकता है. कार्यक्रम सफल बनाने में विद्यालय के सभी कर्मियों ने सराहनीय भूमिका निभाई.

### डीएमएफटी मद से दिव्यांगों को मिली बैटरी ऑपरेटेड ट्राई साइकिल



**हजारीबाग।** उपायुक्त नैंसी सहाय ने डीएमएफटी मद से 10 दिव्यांगों के बीच बैटरी ऑपरेटेड ट्राई साइकिल का वितरण किया गया। इस दौरान उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित मौजूद रहीं। समाहरणालय भवन परिसर में शुक्रवार को आयोजित वितरण कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा चयनित तथा उपायुक्त के जनता दरबार में आए आवेदनों पर विचारोपरांत लाभुकों को बैटरी द्वारा संचालित ट्राई साइकिल दी गई। इस दौरान उपायुक्त ने लाभुकों से बात भी की तथा अन्य दिव्यांग जो इस श्रेणी में आते है,उन्हे भी बैटरी संचालित ट्राई साइकिल उपलब्ध कराने की बात कही। इस कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो समेत अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

## न्यूज बॉक्स

### मुख्यमंत्री चंपई सोरेन झारखंड के अधूरे सपनों को पूरा करेंगे : अमित साहू



**रामगढ़।** झारखंड के नए मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को बधाई देते हुए फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री झारखंड राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए झारखंड राज्यवासियों के अधूरे सपनों को पूरा करने का कार्य करेंगे। श्री साहू ने कहा कि राज्य की विधि व्यवस्था को समृद्ध एवं सशक्त करने की दिशा में नए मुख्यमंत्री सकारात्मक कदम उठाएंगे और झारखंड के उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए औद्योगिक विकास की गति को और भी तेजी से आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत रहेंगे। अमित साहू ने कहा कि झारखंड राज्य से युवाओं के पलायन को रोकने की दिशा में सार्थक प्रयास करते हुए रोजगार के नए अवसर प्रदान करने की आवश्यकता है। उन्होंने झारखंड राज्य के नए मुख्यमंत्री को पुनः बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### बरकट्ठा नए बीईईओ ने बरही-3 का लिया प्रभार



**बरही।** बीईईओ रामसेवक दांगी के सेवानिवृत्ति के बाद बरकट्ठा बीईईओ किशोर कुमार को बरही-3 का प्रभार मिला है. पूर्व में यह बरही-1 में अपनी सेवा दे चुके है. इनके अनुभव का बरही के शिक्षको को विशेष लाभ मिलेगा. कार्य के लिए स्टिक माने जानेवाले बीईओ के पदस्थापन से कुछ लापरवाह शिक्षको में भय है. अपनी प्राथमिकता बताते हुए नव पदस्थापित बीईईओ ने बताया कि कार्य में निष्ठता, अनुशासन और नियमित्तता उनकी प्राथमिकता होगी. सभी विद्यालयों को सुचारू रूप से चलाना, मेनू तालिका के अनुरूप मध्यान्ह भोजन का संचालन, शिक्षको व विद्यार्थियों की उपस्थिति नियमित हो इस पर विशेष ध्यान दिया जाएगा. इसके साथ ही विभागीय निदेर्शानुसार कार्य संपन्न करना ही उनका ध्येय रहेगा. किसी भी समस्या के लिए शिक्षक, कर्मी या अभिभावक उनसे निर्भीक और स्वतंत्रता के साथ रखे, यथायोग्य निदान किया जायेगा.

**कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ :** नवपदस्थापित बीईईओ ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 24-25 के लिए कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में नामांकन प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है. बरही कस्तूरबा के लिए कक्षा 9 में कुल नौ और कक्षा छः के लिए 75 छात्राओं का नामांकन लिया जायेगा. इसके लिए प्रखंड के सभी सीआरपी को नामांकन पत्र उपलब्ध करवाए गए है. अभिभावक अपनी बच्चियों के नामांकन हेतु विद्यालय के प्रधान के माध्यम से आवेदन केजीबीभी में जमा करवाए. नामांकन हेतु दूरी, अनाथापन, एकल अभिभावक, बीपीएल इत्यादि महत्पूर्ण विंदुओ को आधार माना जायेगा. नामांकन हेतु किसी भी प्रकार का कोई शुल्क नहीं है.

### खोदा पहाड़ निकली चुहिया वाली कहावत निकली केंद्र सरकार की अंतरिम बजट : विजय शंकर नायक



**रामगढ़।** संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सह प्रभारी झारखंड एवं छत्तीसगढ़ विजय शंकर नायक ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश अंतरिम बजट को खोदा पहाड़ निकली चुहिया वाला करार दिया है। उन्होंने कहा कि जुमले बाजी के दम पर सस्ती लोकप्रियता हासिल करने वाली भाजपा सरकार से किसी जनकल्याण की उम्मीद करना बेमानी है। इस अंतरिम बजट में न तो आम लोगों का, न किसानों का न महिलाओं के लिए और न ही दलित, आदिवासी, पिछड़ा, अल्पसंख्यक और युवाओं के लिए कोई प्रावधान किया गया है। कहा की केंद्र की सरकार केवल और केवल अपने पूंजीपति मित्रों का ध्यान रखने वाला बजट लेकर आई है। इस अंतरिम बजट से विकास संबंधी कोई भी उम्मीद करना बेमानी है। कुल मिलाकर आम बजट गरीब विरोधी है। श्री नायक ने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री का यह कहना कि देश में महंगाई नहीं है यह बयान महंगाई की मार से करोड़ों मध्यम वर्ग के लोगों के लिए आग में घी डालने के समान है। कहा की आने वाले चुनाव में इसका खामियाजा भारतीय जनता पार्टी को भुगतना पड़ेगा।

### विधायक अमित कुमार यादव ने विकास योजनाओं का किया शिलान्यास




**बरकट्ठा।** बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने शुक्रवार को विभिन्न विकास योजनाओ का शिलान्यास किया। मौके पर प्रखंड प्रमुख रेणू देवी, प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष इंद्रदेव प्रसाद, मुखिया कलावती देवी, बरकट्ठा भाजपा मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक, बेड़ोकला मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद मौजूद थे। विधायक ने सर्वप्रथम प्रखंड के ग्राम सलैया मोड में आरईओ रोड सलैया से पीएमजीएसवाई रोड महुआ टांड तक सड़क विशेष मरम्मति कार्य की आधारशिला रखा। इसके पश्चात प्रखंड के ग्राम जमुआ में आरईओ रोड जमुआ से बुचई गांव तक सड़क विशेष मरम्मति कार्य तथा ग्राम झिंगीबराय में आरईओ रोड गयपहाड़ी से ज्वार शाखा भगवती मंदिर झिंगीबराय तक सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। सभी स्थानों पर मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत करोड़ो रुपये की लागत से निर्माण कार्य किया जाएगा।

# विश्व आर्द्र भूमि दिवस के अवसर पर परिचर्चा का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
विश्व आर्द्र भूमि दिवस के अवसर पर शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में नमामि गंगे योजना के तहत परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस दौरान नोडल पदाधिकारी नमामि गंगे योजना सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार द्वारा सर्वप्रथम परिचर्चा में उपस्थित वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार, उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो सहित अन्य का स्वागत किया गया। जिसके उपरांत उन्होंने विश्व आर्द्र भूमि दिवस मनाए जाने के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक वर्ष 2 फरवरी की तिथि को विश्व आर्द्रभूमि दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व आर्द्र भूमि दिवस का थीम आर्द्रभूमि एवं मानव कल्याण निर्धारित है। आर्द्र भूमि का मतलब किसी भी वैसे क्षेत्र से हैं जहां स्थाई, अस्थाई अथवा मौसमी रूप से जल जमाव रहता है। मौके पर उन्होंने आर्द्रभूमि चिन्हित होने पर संबंधित जल स्त्रोत के संरक्षण एवं विकास की दिशा में किए जाने वाले कार्यों की भी जानकारी दी। परिचर्चा के दौरान वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार ने सभी को विश्व आर्द्र भूमि दिवस की शुभकामनाएं देते हुए विश्व आर्द्रभूमि दिवस मनाए जाने के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। मौके पर उनके द्वारा किसी जल स्त्रोत को आर्द्रभूमि के रूप में चिन्हित करने के उपरांत संबंधित स्त्रोत के संरक्षण एवं उसके विकास की दिशा में किए जाने वाले कार्यों की भी जानकारी सभी को दी गई। इस दौरान वन प्रमंडल पदाधिकारी ने सभी को जानकारी देते हुए बताया कि रामगढ़ जिले में भी एक आद्र भूमि को नोटिफाई करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है जोकि गिद्दी ए कोलियरी क्षेत्र में मीनिंग कोलपीट है।

### मानव विकास संस्था ने श्रमिकों के बीच किया किट का वितरण

# गांवों के उत्थान के लिए काम करने की जरूरत है : बीरबल



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न कार्यों में अहम भूमिका निभाने वाले श्रमिकों के बीच कीट का वितरण किया गया। विदित हो मानव विकास के तत्वावधान में गूंज संस्था के सहयोग से बरकट्ठा प्रखंड के ग्राम मेरमगड्डा में दो तालाब मरममति और एक रोड मरममति का कार्य, डुमरडीहा में एक रोड मरममति का कार्य, ग्राम धोबारी के टोला लसकरी में चेकडैम का निर्माण, ग्राम लगनवां के झंडवाटांड टोला में एक रोड मरम्मति का कार्य और ग्राम गोरहर के सिमरातरी टोला में एक रोड मरम्मती का कार्य किया गया। ये सभी कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले श्रमिकों को गूंज संस्था के सहयोग से मानव विकास द्वारा सभी श्रमदानों को उपहार के तौर कीट का वितरण किया गया। मौके पर मानव विकास संस्था के सचिव बीरबल प्रसाद ने कहा कि अपने गांवों के उत्थान के लिए काम करने में कदम बढ़ाना जरूरी है, इसके साथ ही अन्य लोगों को भी प्रेरित करने की आवश्यकता है। वहीं कीट मिलने के बाद ग्रामीण श्रमिकों में खुशी देखी गई। कीट वितरण कार्यक्रम में संस्था कर्मी राहुल कुमार, रोबिन कुमार, अंजु देवी, दुर्गा सिंह, रोहित टुडू समेत आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

### राधा गोविन्द विवि में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित

# निरोग रहने के लिए जैविक संसाधनों का हो सदुपयोग : कुलसचिव



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
राधा गोविंद विश्वविद्यालय प्रांगण में वनस्पति विभाग द्वारा 2 फरवरी को दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन की शुरूआत हुई। राष्ट्रीय कांफ्रेंस का विषय -सस्टेनेबल डेवलपमेंट रीसेंट एडवांस इन बायोरिसोर्स एंड बायोथेरेप्युटिक्स रहा। कार्यक्रम के प्रथम दिन का शुभारंभ कुलाधिपति एवं अतिथियों द्वारा विश्वविद्यालय के संस्थापक स्व. गोविंद साह एवं स्व. राधा देवी के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात सभी अथितियों को पुष्प गुच्छ एवम स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय के छात्रों ने झारखंड के संस्कृति पर आधारित स्वागत गीत एवं नृत्य प्रस्तुत कर सभी अतिथियों का स्वागत किया। राष्ट्रीय सम्मेलन की शुरूआत कुलसचिव डॉ निर्मल कुमार मंडल के स्वागत भाषण से हुई। अपने सम्बोधन में उन्होंने सभी विद्वतजनों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जैविक संसाधनों का सही उपयोग करके हम अपने आप को स्वस्थ एवं निरोगी बना सकते हैं। आप सभी महान विभूतियों के विचारो को आत्मसात कर आगे बढ़ने का प्रयत्न करें। कार्यक्रम के मध्य में सोवेनियर प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता जंतुशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ के. के. गुप्ता विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग, वनस्पतिशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) पीके मिश्रा, विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग, संकायध्यक्ष विज्ञान विभाग प्रो. (डॉ). चंद्रेश्वर प्रसाद विनोबा भावे विवि, पश्चिम बंगाल के वक्ताओं ने सस्टेनेबल डेवलपमेंट विषय पर प्रकाश डालते हुए अपना विचार प्रस्तुत किया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बीएन साह ने सम्मेलन में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों का हार्दिक स्वागत करते हुए बताया कि राष्ट्रीय सम्मेलन विज्ञान के विधार्थियो के लिए नए आयाम स्थापित करेगी।

# शिव लिंग चोरी थाने में आवेदन



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
पंचमाधव पंचायत अंतर्गत बसरिया जियो पेट्रोल पम्प के समीप स्थित चबूतरा रूपी मंदिर में स्थापित शिवलिंग चोरी का मामला सामने आया है. मामले को लेकर प्रयाग रजक ने बरही थाना में आवेदन देकर उचित कारवाई की मांग की है. आवेदन के अनुसार जियो पेट्रोल पंप के पश्चिम ओर जानकी रजक के जमीन के सामने चबूतरा पर शिवलिंग स्थापित था. जहां वर्षो से पूजा पाठ हो रहा था. शनिवार की सुबह जब लोग पूजा करने गए तो शिवलिंग गायब था. इस मंदिर का देखभाल छेदी रजक, छट्ठू रजक, जयनाथ रजक और देवधारी रजक के वंशज करते आ रहे है. शिवलिंग चोरी के मामले से लोग आक्रोशित और तानवग्रस्त है. शिकायतकर्ता ने पुलिस से शीघ्र उचित कारवाई की मांग की है. मामले के संज्ञान में आते ही पुलिस त्वरित स्थल निरीक्षण किया और जांच में जुट गई है.


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
BUILDING DIVISION NO. -1. RANCHI**

**VERY SHORT NOTICE INVITING QUOTATION**

Sealed quotations are invited for Day to Day Maintenance and mechanized cleaning of main building floor corridor stair W.C. outside of the building Secretary residence Gate No. 1 to 5 Guru Govind Singh Pond and Birsa Mandap at Rajbhawan Ranchi (Period 01-04-2024 to 31-03-2025) by the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division No.-1, Ranchi from agencies having similar works experience in the Office of the undersigned on 09-02-2024 up to 3.00 pm and will be opened on 09-02-2024 at 3.30 pm at BCD Division No.-1, Ranchi by Executive Engineer or his authorized representative in the presence of Bidders or their authorized representative. Who so ever desire may remain present at the time of opening. Detail list of work, specification, Quantity etc. may be obtained from the office in working time at 08-02-2024. The Cost of Bid Rs. 10,000/- in shape of Demand draft (non-refundable) on any State Bank Payable at SBI Main Branch, Ranchi/any Schedule Bank, Payable at Ranchi in favour of The Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division No.-1, Ranchi.

Time of completion for work is One Year.

The quotation should be accompanied with (1) Initial security deposit which will be *2%* of the quoted amount (Refundable) in shape of Bank Guarantee or 5 Years/3 Years Post Office Term Deposit or N.S.C. (8th issue)/fixed deposits of a scheduled Bank duly pledged in favour of Executive Engineer, Building Division No.-1, Ranchi. (2) Updated Income Tax Return and GST Return (3) Similar nature works experience.

In the case of Gazetted Holiday, the quotation will be received/opened on the next working day.

*Executive Engineer
Building Construction Department
Building Division No.-1, Ranchi*

PR 317682 (Building) 23-24 (D)

# राष्ट्रहित में है एक राष्ट्र एक चुनाव

***चुनाव*** की आहट के बीच एक चर्चा राजनीतिक गलियारों में तैर रही है कि कैसे बार-बार चुनाव के कारण लगने वाली आचार संहिता से विकास कार्यों में आने वाली बाधा और अरबों रुपए के खर्च को कम किया जाए ? भारत में निर्वाचन की विशेषता है कि एक आदर्श संसदीय प्रणाली की भांति प्रत्यक्ष और परोक्ष, दोनों ही प्रकार के निर्वाचन का मिश्रित प्रावधान है। प्रत्यक्ष लोकतंत्र में सबसे अधिक वैध मत प्राप्त करने वाला प्रत्याशी विजयी होता है। यह प्रणाली ग्राम पंचायत, राज्यों की विधानसभाओं और लोकसभा के निर्वाचन में प्रयोग में लाई जाती है। दूसरी ओर, अप्रत्यक्ष निर्वाचन के लिए आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के तहत एकल संक्रमणीय पद्धति का प्रयोग जिला परिषद, विधान परिषद, राज्यसभा, राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के निर्वाचन में किया जाता है। यहां यह उल्लेख भी समीचीन होगा कि संरचना की दृष्टि से भारत एक संसदीय परिसंघ है। अतः राज्यों में निर्वाचन भी संसदीय निर्वाचन के समान महत्वपूर्ण है। ऐसी स्थिति में अगर लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं के निर्वाचन को एक साथ (एक तिथि पर या एक निश्चित समय सीमा के भीतर) कराया जाए, तो इससे न केवल निर्वाचन की स्वतंत्रता और निष्पक्षता सुनिश्चित हो सकती है, बल्कि प्रशासनिक तंत्र और राज्य के खजाने पर पड़ने वाले अत्यधिक दबाव को भी कम किया जा सकता है। 'एक राष्ट्र एक चुनाव' की अवधारणा के पीछे यही मंशा है। इस रूप में इसकी संरचनात्मक प्रासंगिकता पर प्रश्न चिह्न नहीं लगाया जा सकता।सितंबर, 2023 में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति गठित कर उसे इसकी व्यवहार्यता बताने की जवाबदेही दी गई थी। समिति द्वारा ह्यमैक्रोइकनॉमिक इंपैक्ट ऑफ हार्मोनाईजिंग इलेक्टोरल साइकल, एविडेंसेज फ्रॉम इंडिया' नामक शोध पत्र के आधार पर यह संकेत दिया गया है कि एक साथ चुनाव से उच्च आर्थिक विकास को गति मिलेगी, और पूंजी व राजस्व पर व्यय में सरकारी निवेश अधिक होगा। निर्वाचन आयोग और अन्य अंशधारकों के साथ की गई वाताओं से प्रेरित होकर समिति ने जनता से इस विषय पर राय मांगी थी। एक उत्साहवर्धक आंकड़ा सामने आया है। लगभग 81 प्रतिशत सुझाव 'एक राष्ट्र एक चुनाव' के पक्ष में है। निश्चित रूप से सरकार के लिए यह एक बड़ा प्रेरणा स्रोत होगा। लेकिन अब भी मंजिल बहुत सरल नहीं है। एक ओर इसका विरोध करने वालों द्वारा उठाए गए मुद्दों का समाधान करना आवश्यक है, वहीं दूसरी ओर इसके सांविधानिक पक्षों पर गौर करना भी अनिवार्य है।

**प्रत्यक्ष लोकतंत्र में सबसे अधिक वैध मत प्राप्त करने वाला प्रत्याशी विजयी होता है। यह प्रणाली ग्राम पंचायत, राज्यों की विधानसभाओं और लोकसभा के निर्वाचन में प्रयोग में लाई जाती है। दूसरी ओर, अप्रत्यक्ष निर्वाचन के लिए आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के तहत एकल संक्रमणीय पद्धति का प्रयोग जिला परिषद, विधान परिषद, राज्यसभा, राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के निर्वाचन में किया जाता है। यहां यह उल्लेख भी समीचीन होगा कि संरचना की दृष्टि से भारत एक संसदीय परिसंघ है। अतः राज्यों में निर्वाचन भी संसदीय निर्वाचन के समान महत्वपूर्ण है। ऐसी स्थिति में अगर लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं के निर्वाचन को एक साथ (एक तिथि पर या एक निश्चित समय सीमा के भीतर) कराया जाए, तो इससे न केवल निर्वाचन की स्वतंत्रता और निष्पक्षता सुनिश्चित हो सकती है।**

इन दिनों

# भ्रष्टता निवारण है सशक्त लोकतंत्र का आधार



ललित गर्ग

***झारखंड*** राज्य में जमीन खरीद में गड़बड़ी, अवैध खनन और मनी लॉन्ड्रिंग के कथित पुराने मामलों की जांच कर रही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई से झारखंड की सरकार संकट में आ गयी और उन्हें मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा। भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ केन्द्रीय एजेंसियों की कार्रवाई का बुगल बजाय हुए है, जिससे राजनीति में बढ़ रहे भ्रष्टाचार पर नियंत्रण का नया सूरज उदित होता हुआ दिखाई दे रहा है, जो दुनिया के सबसे बड़े भारत लोकतंत्र के आदर्श एवं सशक्त होने की बड़ी अपेक्षा है। आजादी के अमृत काल में राजनीति का शुद्धिकरण एवं अपराध मुक्ति ही भारत को सशक्त एवं विकसित राष्ट्र बना सकेगा। हेमंत सोरेन के बाद अब अगला नम्बर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल का है। स्पष्ट है कि अब भ्रष्टाचारियों की नैया पार होने वाली नहीं है। अगर ये लोग सोचते हैं कि ताकतवर होने के कारण कानून उन तक नहीं पहुंच सकता, तो ये मुगालते में हैं। अगर उन्होंने भ्रष्टाचार किया है, तो उन्हें अपने किये की सजा मिलेगी ही। भ्रष्ट आचरण से करोड़ों-अरबों की संपत्ति लूटने वाले नेतागण शायद नहीं जानते कि केंद्र में ऐसी मजबूत सरकार है, जो भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं करती। इसीलिए तो जांच एजेंसियों को पूरी छूट मिली हुई है कि वे भ्रष्ट आचरण करने वालों को पकड़ें। दबाव मुक्त केन्द्रीय एजेंसियां अपने काम में जुटी भी हुई हैं, उनकी टांग खिंचने की बजाय उनका हौसला बढ़ाना चाहिए। इनदिनों गैरभाजपा प्रांतों में भ्रष्टाचार के मामले बड़ी संख्या में उजागर हो रहे हैं। इंडिया गठबंधन के प्रमुख घटक दल आम आदमी सरकार के स्वास्थ्य मंत्री सतेन्द्र जैन, उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया एवं पश्चिम बंगाल में उद्योग मंत्री पार्थ चटर्जी जेल की सलाखों के पीछे हैं, इनकी गिरफ्तारी बता रही है कि ममता बनर्जी एवं अरविन्द केजरीवाल भ्रष्टाचार मुक्त शासन के कितने ही दावे क्यों न करें, लेकिन उनके वरिष्ठ मंत्री भी भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों के घेरे में हैं। विभिन्न राजनीतिक दलों एवं विभिन्न प्रांतों की सरकारों में भ्रष्टाचार की बढ़ती स्थितियां गंभीर चिन्ता का विषय है। ऐसा लगता है आज हम जीवन नहीं, राजनीतिक मजबूरियां जी रहे हैं। राजनीति की सार्थकता एवं साफ-सुथरा उद्देश्य नहीं रहा, स्वार्थपूर्ति का जरिया बन गया है। राजनीतिक दल अच्छे-बुरे, उपयोगी-अनुपयोगी का फर्क नहीं कर पा रहे हैं। मार्गदर्शक यानि नेता शब्द कितना पवित्र व अर्थपूर्ण था पर अब नेता खलनायक बन गया है। नेतृत्व व्यवसायी एवं भ्रष्टाचारी बन गया। आज नेता शब्द एक गाली है। जबकि नेता तो पिता का पर्याय था। उसे पिता का किरदार निभाना चाहिए था। पिता केवल वही नहीं होता जो जन्म का हेतु बनता है अपितु वह भी होता है, जो अनुशासन सिखाता है, ईमानदारी का पाठ पढ़ाता है, विकास की राह दिखाता है। आगे बढ़ने का मार्गदर्शक बनता है। भ्रष्टाचार, राजनीतिक अपराधीकरण एवं जाति-सम्प्रदाय के हिंसक आग्रहों पर इंडिया गठबंधन में कोई बहस नहीं है, कोई आदर्श राष्ट्र निर्माण की दृष्टि एवं दिशा नहीं है। राजनीति में लगे लोगों में जब इन मसलों की गहराई तक जाने का धैर्य और गंभीरता चुक जाय, तो उनके मंच के संवाद पहले निम्न दर्जे तक गिरते हैं और फिर कीचड़ को ही संवाद का विकल्प मान लिया जाता है। इन दिनों यही हो रहा है। भ्रष्टाचार के लिए मोदी सरकार जो कार्रवाइयाँ कर रही हैं, वह सराहनीय है। भारतीय राजनीति में भ्रष्टाचार का पर्याय बन चुके ऐसे नेताओं की कमी नहीं है, जो यह मानते हैं कि सरकार उनकी है और वे कुछ भी कर सकते हैं। इस तरह की भ्रामक सोच भारतीय राजनीति का पतन कर रही है। इसकी शुचिता और पारदर्शिता को धूमिल कर रही है। पहले राजनीति का अर्थ लोगों की सेवा करना होता था, लेकिन बाद में यह अपने लोगों की सेवा का माध्यम समझी जाने लगी। बिहार, बंगाल, दिल्ली और झारखंड जैसे राज्य तो इसमें सबसे ऊपर दिखते हैं। झारखंड में ही अभी जो घटनाक्रम हुआ है, क्या उससे यह धारणा नहीं बनती कि हेमंत सोरेन ने जरूर कुछ ऐसे कार्य किये हैं कि पहले उन्हें ईडी से भागना पड़ा और जब उन पर दबिश बढ़ी, तो उन्हें मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देकर ईडी अधिकारियों के हाथों गिरफ्तार होना पड़ा। बिहार का हाल भी झारखण्ड से अलग नहीं है। वहां पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव का भ्रष्टाचार लगातार खबरों में रहा है, वे भी सजा भुगत चुके हैं। उनके पुत्र तेजस्वी यादव व अन्य परिजन पर भी जमीन घोटाले के आरोप हैं। कहा जाता है कि जब ईडी ने तेजस्वी यादव से सवाल पूछे, तो वह भी संतोषजनक जवाब नहीं दे पाये। उन्होंने घोटाले के वक्त खुद के नाबालिग होने की बात कही। जब ईडी अधिकारियों ने पूछा कि करोड़ों की कंपनी कैसे बनाई, तो उन्होंने इस बारे में कोई जानकारी न होने की बात कही। जबकि लालू यादव के पास इतनी संपत्ति कैसे जमा हुई, यह कोई छिपा रहस्य नहीं है। इसलिए यह कयास भी गलत नहीं है कि देर-सबेर तेजस्वी यादव भी अपने पिता की तरह जेल में दिख सकते हैं। कुछ इसी तरह की कहानी देश के अन्य राज्यों में भी है, जहां मुख्यमंत्री और बड़े नेता ईडी के निशाने पर हैं, इसलिए मुमकिन है कि आने वाले दिनों में हम और भी कई नेताओं को कालकोठरी में देख सकते हैं।




**भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ केन्द्रीय एजेंसियों की कार्रवाई का बुगल बजाय हुए है, जिससे राजनीति में बढ़ रहे भ्रष्टाचार पर नियंत्रण का नया सूरज उदित होता हुआ दिखाई दे रहा है, जो दुनिया के सबसे बड़े भारत लोकतंत्र के आदर्श एवं सशक्त होने की बड़ी अपेक्षा है। आजादी के अमृत काल में राजनीति का शुद्धिकरण एवं अपराध मुक्ति ही भारत को सशक्त एवं विकसित राष्ट्र बना सकेगा। हेमंत सोरेन के बाद अब अगला नम्बर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल का है।**

## आपकी बात

### रेल लाईन पार करते समय बरतें सावधानी



अजीत सिंह

नियम विरूद्ध तरीके से रेल लाईन पर करते समय दुर्घटनाओं के ग्राफ में लगातार हो रही वृद्धि चिंताजनक है। इन मामलों में अक्सर नागरिकों की ही गलती सामने आ रही है। अनावश्यक जल्दबाजी में लोग अपने जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। गढ़वा रोड से बरवाडीह के मध्य इस प्रकार की दुर्घटनायें आये दिन हो रही हैं। शायद ही कोई दिन ऐसा होता है जब रेल ट्रैक पार करते समय गढ़वा रोड-बरवाडीह रेल खंड पर कहीं न कहीं हादसे न हों। बच्चे, युवा, बुजुर्ग, महिला सभी इसका शिकार हो रहे हैं। रेलवे ट्रैक पार करने के क्रम में हो रही दुर्घटनाओं को रोकने के लिये रेलवे सुरक्षा बल द्वारा कार्रवाई करने के साथ जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर कई बार जुर्माने की कार्रवाई भी की जा चुकी है। इसके बावजूद इस दिशा में अभी तक अपेक्षित परिणाम सामने नहीं आ सका है। ऐसे में अब जानलेवा हादसों को रोकने के लिये स्वयंसेवी संस्थाओं व सामाजिक कार्यकर्ताओं को भी पहल करनी चाहिये। जिससे जानमाल की हो रही व्यापक क्षति को रोका जा सके। साथ ही अभी जब रेल संरचनाओं के निर्माण पर भारत सरकार व रेल मंत्रालय द्वारा युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है। स्वयं प्रधानमंत्री मोदी व्यक्तिगत तौर पर रेल सुविधाओं में बढ़ोतरी में रूचि ले रहे हैं। ऐसी स्थिति में रेलवे को भी अब दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों को चिन्हित कर रेल अंडर पास के निर्माण की दिशा में पहल की जानी चाहिये। गढ़वा रोड से बरवाडीह के मध्य गुरहा, तोलरा, लालगढ़ बिहार, राजहरा, कजरी, डालटनगंज शहर में आबादगंज, ओवर ब्रिज के नीचे, सुआ कौड़िया आदि स्थानों पर अंडरपास अथवा एफओबी का निर्माण कराया जाना आवश्यक है। नागरिकों को भी स्वयं के स्तर पर सचेत रहते हुये रेल ट्रैक पर करते समय दुर्घटना से देर भली के सिद्धांत को अपनाते हुये किसी भी स्थिति में जल्दबाजी से बचना चाहिये। उन्हें समझना चाहिये कि उनका जीवन खुद उनके लिये नहीं अपितु उनके परिजनों के लिये भी महत्वपूर्ण है। उम्मीद है सामूहिक प्रयास से हम इस जानलेवा हादसों के कहर को रोकने में अवश्य सफल होंगे।

**– गढ़वा रोड, पलामू।**

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

शिक्षा-जगत

# दबाव नहीं प्यार से मिलती है सफलता



देवेश कु घोष

***किशोरावस्था*** में बच्चों के सरल बालमन और अपूर्ण बुद्धिकौशल के लिए मार्गदर्शकों द्वारा निश्चित किये गये कैरियर और उसे पाने के लिए लादा गया कठोर अनुशासन घातक साबित हो रहे हैं। महत्वाकांक्षी अभिभावकों द्वारा तय किये गये स्वभाव के बेमेल प्रिय लक्ष्य बच्चों के जीवन को तहस-नहस कर देते हैं। अपने बच्चों के लिए स्वप्नदर्शी आशावाद पैदा कर माता पिता अपनी छाती चौड़ी कर समाज में गौरवान्वित महसूस करते हैं। संतान को पद, प्रतिष्ठा, पैसा दिलाने की होड़ में किशोर उम्र का अमूल्य जीवन निराशा, दुःख, और असमाधेय प्रतिद्वंद्विता की बलि चढ़ रहा है। ऊंची आकांक्षा बहुत अच्छी बात है और यह अभिभावकों और छात्रों के बीच होनी भी चाहिए। ऊंचा से ऊंचा सपना सँजोने से ही कुछ पाया जा सकता है। लेकिन सपना या लक्ष्य एक ही क्यों ? एक जैसा क्यों नहीं ? निर्धारित लक्ष्य नहीं पा सके तो उस परिस्थिति में कोई आपात विकल्प तैयार रखना चाहिए। आई आई टी नहीं तो एन आई टी । एन आई टी नहीं तो कोई अच्छा कॉलेज और यदि अच्छा कॉलेज नहीं तो कोई भी इंजीनीयरिंग कॉलेज। बड़ी बड़ी कंपनियों में सर्वोच्च पदों पर ऐसे इंजीनीयर पाये जाते हैं जो किसी साधारण कॉलेज के छात्र होते हैं और उनके अधीनस्थ, बहुत नीचे, नामी गिरामी कॉलेज के इंजीनीयर कार्यरत पाये जाते हैं। कैरीयर बनाने के मूलमंत्र में मेहनत के साथ धैर्य, अविचलित रहना, आशावादी होना और परिस्थिति के साथ समझौता रखने का गुण होना चाहिए ।उपरोक्त बातों को बच्चों के मन में डालने का दायित्व अभिभावकों का ही है। यदि अभिभावक अपने बच्चे के लिए लक्ष्य का निर्णय स्वयं करते हैं तो असफलता पाने के स्थिति में बच्चा टूट न जाए, इसकी व्यवस्था भी करके रखनी चाहिए। जिस उत्साह में कुछ बड़ा करने का पाठ अभिभावक देते हैं, उतने ही इतमीनान से असफलता पर मरहम लगाने की तैयारी भी होनी चाहिए । यदि संतान को पूरा विश्वास हो की उसके असफल हो जाने पर भी उसकी माँ गले लगा कर कहेगी, कोई बात नहीं। तुमने बहुत मेहनत की थी। अगली बार सफल हो जाओगे।

**(अवकाशप्राप्त प्राचार्य, डी ए वी कॉलेज मैनेजिंग कमिटी, नई दिल्ली)**

**कैरियर बनाने के मूलमंत्र में मेहनत के साथ धैर्य, अविचलित रहना, आशावादी होना और परिस्थिति के साथ समझौता रखने का गुण होना चाहिए । उपरोक्त बातों को बच्चों के मन में डालने का दायित्व अभिभावकों का ही है।**

बोधि वृक्ष

## प्रेम मंदिर वृन्दावन का इतिहास

पूरे मंदिर में 94 कलामंडित स्तम्भ हैं, जिसमें किंकिरी व मंजरी सखियों के विग्रह दर्शाये गये हैं। गर्भगृह के अंदर व बाहर प्राचीन भारतीय वास्तुशिल्प का उत्कृष्ट प्रदर्शन करती हुई नक़्क़ाशी व पच्चीकारी सभी को मोहित करती है। यहां संगमरमर की चिकनी स्लेटों पर 'राधा गोविंद गीत' के सरल व सारगर्भित दोहे प्रस्तुत किये गये हैं, जो भक्तियोग से भगवद् प्राप्ति के सरल व वेदसम्मत मार्ग प्रतिपादित करते हैं। भगवान कृष्णा के श्रद्धालुओ की इस मंदिर पर काफी श्रद्धा है। वे इस मंदिर को भगवान कृष्णा के सबसे पवित्र और प्रसिद्द मंदिरों में से एक मानते है। वृन्दावन को विकसित करने में कृपालु महाराज का बहुत बड़ा योगदान रहा है, उनका मुख्य आश्रम भी वृन्दावन में ही है। अपने श्री वृन्दावन धाम में वे हमेशा भगवान की भक्ति में लीन रहते है।


**(समाप्त)**

**एलोरा का भव्य कैलाश मंदिर**

एलोरा, औरंगाबाद से लगभग 15 मील उत्तर-पश्चिम में स्थित है। दुनिया भर में यह अपने अद्भुत गुफा मंदिरों के लिए जाना जाता है, जो इसके पूर्व में लगभग एक मील की दूरी पर स्थित हैं। लंबे समय से घने जंगलों में छिपे हुए ये गुफा मंदिर, अब भारत के शीर्ष पर्यटन स्थलों में से एक हैं, जिन्हें न देखने की भूल आज शायद ही कोई पर्यटक करेगा। ये मंदिर यूनेस्को द्वारा आधिकारिक तौर पर विश्व विरासत सूची में शामिल किये गये हैं। इन गुफाओं को सह्याद्री पहाड़ियों की खड़ी बसाल्ट चट्टानों से उकेरा गया था। 34 शैल कर्तित संरचनाओं में से गुफा संख्या 1 से 12 तक बौद्ध रिहायशी गुफाएँ हैं, गुफा संख्या 13 से 29 तक ब्राह्मणवादी संरचनाएँ हैं, और गुफा संख्या 30 से 34 जैन गुफायें हैं।

**(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से




## X - से




# दशकों बाद देश के बजट में रक्षा क्षेत्र के साथ हुआ न्याय



आरके सिन्हा

***भारत*** ने एक बार फिर शत्रुओं को साफ संकेत और सख्त संदेश दिया है कि वह अपनी सरहदों की निगहबानी करने में कभी भी पीछे नहीं रहेगा। भारत अपने रक्षा क्षेत्र को निरंतर मजबूत करता रहेगा। केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा चुनाव से पहले गुरुवार को मोदी सरकार के अंतरिम बजट को देश के सामने रखा। उन्होंने बजट प्रस्तावों में रक्षा क्षेत्र के लिए पिछले वित्त साल की तुलना में 11.1 फीसद अधिक धन की व्यवस्था की। यह राशि देश के जीडीपी के कुल 3.4 फीसद होगी। यह एक स्पष्ट और सख्त संदेश है कि चीन और पाकिस्तान जैसे दो घोषित शत्रुओं के साथ भारत कभी भी अपनी सीमाओं की रखवाली करने में कमजोर रहने वाला नहीं है। यह दोनों ही देश घनघोर रूप से धूर्त हैं। इनसे भारत कई बार जंग भी कर चुका है। अगर एक 1962 की जंग को छोड़ दिया जाय तो भारत ने हरेक बार इन्हें करारा जवाब भी दिया है। 1962 की जंग को हुए तो अब छह दशकों का लंबा वक्त हो गया है। उसके बाद चीन ने हमारी सीमाओं के अतिक्रमण करने की जब-जब कोशिश की तो उसे कसकर मार पड़ी। बुद्ध, महावीर और गांधी का भारत अपने पड़ोसियों से सौहार्द पूर्वक संबंध रखना जरूर चाहता है। इतिहास साक्षी है कि भारत ने किसी देश में जाकर कभी भी हमला नहीं किया है। पर भारत भी अब किसी की धौंस में आने वाला नहीं है। इस बीच, रक्षा क्षेत्र को लेकर सबसे अच्छी बात यह हो रही है कि भारत रक्षा उत्पादन में आत्म निर्भर बनने का संकल्प ले चुका है। नरेन्द्र मोदी के केन्द्र सरकार पर 2014 में सत्तासीन होने के बाद सरकार की कोशिश रही है कि हम अपनी रक्षा जरूरतों का उत्पादन खुद करें। भारत सरकार की 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के अनुरूप और रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में कई नीतिगत पहल की हैं और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) और स्टार्ट-अप सहित भारतीय उद्योग द्वारा रक्षा उपकरणों के स्वदेशी डिजाइन, विकास और निर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए सुधार लाये हैं, जिससे आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिला है।

**भारत अपने रक्षा क्षेत्र को निरंतर मजबूत करता रहेगा। केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा चुनाव से पहले गुरुवार को मोदी सरकार के अंतरिम बजट को देश के सामने रखा।**

## टेक वर्ल्ड

### व्हाट्सएप ग्रुप चैट में आसानी से ढूंढें अपना मैसेज

इसके बाद आपको मैसेज को पिन करने का ऑप्शन आयेगा, और जैसे ही आप मैसेज को पिन करेंगे आपसे एक निश्चित समय अवधि पूछी जायेगी इसमें 24 घंटे, 7 दिन या 30 दिन का ऑप्शन आपको दिया जा रहा है और आप अपनी सुविधा से इसे चुन सकते हैं। तो देखा आपने मैसेज की भीड़ में आप किस तरह से आसानी से अपने मैसेज को पिन कर हाईलाइट कर पायेंगे।



**(समाप्त)**

**Wifi को इन 4 स्टेप्स में कर सकते हैं पहले जैसा फास्ट, हर यूजर को होनी चाहिए जानकारी**

Wifi Boosting: घर में वाईफाई लगा हो और फिर भी इंटरनेट ना चल रहा हो तो आपको झल्लाहट तो होगी ही लेकिन इस समस्या को दूर किया जा सकता है।

Wifi Boosting : घर में वाईफाई लगा होने के बाद भी ये काम नहीं कर रहा हो तो ये आपको काफी परेशान कर सकता है, इससे आपका काम भी प्रभावित हो सकता है। ऐसी समस्या आपको लगातार आ रही हो तो अब आपको और ज्यादा परेशान होने की जरूरत नहीं है क्योंकि हम आपको इससे निपटने का तरीका बताने जा रहे हैं।

**रीबूट से दूर हो सकती है समस्या**

अगर कई दिनों से वाईफाई की स्पीड दिक्कत कर रही है तो आप ही रीबूट ऑप्शन चुन सकते हैं जो आपको ऐप में ही मिल जाता है।

**(क्रमशः)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# टैंकर ने मारा ऑटो को टक्कर ऑटो चालक की दर्दनाक मौत





**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** बेंगाबाद-गिरिडीह मुख्य मार्ग पर शुक्रवार की शाम महुआर समीप एक तेज रफ्तार टैंकर की चपेट में आने से ऑटो चालक की मौत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए और ऑटो चालक टैंकर के चक्का के नीचे आ गया। जिससे घटनास्थल पर ही उसने दम तोड़ दिया। मृतक महुआर पंचायत के छाताबाद का रहने वाला अधिक पांसी उर्फ अधीर चौधरी (40 वर्ष लगभग) था। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने शव के साथ सड़क जाम कर दिया। घटना की

## आक्रोशित ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

सूचना मिलने के बाद बेंगाबाद पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंची और लोगों को समझा बुझा कर शव को कब्जे में लेने का प्रयास किया। मगर आक्रोशित ग्रामीण नहीं माने। इधर घटना की सूचना पर बीडीओ निशा कुमारी, सीओ प्रियंका प्रियदर्शनी, निवर्तमान सीओ राजेश डुंगडुंग, थाना प्रभारी विकास पासवान पूरे दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। जिसके बाद स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि महेंद्र चौधरी एवं अधिकारियों द्वारा मृतक के परिजनों को समझाने का प्रयास किया गया और सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजा एवं अन्य सहयोग दिलाने का आश्वासन दिया गया। जिसके बाद लोगों का आक्रोश कम हुआ। इस दौरान लगभग एक घंटे तक एनएच 114 ए जाम रहा। प्रशासनिक अशिकारियों द्वारा सकारात्मक आश्वासन के बाद काफी मशक्कत से जाम हटाने में सफलता मिली।

बताया गया कि मृतक अपने ऑटो में डीजल भरा कर गिरीडीह की तरफ से वापस घर लौट रहा था। इसी दौरान उसके घर से लगभग 200 मीटर की दूरी पर बेंगाबाद की तरफ से जा रहे एक तेज रफ्तार टैंकर ने ऑटो को टक्कर मार दिया। घटना के बाद मृतक की पत्नी एवं बच्चों समेत अन्य परिजनों के चीत्कार से पूरा माहौल गमगीन हो उठा। बताया गया कि मृतक की चार बच्चियां और दो छोटे छोटे पुत्र हैं। मृतक अपनी एक बच्ची की शादी तय कर चुका था। कुछ दिनों बाद उसकी बेटी की शादी होने वाली थी। घर के अकेले कमाऊ सदस्य की आक्समिक मौत से पूरा परिवार बिखर गया है।

## एक सप्ताह से लापता अधेड़ का शव खंडोली पहाड़ के बीच से बरामद

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** बेंगाबाद थाना अंतर्गत खंडोली पर्यटन स्थल के पास खंडोली पहाड़ पर मिले शव की पहचान हो गई है। मृतक 50 वर्षीय चुड़का टुडू बेंगाबाद थाना क्षेत्र स्थित भलकुद्दर पंचायत स्थित पुरनाडीह का रहने वाला है। बेंगाबाद पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

मृतक के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार लगभग एक सप्ताह पूर्व चुड़का टुडू खंडोली के बगल स्थित शाहरपुरा गांव में अपनी बेटी के घर गया था। बेटी के घर से वह वापस घर नहीं लौटा था। परिजनों द्वारा अपने स्तर से उसकी खोजबीन की गई थी मगर कुछ पता नहीं चल पाया था। गुरुवार की शाम खंडोली पहाड़ के ऊपर बीच में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पाया गया था। शाम हो जाने के कारण पुलिस एवं स्थानीय लोगों द्वारा शव की शिनाख्त नहीं की जा सकी थी। वहीं शाम ढलने की वजह से पुलिस द्वारा शव को नीचे नहीं उतारा जा सका था।

शुक्रवार की सुबह पुलिस टीम दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंची। जिसके बाद शव को नीचे उतारा गया और उसकी पहचान चुड़का टुडू के रूप में की गई। बताया गया कि मृतक खंडोली पहाड़ के ऊपर चढ़ कर फांसी लगा लिया। मृतक का शव उसके मोफलर के सहारे फंदे से लटका हुआ था। पुलिस अनुसंधान में जुटी हुई है। जांचोपरांत सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा।

## वन विभाग की टीम ने लकड़ी लदे वाहन को पकड़ा

**गिरिडीह।** बेंगाबाद में वन विभाग की टीम द्वारा एक लकड़ी लदे मालवाहक वाहन को पकड़ा गया है। वाहन में लगभग 75 हजार रुपये मूल्य का अकेशिया का चिराया हुआ लकड़ी लोड था। बताया गया कि वाहन में लकड़ी को लोड कर परिवहन किया जा रहा था। इसी दौरान ओझाडीह खरगडीहा रोड पर ओझाडीह मोड़ के पास वन विभाग की टीम ने वाहन को पकड़ा और बेंगाबाद स्थित रेंज कार्यालय लाया गया। बताया कि लकड़ी तस्करों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया की जा रही है। टीम में वनपाल दिवाकर तांती, वनरक्षी दीपक दास, आशीष रंजन मिश्र, शक्ति प्रसाद, राजेश पंडित शामिल थे।

## सेवानिवृत्त एचई जीबी राम एएनएम कुमारी बिंदू एवं सरोज कुमारी को भावभीनी विदाई



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** रेफरल अस्पताल डुमरी के परिसर में शुक्रवार को एक सादे समारोह का आयोजन कर सेवानिवृत्त हुए एचई जीबी राम एएनएम कुमारी बिन्दु एवं सरोज कुमारी को भावभीनी विदाई दी। इस दौरान उपस्थित अस्पताल कर्मियों ने सेवानिवृत्त हुए तीनों कर्मियों को माला पहनाकर एवं उपहार देकर विदाई दी। वहीं अपने संबोधन में अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा राजेश कुमार महतो ने कहा कि नौकरीपेशा में यह प्रक्रिया का एक हिस्सा है जिससे सभी को गुजरना ही होता है। उन्होंने कहा कि विदाई शब्द ही दुखदायी होता है पर यह शब्द नौकरीपेशा वालों के नौकरी लेने के साथ ही जुड़ जाता है। इस दौरान सेवानिवृत्त तीनों कर्मियों के कार्यकाल की सराहना की गयी जबकि सेवानिवृत्त हुए कर्मियों ने कहा कि अस्पताल के सभी कर्मियों का जो सहयोग व स्नेह मिलता रहा, वह हमेशा यादगार रहेगा।

इस दौरान डॉक्टर नीलम बाला, डॉक्टर आशीष कुमार, डॉक्टर राहुल अग्रवाल, डॉक्टर मंसूर आलम डॉ सरोज कुमारी बीएएम रामप्रवेश बीटीटी माणिकचंद महतो, अर्जुन मोदी व उषा देवी लिपिक शंकर ठाकुर एसटीटी गणेश गुप्ता, सुरेंद्र कुमार, सिकंदर हमीद, प्रदीप मुर्मू, सूर्यकांत कुमार, प्रदीप कुमार, विक्की कुमार रजक, नागेश्वर महतो, राजू कुमार, संदीप सोरेन, प्रकाश महतो, फार्मासिस्ट विनय कुमार, एलटी संजय कुमार, एमटीसी अनीता खलको, मालो कुमारी, विजेता राम, एएनएम पुष्पा चौधरी, यशोदा कुमारी, रीना कुमारी बजरंगी सहित सभी आदि उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत प्रतियोगिता का आयोजन

### सड़क सुरक्षा संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां देते हुए छात्रों को किया गया जागरूक



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2024 के तहत जिला परिवहन पदाधिकारी शैलेश कुमार प्रियदर्शी के निर्देशानुसार शुक्रवार को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2024 के तहत सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के थीम पर सीएम स्कूल ऑफ एक्सिलेंस, पचंबा, गिरिडीह एवं विभिन्न स्कूलों में रोड सेफ्टी क्विज, स्पीच, नुक्कड़ नाटक, स्लोग्न एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के कई छात्र छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान सड़क सुरक्षा संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां देते हुए छात्रो को जागरूक करने का कार्य किया गया, साथ ही हिट एंड रन एवं गुड सेमिरिथन योजना के बारे में भी उन्हें जानकारी दी गई। इस दौरान छात्रों को बताया गया कि सड़क पर वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियमों का पालन करें। इसके साथ ही सभी लोगो के बीच रोड़ सेफ्टी हैण्डबुक और रोड़ सेफ्टी पंपलेट का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान टश्क गिरिडीह एवं सड़क सुरक्षा प्रबंधक मोहम्मद वाज़िद हसन ने सड़क सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्यों से सभी को अवगत कराया। मौके पर ट्रैफिक इंस्पेक्टर, टश्क गिरिडीह, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधन मोहम्मद वाजिद एवं जिला परिवहन कार्यालय कर्मी प्रधान मरांडी के अलावे कई कर्मचारी एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## ऐपवा जिला कमेटी की बैठक पंचायत सचिवालय केंदुआ में संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** राजधनवार प्रखंड के पंचायत सचिवालय केंदुआ में ऐपवा की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता ऐपवा की जिलाध्यक्ष सरिता साव ने की। बैठक में मुख्य रूप से 12 फरवरी को ऐपवा की स्थापना दिवस को लेकर विचार विमर्श किया गया सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव लिया गया कि 12 फरवरी को स्थापना दिवस के अवसर पर 500 की संख्या में रांची जाकर राजभवन का मार्च करेंगे। साथ ही ऐपवा की राज्य कमेटी सदस्य सह ऐपवा की जिला सचिव जयंती चौधरी ने कहा कि महिलाओं को रोजी, रोजगार, और धर्म के नाम पर भटकाया जा रहा है। आज पूरे देश में बेरोजगारी सर चढ़कर बोल रही है। अभी झारखंड की स्थिति ऐसी उत्पन्न हो गई है जैसे देश में संवैधानिक संकट उत्पन्न हो गया हो। महिलाओं को लोन के नाम पर कर्ज देकर उनका शोषण किया जा रहा है। जयंती चौधरी ने कहा कि झारखंड सहित पूरे देश में आधी आबादी महिलाओं की है फिर भी महिलाओं की स्थिति बहुत ही खराब होते जा रही है। आसमान छूती महंगाई, शिक्षा, चिकित्सा, निजीकरण से ग्रामीण एवं गरीब लड़कियां उच्च शिक्षा हासिल नहीं कर पा रही है।

बैठक में मुख्य रूप से राज्य कमेटी सदस्य जयंती चौधरी सह जिला सचिव, कौशल्या दास, पिंकी भारती, मीना दास, पूनम यादव, जिला स्तरीय कमेटी के सरिता साव, याशो देबी, मालती देवी, बिंदु देवी, सहित दर्जनों एपवा की महिला कार्यकर्ता शामिल थी।

## नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत 20 दिवसीय निःशुल्क बेसिक कंप्यूटर, सिलाई और बाइक रिपेयरिंग कोर्स का शुभारंभ

### 35वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ई समन्वय तिसरी में आयोजित है कार्यक्रम



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** 35 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ई समवाय तिसरी द्वारा शुक्रवार को नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत 20 दिवसीय निःशुल्क बेसिक कम्प्यूटर, सिलाई और बाईक रिपेयरिंग कोर्स का शुभारंभ किया गया। जिसमें दर्जनों युवाओं-युवतियों व महिलाओं ने भाग लिया।

बताया गया कि 35वीं वाहिनी एसएसबी दुमका के कमाडेंट मनोरंजन कुमार पाण्डेय के निदेर्शानुसार इस कोर्स का शुभारम्भ किया गया है। जिसके तहत युवक-युवतियां व महिलाओं को बेसिक कम्प्यूटर, सिलाई व बाइक रिपेयरिंग के गुर सिखाये जाएंगे।

मौके पर एसएसबी तिसरी के कमांडर मनोहर कुमार सिंह ने कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए कहा कि एसएसबी के कार्य क्षेत्र में समय-समय पर इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है ताकि यहां के युवक-युवतियां इससे जुड़कर लाभ लें जिससे क्षेत्र के लोगों के समक्ष स्वरोजगार के साधन उपलब्ध होगें साथ ही पुलिस व पब्लिक के बीच समन्वय बना रहे।

वहीं तिसरी के थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए एसएसबी को धन्यवाद देते हुए कहा कि आजकल सरकारी नौकरी के अलावे निजी क्षेत्रों में खास कर स्वरोजगार में भी एक अच्छा भविष्य है। प्रशिक्षण कोर्स के माध्यम से लोग स्वरोजगार शुरू कर सकते हैं। इस प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन से पुलिस और पब्लिक के बीच समन्वय बना रहता है।

**अपराध के रास्ते पर न भटकने की अपील :** थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने प्रशिक्षण लें रहे युवाओं से अपराध के रास्ते पर न भटकने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि आज - कल कई युवा भटक कर अपराध के रास्ते पर चले जाते हैं जिससे उनके साथ - साथ उनका पुरा परिवार परेशानी में पड़ जाता है।

उन्होंने युवाओं को हिदायद देते हुए कहा कि गलत रास्ते पर भटकते हुए यदि उनके विरुद्ध कोई आपराधिक मामला दर्ज हो जाएगा तो सरकारी नौकरियों में उनकी नियुक्ति प्रभावित हो सकती है। लिहाजा सही रास्ते पर चलें पुलिस और एसएसबी सदैव उनके साथ है। किसी प्रकार की समस्या होने पर वे निसंकोच उनसे मिलें।

मौके पर तिसरी के मुखिया किशोरी साव, भंडारी मुखिया पिंकेश सिंह, खटपोंक मुखिया जानकी यादव, सहायक उपनिरीक्षक उम्मेद सिंह, मो हसन समेत अन्य कार्मिक उपस्थित थे।

## पीएम विश्वकर्मा योजना पर आधारित एक दिवसीय जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** गिरिडीह समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को भारत सरकार, एमएसएमई मंत्रालय के शाखा एमएसएमई-विकास कार्यालय, धनबाद द्वारा गिरिडीह जिले में पीएम विश्वकर्मा योजना पर आधारित एक दिवसीय जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लाभार्थियों को योजना से मिलने वाले लाभ, पात्रता एवं आवेदन की प्रकिया इत्यादि के बारे में वृहद रुप से जानकारी देना एवं जागरुक करना है।

इस कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्वाह्न 11.00 बजे कॉन्फ्रेंस हॉल, उपायुक्त कार्यालय, गिरिडीह में मुख्य अतिथि गुलाम समदानी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, गिरिडीह के द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम के संयोजक सुजीत कुमार, सहायक निदेशक द्वारा उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि एवं सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया गया। उन्होंने कार्यक्रम के उद्देश्य एवं रूप-रेखा से अवगत कराते हुए बताया कि पीएम विश्वकर्मा योजना में 18 पारंपरिक विद्याओं में कार्य करने वाले कारपेंटर, नाव बनाने वाले, अस्त्र बनाने वाले, लोहार, ताला बनाने वाले, हथौड़ा और टूलकिट बनाने वाले, सुनार, कुम्हार, मूर्तिकार, मोची, राजमिस्त्री, इलिया, चटाई, झाडू बनाने वाले, गुड़िया और खिलौने बनाने वाले, नाई, मालाकार, धोबी, दर्जी, मछली का जाल बनाने वाले कारीगर और शिल्पकार सम्मिलित हैं।। उन्होंने यह भी बताया कि इस योजना के तहत चयनित लाभार्थियों को 5-7 दिन का प्रशिक्षण एवं रुपए 500/- प्रतिदिन की दर से स्टाइपेंड देय होगा तथा प्रशिक्षण उपरान्त टूल किट हेतु 15 हजार रुपए ई-वाउचर के रूप में प्राप्त होंगे। प्रथम चरण में एक लाख रुपए तक का ऋण तथा द्वितीय चरण में दो लाख रूपए तक का कोलेटरल फ्री ऋण (5 प्रतिशत ब्याज की दर से) की व्यवस्था की गई है। प्रशिक्षण प्राप्त करने पर पीएम विश्वकर्मा प्रमाण-पत्र और पहचान पत्र उपलब्ध कराए जाएंगे।

मुख्य अतिथि गुलाम समदानी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, गिरिडीह ने कार्यक्रम के उ?द्घाटन में अपने अभिभाषण में कहा कि भारत सरकार की ओर से प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, विश्वकर्मा जयंती दिनांक 17 सितम्बर, 2023 को प्रधानमंत्री के द्वारा डिजिटली लांच की गई थी। भारत सरकार के द्वारा इस योजना को प्रारंभ करने का मुख्य उद्देश्य पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों को आर्थिक सहायता एवं उन्नत उपकरण प्रदान करते हुए उनके व्यवसाय में बढ़ोतरी कराना है जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार हो सके। उन्होंने सभा में उपस्थित 18 पारंपरिक विद्याओं में कार्य करने वाले कारीगरों और शिल्पकारों से इस योजना का लाभ लेने हेतु ज्यादा से ज्यादा संख्या में पंजीकरण कराने का आह्वान किया।

उद्घाटन सत्र में सम्मानित अतिथि जगन्नाथ दास, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र, गिरिडीह, एस मोहन्ती, एलडीएम, गिरिडीह, रवि शंकर, सहायक श्रम आयुक्त, गिरिडीह, रश्मि सिन्हा, डीपीआरओ, गिरीडीह एवं पंकज कुमार, डीपीएम, जेएसएलपीएस, गिरिडीह ने भी अपने विचार व्यक्त किये। सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर), गिरिडीह के प्रबंधक पप्पु कुमार ने इस योजना में रजिस्ट्रेशन करने की प्रक्रिया, पात्रता एवं मिलने वाले लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। कार्यक्रम में सीएससी की ओर से एक ऑन द स्पॉट रजिस्ट्रेशन शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें कई पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों का इस योजना के तहत पंजीकरण भी किया गया। सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर), गिरिडीह के प्रबंधक पप्पु कुमार ने कार्यक्रम की समाप्ति पर सभा में उपस्थित सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापन किया। गिरिडीह जिले के लगभग 200 शिल्पकारों और कारीगरों ने इस जागरूकता कार्यक्रम में शामिल होकर पीएम विश्वकर्मा योजना के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त किया। शाखा एमएसएमई विकास कार्यालय, धनबाद के कार्मिक राकेश कुमार एवं एसके झा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में संपूर्ण सहयोग किया।

## संक्षिप्त खबरें

### भरकट्टा पुलिस ने गांजा के पौधों को किया नष्ट




**गिरीडीह।** बिरनी थाना क्षेत्र के भरकट्टा ओपी के सलेडीह गांव में पुलिस बल के सहयोग से गांजा के पौधों को जलाकर नष्ट कर दिया गया ।। बताया जाता है कि गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा को मिले गुप्त सूचना के आधार पर भरकट्टा ओपी प्रभारी सुमन्त प्रसाद ने बलगो पंचायत के सलेडीह गांव पहुंचकर गांजा के पौधे को जलाकर नष्ट कर दिया।।। भरकट्टा ओपी प्रभारी ने कहा कि एसपी को किसी ने सूचना दी थी कि बलगो को पंचायत के सलेडीह गांव में गांजा लगा हुआ है।पुलिस ने पहुंचकर उन्हें नष्ट कर दिया है।ग्रामीणों ने बताया कि किसी ने गांजा का पौधा नहीं लगाया और ना ही कोई खेती करता है,स्वयं पौधे उग आए थे पुलिस जाँच में जुट गई है।।।

### माले ने केंद्र सरकार का पुतला फूंका



**गिरिडीह।** सर्कस मैदान, हाई स्कूल मैदान गिरिडीह में भाकपा माले कि अगुवाई में केंद्र सरकार का पुतला फूंका गया। साथ ही साथ चंपई सोरेन के सीएम के शपथ लेने पर पटाखे फोड़े, श्री सिन्हा ने कहा कि केंद्र सरकार जिस प्रकार भारत में लोकतंत्र की हत्या कर रहा है,वह जग जाहिर है,कुछ भाजपा वाले को भी इस प्रकार के कर्म से शर्मिंदा महसूस होता होगा किंतु बोलेंगे कौन हिटलर शाही सब को दिख रहा है, अब गठबंधन का भी डर ईडी ,सीबीआई से खत्म हो गया है वही माले नेता उज्जवल साव और ताज हसन ने कहा कि देश में लोकतंत्र खत्म के कगार पर है,भाजपा नही चाहती है विपक्ष किसी भी राज्य में रहे, माले नेता मो आलम रजा ने कहा भाजपा कभी भी अपने नेताओं के ऊपर ईडी सीबीआई का जाँच कई लुटेरे भाजपा में है उनपर जांच बैठवाए केंद्र सरकार,दूसरे दल के लुटेरा लोग भाजपा में आकर शुद्ध हो जाते है,उसपर भी जांच का गठन करने की जरूरत है। इधर साथ ही साथ चंपई सोरेन के सीएम बनने आतिशबाजी की गई। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप अमृत, फैजल रजा, तौफीक, मुकेश, दीनदयाल, बाबूलाल हांसदा, सुदेश, कमरान, सरफराज, डब्लू, दिनकर संजीव, उमर आदि उपस्थित थे।

### सेक्टर पदाधिकारी बीएलओ पर्यवेक्षक के साथ बैठक का आयोजन



**गिरिडीह।** पीरटांड़ प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में सहायक निर्वाचक पदाधिकारी-सह-अंचल अधिकारी एवं बीडीओ मनोज कुमार मरांडी की अध्यक्षता में सभी बीएलओ, बीएलओ के पर्यवेक्षक एवं सम्बंधित अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा बताया गया कि मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम जो भी नाम जोड़ा गया है अथवा जिन लोगों का नाम अब भी छूट गया है उसे जल्द जोड़ दिया जाए। मौके पर उपस्थित सभी बीएलओ,संबंधित अधिकारी एवं कर्मियों को बीडीओ ने कहा कि मतदान केन्द्रों पर मतदान भवन की स्थिति, बिजली, पानी, शौचालय, साफ-सफाई, रैंप इत्यादि जाँच करें। आगे उन्हों निर्देश दिया कि अपने-अपने अधीनस्थ मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर वहां की स्थिति का अवलोकन कर प्रखंड निर्वाचन कोषांग को जानकारी दें। साथ ही दिनांक 5 फरवरी से सभी मतदान केंद्रों में ईवीएम जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाएगा। जो लोगों को जागरूक करने का काम करेगी। उक्त बैठक में सुशील कुमार,सचिन कुमार,अमित कुमार,पीयूष कुमार,निखिल कुमार,सिमोन कुमार,सहित सम्बंधित अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### बैंक ऑफ इंडिया की खलारी शाखा में खिड़की तोड़कर घुसे चोर

**खलारी।** खलारी थानाक्षेत्र अंतर्गत बैंक आफ इंडिया की खलारी शाखा में गुरूवार रात अज्ञात चोर खिड़की तोड़कर बैंक के अंदर घुस गए। घटना रात 12 बजे के बाद की है। शुक्रवार सुबह नौ बजे बैंककर्मी प्रतिदिन की तरह बैंक ताला खोल अंदर घुसे तो नजर सीधे पूरब की ओर की खिड़की पर पड़ी। खिड़की खुली थी और उसमें लगा ग्रील टेढ़ा किया हुआ था। बैंक के बाथरूम की ओर का दरवाजा और अंदर के कमरे के दरवाजा का ताला टूटा था। शाखा प्रबंधक ने घटना की सूचना तत्काल खलारी थाना पुलिस को दी गई। बैंक में चोरी करने आए चोर बैंक के सुरक्षा उपकरणों के जानकार थे। बैंक के बाहर लगे सभी सीसीटीवी कैमरा तोड़ दिए या कैंमरे की दिशा घुमा दिए। चोर बैंक भवन के पीछे पूरब की ओर के खिड़की का ग्रील तोड़कर अंदर घुसे थे। चोरों ने बैंक के अंदर लगे सायरन का तार क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके बाद परिसर के सारे कैमरे को क्षतिग्रस्त कर दिया। चोरों का मुख्य टार्गेट कैश ले जाना था। लाकर रखे स्ट्रांग रूम की चाभी की तलाशी में वर्किंग टेबल के सभी ड्रावर को खोलकर खोजबीन किया गया है। चाभी नहीं मिलने के बाद भी चोर लाकर तक पहुंचने का पूरा प्रयास किए। स्ट्रांगरूम का हैंडल और प्लेट तोड़ दिए। लेकिन स्ट्रांग रूम खोलने में विफल रहे। इधर सूचना मिलने पर पहुंचे पुलिस अवर निरीक्षक संदीप कुमार ने बैंक परिसर की जांच की। चोरी की सूचना बैंक के विभागीय सुरक्षा अधिकारी को भी दी गई। इधर शाखा खुलने का समय होते ही बैंक के ग्राहक पहुंचने लगे। परंतु घटना के कारण शुक्रवार को बैंक का कामकाज ठप रहा। दोपहर में बैंक के आंतरिक सुरक्षा अधिकारी खलारी पहुंचे और घटना की जांच किए। खलारी थाना में प्राथमिकी के लिए लिखित सूचना दी गई। वहीं खिड़की के ग्रील को मरम्मत कराया गया।

### जीवन के अनुभव नाती पोतों के साथ साझा करें ग्रैंड पैरेंट्स : सिस्टर जयंती

**खलारी।** उसुर्लाइन कान्वेंट स्कूल में ग्रैंड पैरेंट्स डे धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्या सिस्टर जयंती के अलावा ग्रैंड पैरेंट्स के रूप में आए अतिथि पीपी सिंह, बृजकिशोर प्रसाद, अनिता देवी व किरण देवी ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। विद्यार्थियों द्वारा प्रार्थना गीत प्रस्तुत किया गया। सिस्टर जयंती ने ग्रैंड पैरेंट्स को विद्यालय आने के लिए धन्यवाद दिया। कहा कि आप अपने जीवन के अनुभवों को अपने नाती पोतों के साथ अवश्य साझा करें। उन्हें जीवन के मार्ग में आने वाली कठिनाइयों से लड़ने की प्रेरणा प्रदान करें। कहा कि आपका अनुभव, आपके दिए हुए संस्कार उन्हें सफलता प्राप्त करने में मदद करेंगे। इस अवसर पर ग्रैंड पैरेंट्स काफी भावुक हो उठे। उन्होंने प्राचार्या को धन्यवाद देते हुए कहा कि आज की पीढ़ी जब हमें कहीं भी बुलाती है तो हमें काफी अच्छा लगता है। ऐसा लगता है कि हमारा महत्व इस उम्र में भी कम नहीं हुआ है। हम अपने आपको खुशनसीब मानते है कि जीवन के इस पड़ाव पर भी लोग हमारा आदर व सम्मान करते हैं। इससे पूर्व कार्यक्रम में आए सभी ग्रैंड पैरेंट्स का तिलक लगाकर व हाथों से बना हुआ ग्रीटिंग्स कार्ड देकर स्वागत किया गया। महिला सशक्तिकरण पर आधारित एक नाटिका प्रस्तुत की गई। छात्राओं द्वारा शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत किया गया।

200वें अंतरराष्ट्रीय मैच से पहले मेगन शट्ट ने कहा

# सफलता से कहीं अधिक असफलता है

**एजेंसी। एडिलेड**

ऑस्ट्रेलिया के लिए अपने घरेलू मैदान एडिलेड ओवल में शनिवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला के उद्घाटन मैच के दौरान 200वें अंतरराष्ट्रीय मैच पूरे करने की कगार पर मौजूद तेज गेंदबाज मेगन शट्ट को लगता है कि खेल में सफलता से अधिक असफलता होने के बावजूद, वह सिर्फ खेल में रहना पसंद करती हैं।

एलिस पेरी, एलिसा हीली, एलेक्स ब्लैकवेल, मेग लैनिंग और जेस जोनासन वाले प्रतिष्ठित क्लब में शामिल होकर मेगन 200 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली ऑस्ट्रेलिया की छठी महिला क्रिकेटर बन जाएंगी।

मुझे खेल पसंद है और इसमें सफलता से कहीं अधिक असफलता है लेकिन मैं इसे पसंद करती हूं, मैं इसमें शामिल लोगों को पसंद करती हूं और यह एक ऐसा खेल है जो विकसित होता रहता है। मैं बेहतर बनने का प्रयास करती रहती हूं और एक बल्लेबाज के खेल में एक तेज गेंदबाज होने के नाते यह काफी कठिन है लेकिन मुझे चुनौती पसंद है। मेगन ने संवाददाताओं से कहा जब तक मेरा शरीर साथ देता है और जब तक क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया मुझे चाहता



है (मैं चलती रहूंगी)... माना कि सुबह बिस्तर से उठना थोड़ा कठिन है लेकिन मैं जिम में कड़ी मेहनत करती रहूंगी, मैं अनुबंध हासिल करना जारी रख सकती हूं और खेलती रख सकती हूं। मैं दुनिया की नंबर एक गेंदबाज बनने के लिए काफी भाग्यशाली रही हूं। मैं संन्यास लेने से पहले इसे फिर से हासिल करना पसंद करूंगी।

दिसंबर 2012 में अपने वनडे डेब्यू के बाद से, मेगन ने ऑस्ट्रेलिया के साथ सफेद गेंद के दोनों प्रारूपों में विश्व कप जीता है। घरेलू और विदेशी परिस्थितियों में एशेज जीतने वाली टीम की सदस्य रही हैं। साथ ही महिला टी20 स्पर्धा में राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक भी जीता है।

# पहले दिन भारत ने छह विकेट पर बनाये 336 रन

**विशाखापत्तनम टेस्ट** | **यशस्वी का बड़ा नाबाद शतक**

**एजेंसी। विशाखापत्तनम**

सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के बेहतरीन शतक की बदौलत भारत ने यहां इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन 6 विकेट पर 336 रन बना लिये हैं। यशस्वी 177 और रविचंद्रन अश्विन 5 रन बनाकर नाबाद हैं।

इस मैच में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। भारतीय टीम को रोहित और यशस्वी ने सधी शुरूआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 40 रन जोड़े। रोहित का खराब फार्म इस मैच में भी रहा और वे केवल 14 रन बनाकर अपना पहला टेस्ट खेल रहे शोएब बसीर का शिकार बने। शोएब ने रोहित को लेग स्लिप में ओली पोप के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद यशस्वी और शुभमन गिल ने पारी को आगे बढ़ाया। दूसरे विकेट के लिए 49 रनों की साझेदारी की। हालांकि जब लग रहा था कि गिल ने लय हासिल कर ली है। तभी जेम्स एंडरसन ने उन्हें विकेटकीपर फोक्स के हाथों कैच कराकर पवेलियन भेज दिया। गिल ने 46 गेंदों पर 5 चौकों की बदौलत 34 रन बनाये।

यहां से यशस्वी ने श्रेयस अय्यर के साथ तीसरे विकेट के लिए 90 रन जोड़े। जब लग रहा था कि ये जोड़ी बड़ी साझेदारी करेगी, तभी अय्यर 179 के कुल स्कोर पर 27 रन बनाकर टॉम हार्टले का शिकार बने। अय्यर के बाद बल्लेबाजी करने उतरे अपना पदार्पण टेस्ट खेल रहे रजत पाटीदार ने यशस्वी का अच्छा साथ दिया और चौथे विकेट के लिए 70 रन जोड़े। 249 के कुल स्कोर पर पाटीदार 32 रन बनाकर रेहान अहमद की गेंद पर बोल्ड हुए।

इसके बाद यशस्वी और अक्षर पटेल ने पारी को आगे बढ़ाया। इस दौरान यशस्वी ने अपने डेढ़ सौ रन पूरे किए। 301 के कुल स्कोर पर शोएब बशीर ने अक्षर पटेल को आउट कर भारत को बड़ा झटका दिया। अक्षर ने 27 रन बनाए। इसके बाद 330 के कुल स्कोर पर केएस भरत 17 रन बनाकर रेहान अहमद का शिकार बने। दिन का खेल खत्म होने तक भारत ने 6 विकेट पर 336 रन बना लिये हैं। यशस्वी 177 और रविचंद्रन अश्विन 5 रन बनाकर नाबाद हैं।

इंग्लैंड की तरफ से शोएब बसीर और रेहान अहमद ने दो-दो, टॉम हार्टले और जेम्स एंडरसन ने 1-1 विकेट लिया।

उल्लेखनीय है कि इस मैच में भारत की तरफ से रजत पाटीदार ने पदार्पण किया जबकि मोहम्मद सिराज को आराम दिया गया। सिराज की जगह मुकेश कुमार को और रवींद्र जडेजा की जगह कुलदीप यादव को मौका दिया गया। जडेजा और केएल राहुल चोट के कारण इस मैच का हिस्सा नहीं हैं। इग्लैंड की तरफ से शोएब बसीर ने पदार्पण किया और मार्क वुड की जगह अनुभवी जेम्स एंडरसन को मौका मिला।




## खबरें व्यापार जगत की

### कैट ने पेटीएम पर बंदिशों का किया समर्थन, कहा ग्राहकों की सुरक्षा जरूरी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कारोबारी संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) द्वारा ऑनलाइन पेमेंट सर्विसेज मुहैया कराने वाले 'पेटीएम पेमेंट बैंक' पर लगाई गई पाबंदियों का समर्थन किया है।

कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि इस मामले में व्यापारियों और पेटीएम ग्राहकों को सचेत होकर आरबीआई की पाबंदियों के प्रभाव को समझना जरूरी है। उन्होंने कहा कि देश में डिजिटल पेमेंट करने वाले उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आरबीआई की ऐसी निगरानी जरूरी है।

खंडेलवाल ने कहा कि वर्तमान में फिनटेक सेक्टर में जिस प्रकार से बड़ी कंपनियां, नियमों एवं कानूनों को धता बता रही हैं, उनका उल्लंघन कर रही हैं, ऐसे में केंद्रीय बैंक का यह आदेश बाजार की अखंडता को मजबूत करता है। रिजर्व बैंक द्वारा पेटीएम पर लगाई गई पाबंदियां, व्यापारियों एवं ग्राहकों के हित में हैं।

उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक का सख्त निगरानी वाला कदम, देश में सभी के द्वारा नियम और विनियमों का पालन करने की आवश्यकता पर बल देता है। यह एक्शन प्रधानमंत्री मोदी के उस दृष्टिकोण की स्पष्टता को जाहिर करता है, जिसमें कहा गया है कि नियम न मानने वाला चाहे कितना ही बड़ा क्यों न हो, उसे बख्शा नहीं जाएगा। खंडेलवाल एवं दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष विपिन आहूजा ने कहा कि फिंटेक इकोसिस्टम में जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए रिजर्व बैंक एवं सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक का यह आदेश सभी बड़ी कंपनियों के लिए एक चेतावनी है कि वो अपने ग्राहकों के साथ कोई खेल न खेलें अन्यथा उन्हें कड़ी कारवाई के लिए तैयार रहना चाहिए। देश के नियम एवं कानून के साथ कोई मजाक मोदी सरकार बर्दाश्त नहीं करेगी।


### पेटीएम ऐप 29 फरवरी के बाद भी हमेशा की तरह काम करता रहेगा: विजय शेखर शर्मा



**नई दिल्ली।** पेटीएम की पैरेंट कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड (ओसीएल) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विजय शेखर शर्मा ने कहा कि डिजिटल भुगतान एवं सेवा ऐप पेटीएम काम कर रहा है और यह 29 फरवरी के बाद भी हमेशा की तरह काम करता रहेगा। ओसीएल के संस्थापक एवं सीईओ विजय शेखर शर्मा ने शुक्रवार को एक्स पर जारी एक बयान में कहा कि आपका पसंदीदा ऐप काम कर रहा है, 29 फरवरी के बाद भी हमेशा की तरह काम करता रहेगा। मैं पेटीएम टीम के प्रत्येक सदस्य के साथ आपके अथक समर्थन के लिए आपको सलाम करता हूं। हर चुनौती का एक समाधान है और हम पूर्ण अनुपालन में अपने राष्ट्र की सेवा करने के लिए ईमानदारी से प्रतिबद्ध हैं। शर्मा ने लिखा है कि भारत भुगतान नवाचार और वित्तीय सेवाओं में समावेशन में वैश्विक प्रशंसा जीतता रहेगा। पेटीएम करो इसका सबसे बड़ा चैंपियन होगा।


उल्लेखनीय है कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने ऑनलाइन पेमेंट सर्विसेज मुहैया कराने वाली पेटीएम पेमेंट बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) को 29 फरवरी, 2024 के बाद किसी भी ग्राहक खाते, वॉलेट, फास्टैग और अन्य उपकरणों में जमा या टॉप-अप स्वीकार करना बंद करने का निर्देश दिया है। आरबीआई के इस निर्देश के बाद कंपनी के शेयरों में पिछले दो दिनों में भारी गिरावट आई है। आरबीआई के इस आदेश से कंपनी के वार्षिक परिचालन लाभ पर 300-500 करोड़ रुपये का असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। दरअसल, वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड के पास पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड में 49 फीसदी की हिस्सेदारी है लेकिन वह इसे अपनी सहयोगी के रूप में वगीकृत करता है, अनुषंगी कंपनी के रूप में नहीं।

### निफ्टी ने बनाया ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड




**नई दिल्ली।** मेटल ओर आईटी सेक्टर के शेयरों में आई तेजी के कारण आज सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन घरेलू शेयर बाजार शानदार तेजी का गवाह बना। खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स 16 जनवरी के बाद पहली बार 73 हजार अंक को पार करने में सफल रहा। इसी तरह निफ्टी ने ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बनाया। हालांकि बाद में मुनाफावसूली शुरू हो जाने की वजह से इन दोनों सूचकांकों ने अपनी बढ़त गंवा दी। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.61 प्रतिशत और निफ्टी 0.72 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। आज बाजार की कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में सवा तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक का इजाफा हो गया। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 382.75 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 379.42 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 3.33 लाख करोड़ रुपये का फायदा हो गया।

### बजट के अगले दिन उछला सर्राफा बाजार, सोना और चांदी की बढ़ी चमक




**नई दिल्ली।** बजट पेश होने के अगले दिन आज घरेलू सर्राफा बाजार में तेजी नजर आ रही है। आज सोने के भाव में 300 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी दर्ज की गई, जिसके कारण ज्यादातर सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 63,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर को पार कर गया। चेन्नई में आज 24 कैरेट सोना 64 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर के पार पहुंच गया। सोना की तरह ही चांदी में भी एक दिन की गिरावट के बाद आज मामूली तेजी आई, जिसके कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी 76,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गया।

### विदेशी मुद्रा भंडार 59.1 करोड़ डॉलर बढ़कर 616.7 अरब डॉलर पर पहुंचा

**मुंबई/नई दिल्ली।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 26 जनवरी को समाप्त हफ्ते में 59.1 करोड़ डॉलर बढ़कर 616.733 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। इससे पिछले हफ्ते विदेशी मुद्रा का कुल भंडार 2.795 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 616.143 अरब डॉलर रह गया था। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने शुक्रवार को बताया कि 26 जनवरी को समाप्त हफ्ते में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 59.1 करोड़ डॉलर बढ़कर 616.733 अरब डॉलर हो गया। इससे पिछले हफ्ते विदेशी मुद्रा का कुल भंडार 2.795 अरब डॉलर लुढ़कर 616.143 अरब डॉलर रह गया था। इस दौरान मुद्रा भंडार का अहम घटक माने जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 28.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 546.144 अरब डॉलर हो गई। 26 जनवरी को समाप्त हफ्ते में स्वर्ण भंडार का मूल्य भी 26.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 47.481 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 2.7 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.248 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास रखा भारत का आरक्षित जमा 60 लाख डॉलर बढ़कर 4.86 अरब डॉलर हो गया है।

## एवन साइकिल्स ने पंजाब किंग्स के साथ किया करार

**नई दिल्ली।** भारत की सबसे बड़ी साइकिल निर्माता कंपनी एवन साइकिल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग फ्रेंचाइजी पंजाब किंग्स के साथ करार किया है। एवन साइकिल्स ने पहले 2020 में पंजाब किंग्स के साथ साझेदारी की थी और क्रिकेट लीग सीजन 2024 के लिए अपनी साझेदारी को नवीनीकृत किया है।

एवन साइकिल्स के सीएमडी, ओंकार सिंह पाहवा ने कहा इस सीजन 2024 में सबसे प्रतिष्ठित क्रिकेट टीम को प्रायोजित करने और उसके साथ आने के लिए हमें गर्व महसूस हो रहा है। हम एक ऐसी टीम के लिए आभारी हैं जो खेल कौशल, लचीलेपन की सच्ची भावना का प्रतीक है। हम साइकिल, खेल और फिटनेस में अग्रणी होने की एवन की विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं, हम राष्ट्र के लिए मूल्यों को प्रतिबिंबित करने के लिए उत्साहित हैं। करार पर सतीश मेनन, सीईओ, केपीएच ड्रीम क्रिकेट प्राइवेट लिमिटेड ने कहा हमें एवन को अपना भागीदार पाकर बहुत खुशी हो रही है।

## वनडे सीरीज में ऑस्ट्रेलिया पर हावी रहेगी दक्षिण अफ्रीकी टीम : वोल्वार्ट

**एजेंसी। एडिलेड**

दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोल्वार्ट को उम्मीद है कि उनकी टीम शनिवार को एडिलेड ओवल में शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दमदार प्रदर्शन करेगी।

दक्षिण अफ्रीका ने अभी तक महिला वनडे मैचों में ऑस्ट्रेलिया को नहीं हराया है। हालांकि, उन्होंने 2016 में उनके साथ एक मैच टाई किया था। लेकिन वे इस तथ्य से पूरी तरह आश्वस्त होंगे कि एलिसा हीली की अगुवाई वाली टीम अजेय है जैसा कि मेहमान टीम ने मेजबान टीम को दूसरे टी 20 मैच में हराया है।

लॉरा ने सीरीज की शुरूआत की पूर्व संध्या पर पत्रकारों से कहा, यह हमारे लिए एक अच्छी प्रतिस्पर्धी श्रृंखला थी। अधिकांश मैच को अंतिम ओवर तक ले जाना और एक में जीत हासिल करना। जाहिर है, मैं उस आखिरी मैच में साधारण चीजों में थोड़ा बेहतर होना पसंद करूंगी। बस खुद को बेहतर बनाने के लिए मौका है लेकिन कुल मिलाकर यह एक बहुत ही प्रतिस्पर्धी श्रृंखला थी और यह जिस तरह से हुई उससे मैं काफी खुश हूं।



यह बहुत बड़ा है। विशेष रूप से विश्व कप में, मुझे लगता है कि हम अक्सर सेमीफाइनल या फाइनल में उनका सामना करते हैं। यह ज्ञान होने पर कि हमने उन्हें सामान्य रूप से कभी नहीं हराया है। हमारे लिए बहुत अच्छा नहीं है। उम्मीद है, अब जब हमारे पास मौका है उनके खिलाफ एक जीत से हम इस वनडे सीरीज में जोरदार प्रदर्शन कर सकते हैं।

लॉरा ने एडिलेड में उछाल भरी परिस्थितियों का मुकाबला करने के लिए शॉट चयन और गेंदबाज पर ध्यान केंद्रित करने के लिए टीम की रणनीति का भी खुलासा किया। मुझे लगता है कि हम घर पर जिस तरह के आदी हैं। हमने नेट पर पीछे से अच्छा हिट-आउट किया था और अब हम गति और उछाल के आदी हो रहे हैं। लॉरा ने पिछले चार डब्ल्यूबीबीएल सीजन एडिलेड स्ट्राइकर्स के साथ बिताए हैं, जिसका मतलब है कि वह आयोजन स्थल की स्थितियों के बारे में दक्षिण अफ्रीका सेट-अप में सबसे परिचित खिलाड़ी हैं।

## भारत में टेस्ट खेलने वाले सबसे उम्रदराज तेज गेंदबाज बने एंडरसन

**एजेंसी। विशाखापत्तनम**

इंग्लैंड के गेंदबाज जेम्स एंडरसन शुक्रवार को वाईएस राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दौरान 41 साल और 187 दिन की उम्र में भारतीय धरती पर टेस्ट मैच खेलने वाले सबसे उम्रदराज तेज गेंदबाज बन गये। जेम्स एंडरसन ने मैदान पर उतरते ही टेस्ट क्रिकेट में 72 साल से कायम रिकॉर्ड को ध्वस्त कर दिया। भारतीय क्रिकेट के दिग्गज लाला अमरनाथ ने 1952 के बाद से भारत में टेस्ट खेलने वाले सबसे उम्रदराज तेज गेंदबाज का खिताब अपने नाम किया।



जब अमरनाथ ने अपना आखिरी टेस्ट मैच ईडन गार्डन्स में पाकिस्तान के खिलाफ खेला तब उनकी उम्र 41 साल और 92 दिन थी। एंडरसन और अमरनाथ के साथ लिस्ट में रे लिंडवाल, शुट बनर्जी और गुलाम गार्ड जैसे नाम शामिल थे, जिनमें से सभी ने 1961 में क्रिकेट परिदृश्य में बदलाव से पहले अपनी छाप छोड़ी थी। एंडरसन भारत में टेस्ट खेलने वाले पांचवें सबसे उम्रदराज खिलाड़ी भी बन गए। जिम्बाब्वे के खिलाड़ी जॉन ट्राईकोस के नाम 1993 में 45 साल 304 दिन की उम्र में खेलने का रिकॉर्ड है। भारतीय परिस्थितियों में एंडरसन की विरासत एक और उल्लेखनीय उपलब्धि तक फैली हुई है। भारतीय धरती पर किसी मेहमान गेंदबाज द्वारा सर्वाधिक टेस्ट विकेट उनके नाम है। भारतीय क्रिकेट के तीन अलग-अलग युगों में एंडरसन की गेंदें दिग्गजों के लिए दुश्मन रही हैं। 14 टेस्ट मैचों में एंडरसन ने 35 विकेट हासिल किये हैं।

## ला लीगा: रियल मैड्रिड ने गेटाफे को हराकर शीर्ष पर वापसी की

**एजेंसी। मैड्रिड**

स्ट्राइकर जोसेलु के दो गोल की मदद से रियल मैड्रिड ने गेटाफे को 2-0 से हराकर ला लीगा में शीर्ष पर वापसी की। जनवरी की शुरूआत में स्पैनिश सुपरकप में उनकी भागीदारी के कारण यह मैच पुनर्निर्धारित किया गया था और रियल मैड्रिड ने लगातार छठी लीग जीत हासिल की।

रियल मैड्रिड ने शानदार शुरूआत की, गेंद पर तुरंत नियंत्रण कर लिया और गेटाफे को



पहले ही हाफ में दबाव में ला दिया। मैच के 14वें मिनट में लुकास वाजक्वेज के क्रॉस के बाद जोसेलु ने हेडर के जरिये गोल कर मैड्रिड को बढ़त दिला दी।

## गावस्कर की सास का निधन कमेंट्री छोड़कर पहुंचे कानपुर

**एजेंसी। विशाखापत्तनम**

पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुनील गावस्कर की सास का निधन हो गया है। यह खबर मिलने के बाद सुनील गावस्कर विशाखापत्तनम में भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरे टेस्ट मैच के दौरान कमेंट्री छोड़कर कानपुर पहुंचे हैं। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार सनी गावस्कर शुक्रवार दोपहर को अपनी पत्नी मार्शनील गावस्कर और उनके परिवार के साथ कानपुर के लिए रवाना हुए।



गावस्कर, जिन्होंने 125 टेस्ट खेलकर 10,122 रन और 108 वनडे मैचों में 3092 रन बनाये। उन्होंने अपनी सेवानिवृत्ति के बाद क्रिकेट प्रशासन में कई भूमिकाएं निभाईं।

**अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय महिला हॉकी फाइनल**

## रांची विवि ने संबलपुर विवि को 3-0 से किया पराजित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने आज एक बार फिर शानदार खेल और तालमेल का परिचय देते हुए सेमीफाइनल मैच में संबलपुर विश्वविद्यालय को 3-0 से पराजित कर अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय महिला हॉकी प्रतियोगिता के फाइनल में अपना स्थान सुरक्षित किया। फाइनल में अब रांची विश्वविद्यालय के मुकाबले आज ग्वालियर विश्वविद्यालय से होगा। रांची विश्वविद्यालय के इस जीत



में रेशमा सोरेन, सबीला तिर्की और एलीना का विशेष योगदान रहा तीनों ने एक-एक गोल किये। टीम के प्रशिक्षक पीटर मुंडु, जोहान बारला और सुशांत ने पूरी टीम की तारीफ करते हुए कहा कि टीम के एकजुट और शानदार खेल की बदौलत जीत मिली है।

# खो-खो मुकाबले में झारखंड ने बंगाल को किया पराजित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पश्चिम बंगाल और झारखंड के बीच हुए बालक वर्ग खो-खो मुकाबले में हुई कांटे की टक्कर में एक अंक से झारखंड ने बंगाल को पराजित किया। मैच समाप्ति तक झारखंड ने 20 अंक प्राप्त किये और पश्चिम बंगाल ने 19 अंक प्राप्त किये।

तमिलनाडु बनाम सीबीएससी के बीच हुए बालक वर्ग मुकाबले में तमिलनाडु ने सीबीएससी की टीम को दी करारी शिकस्त, मैच समाप्ति तक सीबीएससी कोई स्कोर नहीं बना पायी। तमिलनाडु ने 15 अंकों से एकतरफा मुकाबले में जीत अपने नाम की।

**आज हुए खो खो प्रतियोगिता बालक वर्ग के परिणाम**

- हरियाणा और केवीएस के बीच खेले गए बालक वर्ग मुकाबले में हरियाणा की टीम ने 3 अंकों से जीत दर्ज की।
- पश्चिम बंगाल और बिहार के बीच खेले गए बालक मुकाबले में प बंगाल की टीम ने जीत दर्ज की।
- जम्मू कश्मीर और आंध्रप्रदेश के बीच खेले गए बालक वर्ग मुकाबले में आंध्रप्रदेश ने 12 अंकों से जम्मू कश्मीर को किया पराजित।
- दिल्ली और मध्यप्रदेश के बीच खेले गए बालक वर्ग मुकाबले में दिल्ली ने एमपी को 17 अंको से किया पराजित।
- तेलंगना और उत्तराखंड के बीच हुए बालक मुकाबले में तेलंगाना ने 20 अंको से जीत दर्ज की।
- तमिलनाडु और किसके के बीच हुए बालक वर्ग मुकाबले में तमिलनाडु ने 9 अंकों से जीत दर्ज की।
- हरियाणा और केरेला के बीच हुए बालक वर्ग मुकाबले में हरियाणा की टीम ने 3 अंकों से जीत दर्ज की।
- हिमाचल प्रदेश और बिहार के बीच हुए बालक वर्ग मुकाबले में हिमाचल प्रदेश की टीम ने बिहार को 1 अंक से हराया।
- ओडिशा की बालक टीम ने सीबीएससी को किया पराजित।
- उत्तरप्रदेश और पुडुचेरी के बीच हुए बालक वर्ग मुकाबले में उत्तरप्रदेश की टीम जीती। मैच समाप्ति तक स्कोर रहा 12-6।
- केरेला और केवीएस के बीच हुए बालक वर्ग मुकाबले में केरेला की टीम ने 1 अंक से जीत दर्ज की।
- विद्याभारती और पुडुचेरी के बीच हुए बालक वर्ग मुकाबले में विद्याभारती ने 5 अंको से जीत अपने नाम की।
- कर्नाटक और गुजरात के बीच हुए बालक वर्ग मुकाबले में कर्नाटक ने 1 अंक से जीत दर्ज की।
- उत्तरप्रदेश और उत्तराखंड के बीच खेले गए बालक वर्ग मुकाबले में उत्तरप्रदेश की टीम ने 4 अंको से जीत दर्ज की।
- एनवीएस और मध्यप्रदेश के बीच हुए बालक वर्ग मुकाबले में एनवीएस ने एक अंक से जीत दर्ज की।
- छत्तीसगढ़ और जम्मू कश्मीर के बीच हुए बालक वर्ग मुकाबले में छत्तीसगढ़ ने 18 अंको से जीत दर्ज की।
- ओडिशा और सीआईएससीई के बीच हुए बालक वर्ग मुकाबले में ओडिशा ने 9 अंकों से जीत दर्ज की।
- हरियाणा और चंडीगढ़ के बीच हुए बालक वर्ग मुकाबले में हरियाणा ने 6 अंको से मुकाबले को अपने नाम किया।

**67वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता 2023-24**



यू-14 बालक/बालिका वर्ग खो-खो प्रतियोगिता

**आज हुए खो-खो प्रतियोगिता में बालिका वर्ग के परिणाम**

- केरेला और जम्मू कश्मीर के बीच हुए बालिका वर्ग मुकाबले में केरेला की टीम ने 11 अंको से जीत दर्ज की।
- ओडिशा और मध्यप्रदेश के बीच हुए बालिका वर्ग मुकाबले में ओडिशा ने 2 अंको से मध्यप्रदेश को हराया।
- उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल के बीच हुए बालिका वर्ग मुकाबले में पश्चिम बंगाल ने अंको से उत्तराखंड को हराया।
- हरियाणा और चंडीगढ़ के बीच हुए बालिका वर्ग मुकाबले में हरियाणा ने चंडीगढ़ को 16 अंको से किया पराजित।
- गुजरात और झारखंड के बीच हुए बालिका वर्ग मुकाबले में गुजरात ने 4 अंको से जीत दर्ज की।
- तमिलनाडु और छत्तीसगढ़ के बीच हुए बालिका वर्ग मुकाबले में तमिलनाडु ने 2 अंकों से जीत दर्ज की।
- केवीएस और चंडीगढ़ के बीच खेले गए बालिका वर्ग मुकाबले में केवीएस ने 4 अंको से चंडीगढ़ को किया पराजित।
- तमिलनाडु की बालिका टीम ने बिहार को 10-2 के अंतर से हराया।
- दिल्ली और जम्मू कश्मीर के बीच हुए बालिका वर्ग मुकाबले में दिल्ली ने जम्मू कश्मीर को 7 अंको से हराया।
- हरियाणा और तेलंगाना के बीच हुए बालिका वर्ग मुकाबले में हरियाणा ने तेलंगाना को 6 अंको से पराजित किया।

**जो मुकाबले बराबरी पर हुए समाप्त**

- सीआईएससीई बनाम विद्याभारती बालक वर्ग, तमिलनाडु बनाम केवीएस बालिका वर्ग मुकाबला बराबरी पर समाप्त।

## एक नजर

### रमना में धर्मदेव उरांव ने प्रभारी प्रधानाध्यापक का लिया प्रभार



**रमना।** बालिका उच्च विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक चतुर्गुण महतो 31 जनवरी को सेवानिवृत्त हो गए। उनकी सेवानिवृत्ति के बाद धर्मदेव उरांव को प्रभारी प्रधानाध्यापक तथा वृंदा कुमारी को प्रभारी सहायक प्रधानाध्यापिका बनाया गया है। विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव सह पूर्व विधायक राज राजेंद्र प्रताप देव की उपस्थिति में धर्मदेव उरांव ने प्रभार ग्रहण किया। मौके पर सचिव ने कहा कि विद्यालय में शिक्षा, संस्कार व अनुशासन कायम रहना चाहिए। इससे कोई समझौता नहीं होगा। उन्होंने कहा कि जैक बोर्ड द्वारा स्थापना अनुमति प्राप्त होने के कारण विद्यालय का संचालन विधि सम्मत किया जाता है। प्रखंड के लिए यह संस्थान काफी महत्वपूर्ण है। यहां की छात्राएं पढ़ लिख कर आई ए एस व आई पी एस बनेंगे तो उन्हें काफी खुशी होगी। प्रभारी ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेवारी मिली है वे उसे पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे। साथ ही टीम भावना के साथ काम कर सबका सुनेंगे। वे विद्यालय के हर समस्या का समाधान करने का प्रयास करेंगे। छात्राओं को पढ़ाई मिले यह उनकी पहली प्राथमिकता होगी। मौके पर संस्थापक महेंद्र प्रसाद गुप्ता, पूर्व प्रभारी विनोद पांडेय, शिक्षिका प्रियंका कुमारी, पूजा कुमारी, ममता कुमारी गुप्ता, मोतीचंद राम, चम्पा देवी उपस्थित थे।

### पेपर लीक की सीबीआई जांच के लिए अभ्यर्थियों ने निकाली आक्रोश रैली




**गढ़वा।** सीजीएल परीक्षा पेपर लीक होने के विरोध में गढ़वा छात्र संघ के द्वारा आक्रोश रैली निकाली गई। यह रैली टॉउन हॉल के मैदान से रंका मोड गढ़वा तक निकाली गई, जिसमें छात्रों में भारी आक्रोश देखने को मिला। इस दौरान छात्रों ने सरकार के निम्न मांग रखी। सीजीएल परीक्षा पेपर लीक की सीबीआई जांच कराई जाए। वर्तमान परीक्षा एजेंसी को ब्लैकलिस्ट करके आगामी सभी परीक्षा नई विश्वसनीय एजेंसी से कराई जाएं। सीजीएल परीक्षा दो चरण में पीटी और मेंस अलग अलग लिया जाए। वर्तमान जेएसएससी अध्यक्ष को निलबित किया जाए। सीजीएल परीक्षा को दो चरण में कराई जाए। इस रैली में मुबारक अंसारी, संजय यादव, सुमित पाल, तिलकेश्वर सिंह, मिथलेश कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# पार्वती मंदिर में प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा, मां के दर्शन पूजन को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**





राजा पहाड़ी शिव मंदिर के समीप पहाड़ी के दूसरी चोटी पर नवनिर्मित मां पार्वती मंदिर में गुरुवार को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मां पार्वती की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई। वाराणसी एवं श्री बंशीधर नगर के विद्वान पंडितों के द्वारा विधि विधान से मां पार्वती की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा कराई गई। प्राण प्रतिष्ठा के बाद शिव मंदिर एवं मां पार्वती मंदिर को एक साथ गठबंधन कर जोड़ दिया गया। तत्पश्चात मां पार्वती के दर्शन पूजन के लिये श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं श्रद्धालुओं के हर हर महादेव..ओम नमः शिवाय.. जय भोलेनाथ व माता रानी के जयकारे से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो गया। इसके पूर्व मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तीन दिनों तक विशेष पूजा अर्चना की गई। 12 घंटे का अखंड कीर्तन के बाद महाभंडारा का आयोजन किया गया। जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। यहां बता दें कि झारखंड के देवघर में बाबा नगरी के बाद दूसरा यह दूसरा मंदिर है जहां शिव मंदिर के ठीक सामने नवनिर्मित मां पार्वती की मंदिर में मां की प्रतिमा स्थापित की गई है। कहा जाता है कि राजा पहाड़ी शिव मंदिर में सच्चे मन से मुराद मांगने वाले भक्तों की मुरादें पूरी होती है। श्रद्धालुओं के लिये यह मंदिर आस्था व विश्वास का केंद्र है। ऐसे तो राजा पहाड़ी शिव मंदिर में सालों भर श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है। लेकिन सावन माह में एक माह तक श्रावणी मेला लगता है जहां झारखंड के कोने कोने के साथ कई राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा अर्चना जलाभिषेक कर मनवांछित फल की कामना करते हैं। मौके पर मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष सिद्धेश्वर लाल अग्रवाल, सचिव नंदलाल प्रसाद, नगर पंचायत के उपाध्यक्ष लता देवी, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे, रवि प्रकाश, राजा पहाड़ी मंदिर के पुजारी रामचंद्र पाठक, गोपाल पाठक, गोविंद पाठक, शिवम पाठक, अश्विनी प्रसाद, अशोक कुमार, रामानुज प्रताप देव, रामचंद्र विश्वकर्मा, कामेश्वर देव, कामेश्वर प्रसाद, राजकुमार प्रसाद, कमलेश मेहता, नीरज कुमार, बबलू जायसवाल, अशोक मेहता, रामजी प्रसाद, मिंटू जायसवाल, राजू मेहता, सुमित कलवार, ओमप्रकाश कुमार, कामता प्रसाद, रंजन कुमार छोटू, अरुण जायसवाल आदि मौजूद थे।

# 32 लाख की लागत से लगा आरओ प्लांट एक साल से बंद

## सदर अस्पताल में प्रत्येक दिन आते हैं 250-300 लोग, आक्रोश

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**



जिला मुख्यालय में प्रत्येक वर्ष गर्मी शुरू होते ही पेयजल की समस्या उत्पन्न हो जाती है। इस बार गर्मी में पेयजल की समस्या नहीं होने की बात मुख्यमंत्री और पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री कर रहे है। लेकिन सांसद मद से 32 लाख रुपये की लागत से सदर अस्पताल में लगा आरओ प्लांट एक साल से बंद है।

आरओ प्लांट बंद हो जाने से अस्पताल के मरीज, कर्मचारी सहित बाहरी लोगों को भारी परेशानी हो रही है। प्रत्येक दिन 250-300 लोगों की प्यास बुझाने वाला आरओ प्लांट के बंद होने से लोगों में आक्रोश है। पर लोगों के आक्रोश का सामाधान फिल्हाल होता नहीं दिख रहा है। स्वास्थ्य विभाग भी आरओ प्लांट शुरू कराने के प्रति हाथ खड़ा कर दिया है। हालांकि स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियों ने उसकी सूचना वरीय पदाधिकारियों को भी दी है पर आज तक पहल नहीं हो सकी। आरओ प्लांट चालू नहीं होने से सदर अस्पताल में भर्ती मरीज, स्वास्थ्य कर्मी, सदर अस्पताल के आस-पास के दुकानदारों को पेयजल की समस्या हो गई है। जानकारी के अनुसार 2016 में सांसद मद से आरओ प्लांट सदर अस्पताल में लगाई गई। प्लांट लगने के बाद दो साल तक उसकी देख-रेख पीएचईडी विभाग की ओर से हुई। 2018 में आरओ प्लांट स्वास्थ्य विभाग को हेंडओवर कर दिया गया। उसके बाद स्वास्थ्य विभाग की ओर से एक ऑपरेटर बहाल करते हुए बाहरी लोगों को आरओ प्लांट से पानी लेने पर दो रुपये प्रति लिटर शुल्क लगाया गया। उसके बाद भी लोग दो रुपये प्रति लीटर शुल्क देकर पानी ले जा रहे थे। उसमें अस्पताल के मरीज और स्वास्थ्य कर्मियों को किसी प्रकार का शुल्क नहीं देना था। प्लांट लगने के बाद से बिजली बिल प्लांट लगाने वाला ठेकेदार के नाम ही आते रहा और उस समय से एक लाख 98 हजार रुपये बिजली बिल बकाया रहने के कारण विद्युत विभाग के पदाधिकारियों ने कनेक्शन काट दिया। उसके बाद किसी तरह स्थानीय पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री के पल पर आरोप प्लांट की शुरुआत हुई थी। गढ़वा सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉक्टर हरेंन चंद महतो ने कहा कि आरओ प्लांट शुरू करने में किस तरह की परेशानी हो रही है। उसे कर्मियों से समझा जाएगा और बहुत जल्द आप प्लांट शुरू करने की पहल की जाएगी।

# हिंडालको साइडिंग पर कार्यालय में 6 अज्ञात लोगों ने लगाई आग

**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**

रेलवे स्टेशन हिंडालको साइडिंग में गुरुवार की रात्रि करीब 12:00 बजे दो मोटरसाइकिल पर सवार छह अज्ञात लोगों ने कार्यालय में मिट्टी तेल डालकर आग लगा दिया। साथ ही नाइट गार्ड के साथ मारपीट की। नाइट गार्ड द्वारिका यादव द्वारा घटना के संबंध में थाने में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया गया। इसके अलावे हिंडालको के इंचार्ज ने घटना कीजानकारी एसपी दीपक कुमार पांडे को दी। जानकारी मिलने के बाद एसपी दीपक कुमार पांडे, एसडीपीओ अवध कुमार यादव, पुलिस निरीक्षक स्नेह लता कुजूर ने घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन की। नाइट गार्ड द्वारिका यादव द्वारा प्राथमिकी के लिए दिए गए आवेदन के अनुसार गुरुवार की रात्रि करीब 12:00 बजे दो मोटरसाइकल पर सवार कपड़ा से मुंह बांधे हुए छह अज्ञात व्यक्ति हिंडालको कार्यालय पहुंचे तथा उसके साथ मारपीट करते हुए कार्यालय से बाहर निकाल कर कार्यालय में आग लगा दी।

### अंजुमन इस्लामिया कमेटी के गठन हेतु नामांकन पत्र बिके

**भंडरा/लोहरदगा।** भंडरा प्रखंड में प्रखंड स्तरीय अंजुमन इस्लामिया कमिटी चुनाव को लेकर कुल 12 नामांकन पत्र बिके। जिसमें सदर पद के लिए परवेज अंसारी, आफताब आलम, इम्तियाज अंसारी, सेकेट्री पद के लिए अब्दुल रऊफ खान, मोजीबुल रहमान, मंसूर अंसारी, शाहजहां अंसारी, नायब सदर के लिए मुमताज अंसारी, महमूद अंसारी, नायब सेकेट्री के लिए मोबारक अंसारी, शकील, अंसारी खजांची पद के लिए खुसरत अंसारी, जुलफान अंसारी ने नामांकन पत्र लिया. वहीं चुनाव कमिटी के सक्रिय सदस्य सलमान अंसारी, मंजूर अंसारी, मोजीबुल्लाह मिरदाहा के द्वारा नामांकन पत्र वितरण किया गया.

## पेज एक के शेष

### चंपई सोरेन ने झारखंड के...

चंपई सोरेन, कांग्रेस के आलमगीर आलम, राजद के सत्यानंद भोक्ता, वाम दल के विनोद सिंह और प्रदीप यादव राजभवन पहुंचे और राज्यपाल के समक्ष सरकार बनाने का दावा पेश किया। साथ ही 43 विधायकों का समर्थन पत्र राज्यपाल को सौंपा। देर रात राजभवन ने गठबंधन के नेता चंपई सोरेन को राज्य का कार्यवाहक मुख्यमंत्री मनोनीत किया और शपथ ग्रहण करने का आमंत्रण दिया। राज्यपाल ने शपथ ग्रहण के बाद दस दिनों के अंदर बहुमत साबित करने को कहा है। सरकार विशेष सत्र बुलाकर विश्वासमत हासिल करेगी। विशेष सत्र पांच व छह फरवरी को बुलाई गई है। पहले ही दिन बहुमत साबित कर लिया जाएगा।

### बजट सत्र रद्द पांच को ...

फरवरी से आहूत करने की मंजूरी दे दी है। सत्र की शुरूआत पांच फरवरी को पूर्वाह्न 11 बजे होगी। विशेष सत्र दो दिन पांच व छह फरवरी को होगा। पहले दिन चम्पाई सोरेन सरकार बहुमत साबित करेगी। इस संबंध में राजभवन सचिवालय की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है। राजीव रंजन को महाधिवक्ता बनाया गया है। यह जानकारी कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने दी।

**बहुमत के लिए 41 विधायकों की जरूरत, सरकार का दावा 47 का :** मालूम हो कि गठबंधन की सरकार 47 विधायकों का दावा कर रही है लेकिन कागज पर हस्ताक्षर 43 विधायकों के हैं। झारखंड विधानसभा 81 सीटों वाली है। बहुमत साबित करने के लिए सत्ता पक्ष को 41 विधायकों की जरूरत है। कैबिनेट की बैठक खत्म होने के बाद मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने मीडिया कर्मियों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि बड़ी जिम्मेदारी मिली है। पिछले चार सालों में जो कार्य हेमंत सरकार ने किए हैं, वो सराहनीय हैं। हेमंत सोरेन सरकार ने कोरोना में भी काम किया। आदिवासियों और मूलवासियों के लिए काम किया। सोरेन ने कहा कि आंदोलनकारियों के सपनों को मजबूत किया जाएगा। दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों में योजनाओं के लाभ से वंचित ग्रामीणों को हेमंत सोरेन द्वारा शुरू की गई योजना को और अधिक तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा। ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के किसानों, मजदूरों, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। कानून व्यवस्था बनाए रखी जाएगी। सभी क्षेत्रों पर ध्यान दिया जाएगा।

### मिला रिमांड, हेमंत से...

के मामले में हेमंत सोरेन आरोपित हैं। इस मामले में ईडी ने राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, हेमंत सोरेन एवं अज्ञात अन्य के खिलाफ ईसीआईआर 6/2023 दर्ज किया गया है। पहले इस मामले में बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद एवं अज्ञात अन्य को आरोपित बनाया गया था।

### राहुल गांधी 'भारत जोड़ो...

होते हुए शहीद स्तंभ गोड्डा पहुंचेंगे। 11 बजे कोठिया मोड़, शुंभेश्वरनाथ मोड़ दुमका से गुजरेंगे और सभा को संबोधित करेंगे। उसके बाद वे मोहनपुर हाइस्कूल मैदान पहुंचेंगे और लंच (फलाहार) करेंगे। दोपहर 2:30 बजे वे बाबा बैद्यनाथ मंदिर देवघर में दर्शन करेंगे। 3:15 बजे टावर चौक से वीर कुंवर सिंह चौक तक पदयात्रा करेंगे। इस दौरान एक सभा को संबोधित करेंगे। शाम चार बजे उनकी यात्रा आंबेडकर चौक पहुंचेगी और बस से शाम पांच बजे रोहिणी, देवीपुर, बुढ़ई, भिरखीबाद के रास्ते जगदीश से गिरिडीह पहुंचेंगे। तीन फरवरी को वे धनबाद के हलकटा में रात्रि विश्राम करेंगे। उसके बाद अगले दिन उनकी भारत जोड़ो न्याय यात्रा पुनः प्रारंभ होगी। राजमहल के यात्रा प्रभारी सह कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष मणिशंकर ने राहुल गांधी के देवघर आगमन पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के यात्रा मार्ग को होर्डिंग्स, बैनर, कांग्रेस के झंडों से पाट दिया गया है। कई जगह तोरण द्वार बनाए गए हैं।

### धरने पर बैठीं ममता...

डर से भागने वाली नहीं हैं बल्कि आंदोलन करेंगी। इधर भाजपा प. बंगाल प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजुमदार ने राज्य सरकार पर जनता के पैसे के गलत इस्तेमाल का आरोप लगाया है।


**7,000 करोड़ रुपये बकाया होने का दावा :** सीएम ममता ने दावा करते हुए बताया था कि राज्य का बकाया सात हजार करोड़ रुपये है। इसमें मनरेगा व पीएम ग्रामीण आवास योजना (पीएमजीएवाई) सहित कई केंद्रीय योजनाएं शामिल हैं। राज्य के अधिकारियों ने इसके सिलसिले में पिछले सप्ताह अपने केंद्र सरकार के समकक्षों से मुलाकात की थी। इन सबके बावजूद केंद्र ने अभी तक इनके बकाया का भुगतान नहीं किया है।

### खरगे ने राज्यसभा में ...

चाहिए वहीं दूसरी तरफ वो झारखंड के राज्यपाल के निर्णय पर सवाल उठा रहे हैं। राज्यपाल ने जो निर्णय लिया है, वो सोच-समझ कर ही लिया होगा। हालांकि जब निर्मला सीतारमण बोल रही थीं तो उस दौरान विपक्ष सदन से वाकआउट कर चुका था।

# सड़क दुर्घटना में एक युवक की दर्दनाक मौत, दो गंभीर

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर(गुमला)**



चैनपुर थाना क्षेत्र के परहाटोली गांव के समीप ट्रेक्टर एवं मोटरसाइकिल की टक्कर में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान फुलवारटोली गांव निवासी प्रवीण खलखो (22) एवं घायलों की पहचान भेलवातला निवासी प्रेम सागर कुजूर एवं फुलवारटोली निवासी ओस्कर लकड़ा (26) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार मोटरसाइकिल सवार युवक डुमरी की ओर से अपने गांव परहाटोली जा रहे थे तभी विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर से उनकी सीधी भिड़ंत हो गई, जिसमें मोटरसाइकिल सवार एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं ट्रैक्टर चालक गाड़ी को मौके से लेकर फरार हो गया। इधर घटना की सूचना मिलते ही चैनपुर पुलिस ने घायलों एवं मृतक को चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पंहुचाया, जहां डाक्टरों ने प्रवीण खलखो को मृत घोषित कर बाकी दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार कर उन्हें बेहतर इलाज के लिए गुमला रेफर कर दिया। इधर घटना की सूचना मिलते ही चैनपुर जिप सदस्य मेरी लकड़ा ने सभी घायलों का हालचाल जाना और सभी लोगों से अपील की कि जब भी बाइक सवार लोग सड़क पर निकले तो अपने सर पर हेलमेट जरूर पहनें ताकि आप सुरक्षित अपने घर तक पंहुच सके। आज अधिकतर सड़क दुर्घटना में जो मौत होती है वो बिना हेलमेट पहने व्यक्ति की ही होती है। इसलिए हमेशा हेलमेट का प्रयोग करें और नशापान से दूर रहे।

### दो बाइकों की भिड़ंत में तीन लोग गंभीर रूप से घायल

**चैनपुर(गुमला)।** चैनपुर थाना क्षेत्र के बेंदोरा गांव के समीप टीबीएस एवं पल्सर बाइक की सीधी भिड़ंत में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें ग्रामीणों एवं प्रशासन की मदद से चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। घायलों में टीबीएस सवार रायडीह थाना क्षेत्र के भंडार टोली गांव निवासी प्रकाश बाड़ा (60) एवं पल्सर सवार असड़ो गांव निवासी संजीत एक्का एवं राहुल एक्का के नाम शामिल हैं।

# जिले के शत प्रतिशत पीवीटीजी समुदाय को योजनाओं से किया जाना है अच्छादित




**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

जिले के पीवीटीजी समुदाय के विकास को लेकर उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के द्वारा लगातार कार्य किए जा रहें हैं। शत प्रतिशत पीवीटीजी समुदाय के लोगों को राज्य एवं केन्द्र सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मिले इसे लेकर आज उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में कल्याण विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के साथ समीक्षात्मक बैठक की गई। उपायुक्त ने योजनाओं का लाभ शत प्रतिशत पीवीटीजी समुदाय के लोगों तक पहुंचाने हेतु विभागवार उन्होंने अंतिम तिथि निर्धारित करते हुए संबंधित विभागों को दिए गए समय अंतराल में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिया गया, जिसमें मुख्यतः विभिन्न विभागों अंतर्गत संचालित कल्याणकारी योजनाओं से अच्छादित करने हेतु 31 मार्च तक का अंतिम समय दिया गया। वहीं इंफ्रास्ट्रक्कर से संबंधित योजनाओं के लिए 31 दिसंबर तक की अवधि निर्धारित की गई है। सभी विभागों को उनके वर्तमान उपलब्धि को देखते हुए अंतिम तिथि दी गई। जिले के कोई भी पीवीटीजी समुदाय के लोग सरकार की किसी भी कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहें।

## पहल: कुष्ठ रोग से बचाव के लिए स्वास्थ्य सहिया को दिया गया प्रशिक्षण

# छूने से नहीं फैलता है कुष्ठ, एमडीटी दवा से इलाज संभव

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**



जिला कुष्ठ निवारण कार्यालय गढ़वा की तरफ से स्वास्थ्य सहिया का एक दिवसीय प्रशिक्षण प्रखंड अंतर्गत नव प्राथमिक विद्यालय कुम्हारटोली में आयोजित किया गया, जिसमें कुष्ठ रोग के सभी संभावित लक्षण पहचान एवं इलाज का प्रशिक्षण दिया गया। जिला कुष्ठ परामर्श डॉक्टर भारत भूषण ने कहा कि कुष्ठ छूने से नहीं फैलता है। एमडीटी दवा से कुष्ठ का इलाज संभव है। यदि किसी को भी कुष्ठ के संभावित लक्षण दिखे तो तुरंत अपने नजदीकी आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र या सदर अस्पताल गढ़वा से संपर्क करें जहां कुष्ठ का निशुल्क इलाज उपलब्ध है।

सदर अस्पताल गढ़वा के फिजियोथेरेपिस्ट अभिषेक सिंह ने सभी कुष्ठ के संभावित लक्षण बताएं जो इस प्रकार हैं। शरीर पर हल्के रंग के दाग जिसमें पूरी तरह से सूनापन हो, कान एवं चेहरे पर गांठ आंखों की भौं का झड़ जाना, पलक का न झपकना, नाक का धंस जाना, आंखों में लालीपन और पानी आना, हाथ और पैरों में सूनापन तथा ठंडा गरम का एहसास ना होना, हाथ की पकड़ कमजोर हो जाना पैरों में चप्पल का ना टिक पाना, हाथ की उंगलियों का टेढ़ा हो जाना, कलाई का ऊपर ना उठ पाना तथा पैर के पंजों को ऊपर ना उठा पाना। साथ ही बताया कि अगर इन लक्षणों में से कोई भी लक्षण अगर शरीर में मिलते हैं तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में परामर्श लेकर अपना एमडीटी से इलाज प्रारंभ करें। कुष्ठ एक धीरे फैलने वाला संक्रामक बीमारी है जो माइक्रो बैक्टीरियम से फैलता है जिसका समय से इलाज न करने पर आंख हाथ और पैर में दिव्यांगता आ जाती है। इसलिए हमारा प्रमुख लक्ष्य यह है कि जल्दी से जल्दी कुष्ठ रोगी को खोज कर मल्टी ड्रग थेरेपी द्वारा इलाज कर देना है जिससे भविष्य में उसे रोगी को दिव्यांगता ना हो पाए। साथ ही बताया कि जिस क्षेत्र में ज्यादा कुष्ठ रोग मिल रहे हैं वहां कुष्ठ विभाग की तरफ से उसे रोगी के संपर्क में आने वाले व्यक्तियों को सिंगल डोज १ीींस्र्रूल्ल दवा खिलाई जा रही है, जिससे कुष्ठ का प्रसार कम हो रहा है और कुष्ठ रोग खोज अभियान से समाज में कुष्ठ रोग से फैली भ्रांति को दूर करने और कुष्ठ रोगियों को खोजने में सहायता मिली है। इसके लिए विभाग की तरफ से समय-समय पर सहिया और चिकित्सा पदाधिकारी को कुष्ठ नियंत्रण के लिए ट्रेनिंग दी गई। फिजियोथैरेपिस्ट अभिषेक सिंह ने बताया कि फिजियोथैरेपी यूनिट में प्रतिदिन 2 से 3 रोगियों का फिजियोथैरेपी और फॉलोअप किया जाता है तथा जिन रोगियों को पैरों में सूनापन है या हाथ और पैरों में अल्सर हो गया है उनके लिए एमसीआर चप्पल और सेल्फ केयर किट निशुल्क उपलब्ध है। इस दौरान डॉ भारत भूषण, अभिषेक सिंह, राजकुमार वर्मा, राजेश कुमार स्वास्थ्य सहिया ममता विश्वकर्मा, सीमा देवी, तेतरी देवी, आशा देवी, प्रतिमा देवी, प्रभा देवी, पूनम देवी, ललिता देवी, रीना देवी, कांति देवी, आनंदी कुमारी, रिंकी देवी, मंजू देवी, लक्ष्मी देवी, श्रद्धा देवी आदि उपस्थित थे।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिबल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## एक नजर

### थावर चंद गहलोत, डीके जोशी व मनोहर लाल ने मोदी से मिले



**नई दिल्ली।** कर्नाटक के राज्यपाल थावर चंद गहलोत, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के उपराज्यपाल एडमिरल (सेवानिवृत्त) डीके जोशी और हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शुक्रवार को अलग-अलग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की हैं।

### पीएम 3 और 4 को ओडिशा और असम का करेंगे दौरा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 3 और 4 फरवरी को ओडिशा और असम का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से शुक्रवार को दी गई जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री 3 फरवरी को दिन में दो बजे के करीब ओडिशा के संबलपुर में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान 68 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कई बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री असम की यात्रा करेंगे। प्रधानमंत्री 4 फरवरी को सुबह गुवाहाटी में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान 11 हजार करोड़ रुपये से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। ऊर्जा क्षेत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई परियोजनाओं का उद्घाटन, राष्ट्र को समर्पण और शिलान्यास ओडिशा के संबलपुर में सार्वजनिक कार्यक्रम में किया जाएगा।

### तमिलनाडु: 5 स्थानों पर एनआईए की छापेमारी, लिट्टे को फंडिंग का संदेह

**चेन्नई।** नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने शुक्रवार सुबह लिट्टे से जुड़े संदिग्ध लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की। पांच स्थानों पर की गई इस छापेमारी में संदेह है कि संबंधित लोग लिट्टे की गतिविधियों में शामिल हैं और इनका सक्रिय सहयोग है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार त्रिची, कोयंबटूर, तेनकासी, मदुरै और शिवगंगा में पार्टी नेता सत्ताई दुरईमुरुगन और अन्य लोगों के आवास की तलाशी ली जा रही है। फंडिंग के आरोपों को लेकर एनआईए की तमिलनाडु टीम सुबह 7 बजे से 5 से अधिक जगहों पर तलाशी कर रही है।

# राष्ट्रपति ने सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले का किया उद्घाटन

**एजेंसी। फरीदाबाद/नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को हरियाणा के फरीदाबाद में 37वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला- 2024 का उद्घाटन किया। आम जनता के लिए यह मेला 18 फरवरी तक खुला रहेगा। राष्ट्रपति ने उद्घाटन समारोह में कहा कि मैं सभी कलाकारों को साधक मानती हूं। देश के शिल्पी भारत की सभ्यता और संस्कृति के निर्माता और संरक्षक हैं। उन्होंने कहा कि यह मेला कला प्रदर्शनी भी है और व्यापार केंद्र भी है। राष्ट्रपति ने मेले में भागीदारी कर रहे तमाम शिल्पकारों और मेले से जुड़े तमाम मंत्रालयों और सहयोगियों को बधाई दी। उन्होंने कहा, मैं इस मेले



में भाग लेने वाले सभी कारीगरों को बधाई देती हूं। मुझे बताया गया है कि यह अंतरराष्ट्रीय मेला केंद्र और राज्य सरकार के सामूहिक प्रयासों से आयोजित किया गया है।

उन्होंने कहा कि 1987 से शुरू किया गया यह वार्षिक मेला एक सफल आयोजन के रूप में प्रसिद्ध हो चुका है। इसके लिए राष्ट्रपति ने वर्तमान और पूर्व टीमों की सराहना की। राष्ट्रपति ने देश की कला और विरासत को संजो कर रखने के लिए तमाम शिल्पकारों की सराहना की। राष्ट्रपति ने कहा कि यह मेला हमारी सांस्कृति विविधता का उत्सव है। यह मेला हमारे शिल्पकारों को कला प्रेमियों से जोड़ने का प्रभावी मंच भी है। यह मेला कला प्रदर्शनी भी है और व्यापार केंद्र भी है।

राष्ट्रपति ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल से बातचीत का हवाला देते हुए कहा कि उन्होंने पूछा था कि इस मेले में देश-विदेश के हजारों स्टॉल लगे हैं तो अब तक कितनी खरीद-बिक्री हुई होगी। इस पर मुख्यमंत्री ने उन्हें बताया कि शायद 20 करोड़ से अधिक होगी। राष्ट्रपति ने कहा कि यह बहुत बड़ी बात है क्योंकि इससे केवल खरीद-बिक्री नहीं यहां के शिल्पकार और कला संस्कृति से जुड़े शिल्पी की प्रतिभा से भी लोग परिचित होते हैं और बाद में भी उनसे संपर्क रखते हैं। इससे हमारा आर्थिक विकास भी होता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस सुंदर मेले का भविष्य और भी उज्ज्वल होगा।

मेले का आयोजन हरियाणा और केंद्र सरकार के सहयोग से किया जाता है। मेले में लगभग 50 देशों ने हिस्सा लिया। इस वर्ष मेला का सहयोगी देश तंजानिया है जबकि साझेदार राज्य गुजरात है। नॉर्थ ईस्टन हैंडीक्राफ्ट एंड हैंडलूम कॉर्पोरेशन इस वर्ष मेले के सांस्कृतिक भागीदार हैं। इस अवसर पर हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, मुख्यमंत्री मनोहर लाल सहित अनेक गण्यमान्य मौजूद रहे।

# 'वायु शक्ति अभ्यास' में आईएएफ का दिखेगा दम

## सुखोई, जगुआर, चिनूक और अपाचे लेंगे भाग

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय वायुसेना 17 फरवरी को जैसलमेर के पास पोखरण एयर टू ग्राउंड रेंज में 'वायु शक्ति-24 अभ्यास' का आयोजन करने वाली है। इस साल अभ्यास में स्वदेशी विमान तेजस, प्रचंड और ध्रुव सहित 121 विमान अपना दमखम दिखाएंगे। वायुसेना के एक अधिकारी ने बताया कि अन्य भाग लेने वाले विमानों में राफेल, मिराज-2000, सुखोई-30 एमकेआई, जगुआर, हॉक, सी-130जे, चिनूक, अपाचे और एमआई-17 शामिल हैं। वायुसेना ने बताया कि सतह से हवा में मार करने वाली स्वदेशी हथियार प्रणाली आकाश और समर घुसपैठ करने वाले विमान को ट्रैक करने और मार गिराने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। बता दें कि 'वायु शक्ति अभ्यास' का अंतिम संस्करण 16 फरवरी 2019 को आयोजित किया गया था। वायु सेना ने कहा कि हमेशा की तरह, पूर्व वायु शक्ति आईएमएफ की आक्रामक और रक्षात्मक क्षमताओं का दिन और रात में बेहतरीन प्रदर्शन करेगी। इस अभ्यास में भारतीय सेना के साथ-साथ संयुक्त अभियानों का भी प्रदर्शन किया जाएगा।

## डीके सुरेश के द. भारत के बयान का मुद्दा रास में उठा, खरगे बोले

# ऐसा बयान स्वीकार्य नहीं है



**एजेंसी। नई दिल्ली**

राज्यसभा में शुक्रवार को कर्नाटक से सांसद डीके सुरेश के कथित दक्षिण भारत के लिए अलग देश की मांग से जुड़े एक बयान का मुद्दा उठाया गया, जिस पर नेता सदन पीयूष गोयल और नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बयान दिया। सभापति की अनुमति से पीयूष गोयल ने सदन की कार्यवाही प्रारंभ होने पर इस मुद्दे को उठाया। घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष से इस संबंध में स्पष्टीकरण मांगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री के भाई हैं और दूसरे सदन के सांसद हैं। कांग्रेस की सोच विभाजनकारी है और उसकी कार्यपद्धति इसका उदाहरण रही है। उन्होंने कहा कि सदन में चुने जाने पर हम संविधान और देश की अखंडता बनाए रखने की शपथ लेते हैं। खरगे ने कहा कि दूसरे सदन के नेता हैं और उन्होंने स्वयं ऐसा कहा है कि उनका बयान यह नहीं था। सभापति जगदीप धनखड़ ने मामले को गंभीर बताया और कहा कि सदन को एकजुट होकर इस तरह के बयान की निंदा करनी चाहिए। खरगे ने भी स्थिति को स्पष्ट करते हुए कहा कि इस तरह का बयान किसी भी पार्टी के नेता का क्यों न हो, हम उसकी निंदा करते हैं। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक देश एक है। कांग्रेस नेताओं ने देश के लिए अपनी जान दी है।

### डीके सुरेश को एक मिनट भी सांसद बने रहने का अधिकार नहीं है, क्या सोनिया व राहुल माफी मांगेंगे?



भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस सांसद डीके सुरेश के अलग देश की मांग वाले बयान की कड़ी आलोचना करते हुए कहा है कि डीके सुरेश को एक मिनट भी सांसद रहने का अधिकार नहीं है। उन्होंने सोनिया गांधी, राहुल गांधी और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे सहित अन्य विपक्षी नेताओं की चुप्पी पर भी सवाल उठाया है। भाजपा राष्ट्रीय मुख्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए रविशंकर प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस सांसद डीके सुरेश ने जिस प्रकार से भारत तोड़ने वाला बयान दिया है, ऐसे व्यक्ति को एक मिनट भी सांसद बने रहने का अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि एक तरफ राहुल गांधी 'भारत जोड़ो यात्रा' निकाल रहे हैं तो दूसरी तरफ उनके एक सांसद जो कि एक उपमुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष के छोटे भाई हैं, वो भारत तोड़ने की बात कर रहे हैं और इस पर राहुल गांधी ने अभी तक कोई सफाई नहीं दी है। इस मामले में राहुल गांधी, सोनिया गांधी और खड़गे सहित विपक्ष के सभी नेता चुप हैं। प्रसाद ने आगे कहा कि आप जब सांसद बनते हैं तो भारत की संप्रभुता और एकता को बनाए रखने के लिए शपथ लेते हैं, लेकिन, जब भारत की एकता और अखंडता का यदि अतिक्रमण करेंगे तो भारत के संविधान के मुताबिक इस पर रीजनेबल रिस्ट्रिक्शन्स लग सकते हैं। डीके सुरेश ने जो भी बोला है, वो भारत के संविधान के हर प्रावधान का उल्लंघन है, उनको एक मिनट भी सांसद बने रहने का अधिकार नहीं है।

# अमेरिका में 4 भारतीय छात्रों की मौत यात्रा सलाह जारी करने की मांग



**एजेंसी। नई दिल्ली**

अमेरिका में एक के बाद एक चार भारतीय छात्रों की मौत हो गई है, इससे विदेश में पढ़ने वाले छात्रों की सुरक्षा को लेकर डर पैदा हो गया है और नाराज नेटिजन्स ने यात्रा सलाह की मांग की है। पर्ड्यू विश्वविद्यालय के नील आचार्य, जॉर्जिया में एमबीए के छात्र विवेक सैनी और इलिनोइस विश्वविद्यालय के अकुल बी धवन की मौत के बाद गुरुवार को सबसे ताजा मामला सिनसिनाटी में लिंडनर स्कूल ऑफ बिजनेस के छात्र श्रेयस रेड्डी बेनिगेरी का है। बेनिगेरी की मौत की घोषणा करते हुए, न्यूयॉर्क में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने कहा कि पुलिस जांच चल रही है, जबकि नेटिजन्स के बीच भारतीय छात्रों के लिए एक सलाह की मांग तेज हो गई है। वाणिज्य दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ओहियो में भारतीय मूल के छात्र श्रेयस रेड्डी बेनिगेरी के दुर्भाग्यपूर्ण निधन से गहरा दुख हुआ। पुलिस जांच चल रही है। इस स्तर पर, बेईमानी का संदेह नहीं है। वाणिज्य दूतावास ने कहा कि वह बेनिगेरी परिवार के संपर्क में है और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है। एक्स पर एक यूजर देबाशीष सरकार ने वाणिज्य दूतावास की पोस्ट के जवाब में लिखा, विदेश मंत्रालय को भारतीय छात्रों को अमेरिका में सुरक्षित रखने के लिए एक सलाह जारी करने की जरूरत है। सिर्फ उनके शवों को भारत भेजना ही उनका एकमात्र काम नहीं है। अमेरिका को भारतीयों के लिए तेजी से असुरक्षित स्थान बनता जा रहा बताते हुए, एक्स यूजर सोनम महाजन ने लिखा, अब समय आ गया है कि भारत उच्च शिक्षा और काम के अवसरों दोनों के लिए देश में जाने के इच्छुक भारतीयों के लिए अमेरिका के खिलाफ एक यात्रा सलाह जारी करे।

### कर्नाटक में स्कूल का शौचालय साफ करती छात्रा का हुआ वीडियो वायरल



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया की चेतावनी के बावजूद कोलार जिले के बायनहल्ली गांव के सरकारी जूनियर प्राइमरी स्कूल में स्कूली बच्चों से स्कूल के शौचालय को साफ कराने का मामला सामने आया है। यह घटना सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। वायरल वीडियो में एक लड़की को स्कूल का शौचालय साफ करते हुए देखा गया। वीडियो सामने आने के बाद स्थानीय लोगों ने स्कूल अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। 30 जनवरी को एक सरकारी स्कूल में दो छात्रों को शौचालय साफ करते हुए कैमरे पर रिकॉर्ड किया गया।

### बागपत में '3 तलाक' देने वाले शख्स के खिलाफ एफआईआर




**बागपत।** यूपी के बागपत जिले के बड़ौत थाना क्षेत्र में दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर तीन तलाक का मामला सामने आया है। पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ अपनी पत्नी को तीन तलाक देने, दहेज उत्पीड़न और जान से मारने की धमकी के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है। बड़ौत के नई बस्ती की रहने वाली नगमा ने पति इरशाद उर्फ कल्लू, सास मुन्नी, ससुर इब्राहिम, जेठ इरफान, ननद आफरीन और देवर रिहान के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

# आप व बीजेपी के विरोध प्रदर्शन के बाद सेंट्रल दिल्ली में ट्रैफिक जाम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आप और भाजपा द्वारा एक-दूसरे के पार्टी कार्यालयों के बाहर चल रहे विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर शुक्रवार को मध्य दिल्ली के कुछ हिस्सों में भारी पुलिस तैनाती और डायवर्जन के कारण यातायात जाम हो गया। जहां आप चंडीगढ़ नगर निगम के मेयर चुनाव में कथित धांधली को लेकर बीजेपी मुख्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन कर रही है, वहीं बीजेपी केजरीवाल सरकार के कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ आप कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन कर रही है। मध्य दिल्ली के इलाकों आईटीओ और दीन दयाल उपाध्याय मार्ग पर चल रहे विरोध के मद्देनजर



भारी पुलिस तैनाती और बदलाव देखा गया। एक वरिष्ठ यातायात पुलिसकर्मी ने कहा कि यातायात के सुचारु संचालन के लिए दीन दयाल उपाध्याय मार्ग पर आवश्यक बदलाव किए गए हैं। अधिकारी ने बताया कि जीटी करनाल रोड पर भी भारी ट्रैफिक की आवाजाही है। यातायात पुलिस अधिकारी ने कहा, यातायात प्रवाह और जाम को बनाए रखने के लिए पुलिस टीमों को तैनात किया गया है।

### कनाडा में निज्जर के दोस्त के घर पर कई गोलियां चलाई गईं

**टोरंटो।** भारत में नामित आतंकवादी खालिस्तान समर्थक नेता हरदीप सिंह निज्जर, जिसकी पिछले साल कनाडाई प्रांत ब्रिटिश कोलंबिया में एक गुरुद्वारे के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, से संबंधित एक सिख कार्यकर्ता के घर पर गोलियां चलाई जाने की खबर है। सरे रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) ने कहा कि घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। बुधवार-गुरुवार की रात 1.20 बजे के बाद 154 स्ट्रीट के 2800 ब्लॉक के पास स्थित साउथ सरे के एक घर पर गोलियाँ चलाई गईं।

## मनी-लॉन्ड्रिंग जांच अगर 365 दिनों से अधिक हो जाती है

# तो जब्त की गई संपत्ति वापस की जानी चाहिए : दिल्ली हाईकोर्ट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया है कि यदि धन-शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के तहत जांच अपराध से संबंधित किसी भी कार्यवाही के बिना 365 दिनों से अधिक दिनों तक जारी रहती है, तो जब्त की गई संपत्ति संबंधित व्यक्ति को वापस कर दिया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति नवीन चावला ने कहा कि निर्दिष्ट अवधि के बाद इस तरह की जब्ती जारी रखना भारत के संविधान के अनुच्छेद 300ए का उल्लंघन होगा। ईडी के इस तर्क को खारिज करते हुए कि पीएमएलए की धारा 8(3)(ए) 365 दिनों के बाद परिणाम का प्रावधान नहीं करती है, अदालत ने कहा कि स्वाभाविक परिणाम जब्ती की चूक है, और संपत्ति वापस की जानी चाहिए। इस मामले में भूषण पावर एंड स्टील लिमिटेड के अंतरिम समाधान पेशेवर के रूप में नियुक्त महेंद्र कुमार खंडेलवाल शामिल थे। ईडी ने बीपीएसएल के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अगस्त 2020 में खंडेलवाल के परिसर से दस्तावेज, रिकॉर्ड, डिजिटल उपकरण और आभूषण जब्त किए। खंडेलवाल, जिनका नाम एफआईआर में नहीं था, ने अपने खिलाफ किसी भी शिकायत के बिना 365 दिनों से अधिक समय के बाद जब्त की गई वस्तुओं को वापस करने की मांग की, लेकिन ईडी ने इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति चावला ने ईडी को जब्त किए गए दस्तावेज, डिजिटल उपकरण, संपत्ति और अन्य सामग्री खंडेलवाल को वापस करने का निर्देश दिया, जब तक कि सक्षम अदालत अन्यथा आदेश न दे।

# पाकिस्तान का बलूचिस्तान बम व ग्रेनेड हमलों से दहला

**एजेंसी। क्वेटा**

पाकिस्तान के बलूचिस्तान में गुरुवार को कम से कम 10 जगह बम और ग्रेनेड से हमला किया गया। इस दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई। प्रांतीय सरकार के एक अधिकारी ने इसकी पुष्टि की। डॉन अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, हमलावरों ने कई पुलिस स्टेशनों और उपायुक्त कार्यालयों को निशाना बनाया। हमले में एक पुलिस अधिकारी और एक जेल वार्डन सहित छह लोग घायल हो गए। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रांतीय राजधानी क्वेटा समेत पूरे बलूचिस्तान में कम से कम 10 स्थानों पर बम और ग्रेनेड से हमला किया गया। क्वेटा के एसएसपी (ऑपरेशंस) जवाद तारिक के अनुसार, क्वेटा के स्पिनी इलाके में सीपीईसी रोड पर फुटपाथ पर रखा एक बम फट गया। इससे एक राहगीर की मौत हो गई। अधिकारियों के



मुताबिक, शक्तिशाली विस्फोट से प्रांतीय राजधानी के कई इलाके दहल गए। पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर शव को सिविल अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल के अधिकारियों ने कहा कि विस्फोट के समय बम के करीब होने के कारण पीड़ित का शरीर क्षत-विक्षत हो गया था। मृतक की पहचान 84 वर्षीय अब्दुल खालिक शाह के रूप में हुई। एसएसपी तारिक ने कहा कि इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस में लगभग आठ किलोग्राम विस्फोटक का इस्तेमाल किया गया था। क्वेटा के बाहरी इलाके के पास एक अन्य हमले में एक सहायक उप निरीक्षक गुलाम रजा घायल हो गए।

# रामानंद सागर की 'रामायण' से फिर देश होगा राममय

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

अयोध्या में लगभग 1800 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा रामलला मंदिर 2026 तक तैयार होगा लेकिन 22 जनवरी के राम लला की प्राण प्रतिष्ठा से जो माहौल बना उससे उत्साहित डीडी ने रामानंद सागर के 78 एपिसोड वाले 'रामायण' को दूरदर्शन पर दिखाने का निर्णय किया है। उल्लेखनीय है कि इसके पहले प्रसारण 1987 से 1988 तक में यह इतना प्रसिद्ध हो गया था कि जब दूरदर्शन पर आता था, तो सड़कें सूनी हो जाती थीं। लोग कुछ मिनट पहले से ही टीवी के सामने बैठ जाते थे। अनेक लोग तो रामायण शुरू होते ही टीवी के सामने हाथ जोड़कर पूजा पाठ करते थे, आरती उतारते थे। उस दौरान यदि बिजली कटती थी ,तो लोगों के नाराजगी से बिजली विभाग के अफसरों की हालत खराब हो जाती थी। लोगों का मानना है कि रामानंद सागर के उस रामायण धारावाहिक ने लोगों को खास तौर पर अंग्रेजी माध्यम से पढ़ी युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति से परिचित कराया जिससे भाजपा जो सनातन संस्कृति की पक्षधर थी को एक नई चेतना मिली और जनाधार तैयार हुआ। ऐसे में रामानंद सागर के उस 78 एपिसोड वाले 'रामायण' सीरियल को फिर से शुरू किये जाने

### डीडी पर होगा प्रसारण, लोकसभा चुनाव तक चलेगा



की खबर से यह चर्चा होने लगी है कि भाजपा कोई भी कसर नहीं छोडना चाहती जिससे 400 लोक सभा की सीटों का लक्ष्य पूरा किया जा सके। वैसे तो अब तक रामायण, रामचरित मानस की कथा पर आधारित कई फिल्में व टीवी शो बने, दिखे हैं, लेकिन जो प्रसिद्धी रामानंद सागर के रामायण को मिली, दर्शकों का जो प्यार रामानंद सागर के रामायण के कलाकारों को मिला , वह किसी को नहीं मिला। जब पहली बार यह सीरियल शुरू हुआ तो, उसके कलाकारों को देखते ही लोग उनके पांव छूने लगते थे। चाहे वह राम बने अरुण गोविल हों , सीता बनी दीपिका चिखालिया हों या अन्य कलाकार। वैसे तो आज भी ये कहीं जाते हैं, तो कई लोग उनको प्रणाम करके आशीर्वाद देने का आग्रह करने लगते हैं। एक बार फिर से प्रोडक्शन हाउस ने कमाने व जनता को और राममय करने के लिए रामानंद सागर की 'रामायण' को दूरदर्शन पर प्रसारित करना तय किया है। जिसकी जानकारी केन्द्र सरकार के दूरदर्शन ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर दी है। जिसमें दूरदर्शन ने 'रामायण' का पोस्ट शेयर करते हुए लिखा है- धर्म, प्रेम, और दान की फिर से अलौकिक पौराणिक कथा, एक बार आ रहा है पूरे भारत का सबसे लोकप्रिय शो 'रामायण', जल्द ही डीडी नेशनल पर देखें रामायण। इसके साथ अरुण गोविल, दीपिका चिखलिया व सुनील लहरी को टैग किया गया है। मालूम हो कि इस 'रामायण' में - अरुण गोविल (राम), दारा सिंह (हनुमान), अरविन्द त्रिवेदी (रावण), दीपिका चिखलिया (सीता), सुनील लहरी (लक्ष्मण) बने थे, उनका अभिनय आज भी याद किया जाता है और लोगों को स्व रामानन्द सागर के संवाद से लेकर उनकी सूत्रकार की भूमिका अभी भी याद है। अनेक चैनलों ने और लॉक डाउन में दूरदर्शन ने भी इसका प्रसारण किया था जिसे हर बार सराहा गया था और इसके अमूल द्वारा प्रायोजन से मोटी कमाई भी हुई थी।

## फिल्म जगत

# सर्वाइकल कैंसर से पीड़ित मॉडल पूनम पांडे का निधन



**लोकप्रिय** अभिनेत्री व मॉडल पूनम पांडे का सर्वाइकल कैंसर के चलते निधन हो गया है। अभिनेत्री के निधन की खबर सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करके दी गई है। पूनम की मौत ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। बॉलीवुड एक्ट्रेस और मॉडल पूनम पांडे का निधन हो गया है। इस बारे में पूनम पांडे के इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट किया गया है। इस पोस्ट में कहा गया है, 'आज की सुबह हम सभी के लिए एक सदमा है। हमारी प्यारी पूनम पांडे, जो कैंसर से जूझ रही थीं, हमें छोड़कर चली गईं।' इस पोस्ट में यह भी लिखा है कि पूनम पांडे को सर्वाइकल कैंसर था। 9 से 14 साल की लड़कियों के लिए मुफ्त टीकाकरण की घोषणा। इसलिए नेटिजन्स में पूनम पांडे की मौत की पोस्ट की चर्चा हो रही है। पूनम पांडे हमेशा किसी न किसी वजह से चर्चा में रहती हैं। कोरोना काल के दौरान उन्होंने बोल्ड तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। वर्ष 2011 में क्रिकेट वर्ल्ड कप के दौरान उन्होंने ये एलान कर तहलका मचा दिया था कि अगर भारतीय टीम जीती तो वो नग्न हो जाएंगी।